# एडिटोरियल क्विज़



## जून 2025


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida | 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi | 21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi | Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh | Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan | Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow | 12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh |

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार के मज़बूत फोकस और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी ने स्थानीय रक्षा विनिर्माण को काफी बढ़ावा दिया है तथा केंद्र के रक्षा बजट को अनुकूलित किया है।

**कथन-II:** रक्षा व्यवसाय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा 74% है, जिसकी मंजूरी स्वचालित मार्ग से दी जाती है।

**कथन-III:** भारत में सरकारी मार्ग से 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है, बशर्ते इससे आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुँच हो।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं

B. कथन I और कथन II दोनों सही हैं तथा कथन I कथन II की व्याख्या करता है

C. कथन II और III में से केवल एक ही सही है तथा वह कथन I की व्याख्या करता है

D. न तो कथन II न ही कथन III सही है

2. **मौद्रिक नीति समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मुद्रास्फीति को लक्षित सीमा के भीतर रखने के लिये बेंचमार्क नीति दर (रेपो दर) निर्धारित करता है।
2. वर्ष में कम से कम चार बार बैठक करना आवश्यक है।
3. प्रत्येक MPC सदस्य के पास एक वोट होता है तथा बराबरी की स्थिति में गवर्नर निर्णायक वोट डालता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

3. **इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) शब्द का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. वैश्विक इंटरनेट कवरेज प्रदान करने वाले उपग्रहों का एक नेटवर्क

B. एक कंप्यूटिंग अवधारणा जहाँ दैनिक भौतिक वस्तुएँ इंटरनेट से जुड़ी होती हैं और अन्य उपकरणों के लिये स्वयं को पहचान सकती हैं

C. वेब विकास के लिये उपयोग की जाने वाली एक प्रोग्रामिंग भाषा

D. बड़े पैमाने पर डेटा बैकअप के लिये एक क्लाउड स्टोरेज सेवा

4. **उन्नत भारत अभियान योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसे वर्ष 2014 में शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य समग्र ग्राम विकास के लिये मानव और आर्थिक विकास को एकीकृत करना है।
2. उन्नत भारत अभियान (UBA) 1.0 में संस्थानों को भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था, जबकि UBA 2.0 के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (HEI) को स्वेच्छा से कम से कम पाँच गाँवों को गोद लेना आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1और न ही 2

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कहा गया है कि ब्रह्माण्ड लम्बे समय तक विस्तार और संकुचन के चक्रों से गुजरता रहता है, जबकि कुल मिलाकर यह काफी सीमा तक अपरिवर्तित रहता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

2. यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड अनंत काल से अस्तित्व में है और इसमें पदार्थ निर्माण और विस्तार की आवधिक घटनाएँ होती रहती हैं।
3. पदार्थ का निर्माण स्थानीयकृत, गैर-एकवचन घटनाओं के रूप में निरंतर होता रहता है, जिन्हें 'मिनी-बैंग' या सृजन घटनाएँ कहा जाता है, जो ब्रह्मांड में रुक-रुक कर घटित होती हैं तथा एक भी मूल बिंदु को नजरअंदाज करती हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत उपरोक्त विवरण से सबसे बेहतर मेल खाता है?**

1. अर्ध-स्थिर अवस्था ब्रह्माण्ड विज्ञान सिद्धांत
2. बिग बैंग थ्योरी
3. चक्रीय या दोलनशील ब्रह्मांड सिद्धांत
4. इनमे से कोई भी नहीं

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उनका विवाह 1733 में मालवा के शासक और होल्कर वंश के संस्थापक मल्हार राव होल्कर के बेटे से हुआ था।
2. उन्होंने मध्य प्रदेश के महेश्वर को होल्कर वंश की राजधानी बनाया।
3. उन्होंने खुशाली राम, मराठी कवि मोरोपंत और शाहिर अनंतफंडी जैसे विद्वानों का संरक्षण किया।
4. उन्होंने महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया और सती प्रथा जैसी प्रथाओं का विरोध किया, साथ ही भील, गोंड जनजातियों और निचली जातियों का उत्थान किया।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. अहिल्याबाई होल्कर
B. महारानी तुकोजी राव होल्कर
C. महारानी गौतम बाई होल्कर
D. रानी दुर्गावती

**7. केंद्रीय बजट 2025-26 में समुद्री क्षेत्र के लिये निम्नलिखित में से कौन-सी पहल की घोषणा की गई थी?**

1. समुद्री विकास निधि (MDF)
2. शिप ब्रेकिंग क्रेडिट नोट योजना
3. इन्फ्रास्ट्रक्चर हार्मोनाइज्ड मास्टर लिस्ट (HML)

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**8. राष्ट्रपति शासन के संबंध में, निम्नलिखित विधान विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत लगाया जाता है।
2. इसे राज्यपाल की रिपोर्ट की आवश्यकता के बिना राष्ट्रपति के विवेक पर लगाया जा सकता है।
3. राष्ट्रपति शासन की घोषणा को दो महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**9. फर्स्ट-पर्सन-व्यू (FPV), फाइबर-ऑप्टिक FPV, मैगुरा, THeMIS शब्द हाल ही में किस संदर्भ में चर्चा में थे?**

A. रक्षा अनुप्रयोगों के लिये उन्नत ड्रोन और मानवरहित प्रणालियों का विकास।
B. अंतरिक्ष अन्वेषण और उपग्रह प्रौद्योगिकी में नवाचार।
C. कृषि मशीनरी का आधुनिकीकरण और सटीक खेती।
D. दूरसंचार और उच्च गति इंटरनेट बुनियादी ढाँचे में सफलता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

10. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टीका रोग उत्पन्न किये बिना, वायरस या बैक्टीरिया जैसे विशिष्ट रोगाणुओं को पहचानने और उनसे लड़ने हेतु प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है।
2. SARS-CoV-2 और इन्फ्लूएंज़ा जैसे वायरस बार-बार म्यूकोसल पुनः संक्रमण का कारण बनते हैं, क्योंकि वे प्रतिरक्षा प्रणाली के प्रतिक्रिया करने से पहले ही तेज़ी से फैल जाते हैं।
3. वायरल वेक्टर कोविड-19 वैक्सीन, कोरोना वायरस से आनुवंशिक सामग्री को मानव कोशिकाओं में पहुँचाने के लिये एक हानिरहित वायरस का उपयोग करती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

11. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि समुद्री मार्ग से व्यापार होने वाले कुल तेल का लगभग पाँचवाँ हिस्सा इसके माध्यम से होकर गुज़रता है।
2. यह ईरान और ओमान को अलग करता है।
3. कतर द्वारा उत्पादित लगभग सभी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के परिवहन का मार्ग यही है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है ?**

A. मलक्का जलडमरूमध्य
B. होर्मुज जलडमरूमध्य
C. बाब अल-मन्देब जलडमरूमध्य
D. बोस्फोरस जलडमरूमध्य

12. **हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन के संभावित कारक निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?**

1. उच्च ऊँचाई, अस्थिर ढलानों के साथ, ऊबड़-खाबड़ ज़मीन।
2. भारी मानसूनी वर्षा और ग्लेशियरों से तेजी से बर्फ के पिघलने से मृदा में नमी बनी रहती है जिससे अस्थिरता बढ़ जाती है।
3. असंगठित मलबा (चट्टानी टुकड़े, हिमोढ़) और कमज़ोर चट्टानी संरचनाएँ, जो आसानी से खिसक सकती हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

13. **निम्नलिखित में से कौन संगम साहित्य का हिस्सा है ?**

1. तोलकाप्पियम्
2. एतुत्तौके
3. पदिनेकिल्लकणक्कु
4. कीलादी

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2, और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

14. **हाल ही में समाचारों में देखा गया "हॉट मनी" शब्द सर्वश्रेष्ठ रूप में किसे दर्शाता है ?**

A. बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में दीर्घकालिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
B. अल्पकालिक पूंजी प्रवाह जो उच्च रिटर्न की तलाश में देशों के बीच तेज़ी से स्थानांतरित होता है
C. उद्योगों में केवल हीटिंग और ऊर्जा प्रयोजनों के लिये प्रयुक्त धन
D. मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिये आवंटित निधियाँ

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**15. सिक्किम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तुमलोंग की संधि (1861) के तहत सिक्किम ब्रिटिश भारत का संरक्षित राज्य बन गया।
2. 35वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1974 ने सिक्किम की संरक्षित राज्य की स्थिति समाप्त कर उसे भारत का 'सहयोगी राज्य' घोषित किया।
3. हाल ही में, यह पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त करने वाला पहला राज्य बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**16. प्रोजेक्ट टाइगर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 1973 में शुरू किया गया था।
2. यह बाघों के एक्स-सीटू (बाह्य-स्थान) संरक्षण के लिये बाघ आवास राज्यों को केंद्रीय सहायता प्रदान करता है।
3. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA), जिसे वर्ष 2005 में टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था, इसकी क्रियान्वयन एजेंसी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें कोई भी नहीं

**17. कौशल भारत कार्यक्रम (SIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत वर्ष 2015 में शुरू की गई एक कौशल विकास पहल है।
2. SIP के अंतर्गत सभी पाठ्यक्रम और प्रमाणन राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) के अनुरूप हैं।
3. इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी पाठ्यक्रम और प्रमाणपत्र डिजिलॉकर के साथ एकीकृत हैं, जिससे औपचारिक मान्यता सुनिश्चित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**18. निम्नलिखित पर विचार कीजिये**

| | पहल | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | अदिति योजना | महत्त्वपूर्ण एवं रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को प्रोत्साहित करना। |
| 2. | प्रौद्योगिकी विकास निधि (TDF) | रक्षा प्रौद्योगिकियों के विकास के लिये MSME और स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिये DRDO द्वारा संचालित। |
| 3. | सृजन पोर्टल | भारतीय उद्योग द्वारा स्वदेशीकरण के लिये आयातित वस्तुओं को सूचीबद्ध करने वाला ऑनलाइन प्लेटफॉर्म। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितनी सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**19. खुले बाज़ार परिचालन (OMO) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों और ट्रेजरी बिलों की एक साथ खरीद एवं बिक्री है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

2. इसका संचालन RBI द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से किया जाता है और इसमें जनता के साथ कोई सीधा लेन-देन शामिल नहीं होता है।
3. यह तरलता की स्थिति को स्थिर करने के लिये RBI द्वारा नियोजित गुणात्मक उपकरणों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**20. फ्लैग ऑफ कन्वीनियंस (FoC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें जहाजों को, जहाज़ मालिकों के देश के अलावा किसी अन्य देश में पंजीकृत किया जाता है, ताकि अधिक उदार विनियामक व्यवस्थाओं का लाभ उठाया जा सके।
2. संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS) के प्रावधानों के तहत इसे अवैध माना जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**21. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत अपने कंपनी अधिनियम, 2013 के माध्यम से CSR को अनिवार्य बनाने वाला पहला देश था।
2. 5 करोड़ रुपये या उससे अधिक शुद्ध लाभ वाली कंपनियों को अपने लाभ का 2% सामाजिक कार्यों के लिये दान करना होगा।
3. CSR खर्च को आम तौर पर सरकारी कोष में योगदान देने से प्रतिबंधित किया जाता है, पीएम केयर्स फंड जैसे विशिष्ट फंड को छोड़कर, जिन्हें स्पष्ट रूप से अनुमति दी गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य म्याँमार के साथ सीमा साझा करता है?**

1. अरुणाचल प्रदेश
2. नगालैंड
3. मणिपुर
4. सिक्किम

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1,2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**23. भारत पूर्वानुमान प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका विकास भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे द्वारा किया गया है, और इसे भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।
2. इसे वर्ष 2022 से प्रायोगिक रूप में परीक्षण किया गया है और अब उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग समर्थन के साथ पूरे देश में संचालन के लिये तैयार किया जा रहा है।
3. यह प्रणाली स्थानीयकृत चरम मौसम घटनाओं, जैसे कि बादल फटना और अचानक आने वाली बाढ़, का अधिक सटीक रूप से पता लगाने की सुविधा प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**24. GM सरसों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11) स्वदेशी रूप से विकसित की गई एक ट्रांसजेनिक सरसों की किस्म है।
2. यह भारतीय सरसों की किस्म 'वरुणा' और पूर्वी यूरोपीय किस्म 'अर्ली हीरा-2' के संकरण का परिणाम है।
3. इसमें दो विदेशी जीन शामिल हैं, जिन्हें बैसिलस एमाइलोलिकेफैसिएन्स नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है, जो पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले सबसे आशाजनक जीवाणुओं में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**25. इरुसिक एसिड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक प्रकार का फैटी एसिड है जो मुख्य रूप से भारतीय सरसों से निकाले गए सरसों के तेल में पाया जाता है।
2. उच्च इरुसिक एसिड वाला सरसों का तेल मानव उपभोग के लिये अनुपयुक्त माना जाता है क्योंकि यह हृदय रोग उत्पन्न कर सकता है और यकृत को नुकसान पहुँचा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**26. "ऑपरेशन स्पाइडर्स वेब" के संबंध में निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिये:**

1. इसे यूक्रेन द्वारा लॉन्च किया गया था, जिसमें ड्रोन का उपयोग करके रूसी क्षेत्र के भीतर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था।
2. इस ऑपरेशन में उपयोग किये गए ड्रोन फर्स्ट-पर्सन व्यू (FPV) ड्रोन थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**27. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | हाइड्रोजन के प्रकार | उत्पादन विधि |
|---|---|---|
| 1. | ग्रे हाइड्रोजन | कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये प्राकृतिक गैस या कोयला गैसीकरण को कार्बन कैप्चर स्टोरेज (CCS) के साथ संयोजित किया जाता है। |
| 2. | ब्लू हाइड्रोजन | कोयला या लिग्नाइट गैसीकरण अथवा प्राकृतिक गैस की स्टीम मीथेन रिफॉर्मिंग (SMR)। |
| 3. | ग्रीन हाइड्रोजन | नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त विद्युत् का उपयोग कर जल का इलेक्ट्रोलिसिस। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**28. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MPC में छह सदस्य होते हैं, जिनमें से सभी को केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. MPC की बैठक के लिये न्यूनतम सदस्य संख्या (कोरम) चार सदस्य होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. मतदान प्रक्रिया में वोट बराबर होने पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर के पास निर्णायक वोट का अधिकार होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2024 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए पवन और सौर ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बनकर विश्व की कुल बिजली का 10% उत्पादन किया।
2. भारत का केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (CERC) सौर ऊर्जा टैरिफ निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**30. इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और IT मंत्रालय (MeitY) के तहत वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया था।
2. यह डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के भीतर एक स्वतंत्र व्यवसाय प्रभाग के रूप में कार्य करता है और इसके पास पूर्ण प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियाँ हैं।
3. यह सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत अनुमोदित योजनाओं के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**31. नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2015 में योजना आयोग के नीति आयोग में रूपान्तरण के बाद केंद्र-से-राज्य एकतरफा नीति प्रवाह की जगह सहयोगात्मक साझेदारी ने ले ली।
2. आकांक्षी ज़िला एवं ब्लॉक कार्यक्रम अविकसित क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये नीति आयोग की एक पहल है।
3. नीति आयोग की वार्षिक गवर्निंग काउंसिल बैठक केंद्र और राज्यों के राजनीतिक नेतृत्व के लिये राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करने हेतु प्राथमिक मंच के रूप में कार्य करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**32. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह केवल असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों पर लागू होता है।
2. इसमें जनजातीय क्षेत्रों के भीतर स्वायत्त ज़िलों और स्वायत्त प्रदेशों के निर्माण का प्रावधान है।
3. छठी अनुसूची के अंतर्गत ज़िला या क्षेत्रीय परिषदों द्वारा बनाए गए कानूनों को प्रभावी होने के लिये राष्ट्रपति की स्वीकृति की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025

SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025

SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स

SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप

SCAN ME

**33. चक्रीय अर्थव्यवस्था (CE) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समुत्थानशीलता, पुन:उपयोग और पुनर्चक्रण के लिये उत्पादों के डिज़ाइन पर ध्यान केंद्रित करता है, तथा यह सुनिश्चित करता है कि अधिकांश वस्तुओं का पुन:निर्माण, पुनर्चक्रण या ऊर्जा पुनर्प्राप्ति के लिये पुन:प्रयोजन किया जाए।
2. भारत अभी तक ग्लोबल अलायंस ऑन सर्कुलर इकोनॉमी एंड रिसोर्स एफिशिएंसी (GACERE) में शामिल नहीं हुआ है, क्योंकि वह अपने घरेलू निर्माताओं के हितों की रक्षा करना चाहता है।
3. हनोई 3R घोषणा (2013-2023) में संसाधन-कुशल और वृत्ताकार अर्थव्यवस्था के लिये 33 स्वैच्छिक लक्ष्य निर्धारित किये गए।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 30 सभी नागरिकों को अपनी भाषा के संरक्षण का अधिकार देता है तथा भाषा के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है।
2. अनुच्छेद 120 संसद के कार्यों के लिये हिंदी या अंग्रेज़ी के प्रयोग का प्रावधान करता है, लेकिन संसद सदस्यों को अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति का अधिकार देता है।
3. अनुच्छेद 350A के तहत राज्यों और स्थानीय प्राधिकारियों को भाषाई अल्पसंख्यक बच्चों के लिये मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**35. कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 के तहत शुरू किया गया था, जिससे पहले की प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना को प्रतिस्थापित किया गया।
2. यह एक बाज़ार-आधारित तंत्र है और इसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की कीमत तय कर भारत की अर्थव्यवस्था को कार्बन-मुक्त बनाना तथा कार्बन व्यापार को प्रोत्साहित करना है।
3. यह योजना ऊर्जा-गहन उद्योगों जैसे बिजली क्षेत्र, लौह एवं इस्पात, और सीमेंट उद्योग को शामिल करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**36. ब्रीडर रिएक्टर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक परमाणु रिएक्टर होता है जो उपजाऊ पदार्थ की विकिरण प्रक्रिया के माध्यम से जितना विखंडनीय पदार्थ उपभोग करता है, उससे अधिक उत्पन्न करता है।
2. इन्हें विद्युत उत्पादन के लिये परमाणु ईंधन की आपूर्ति को लंबी अवधि तक बनाए रखने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

37. **पीएम-प्रणाम योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उर्वरकों के सतत् और संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने में राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को पूरक बनाने के लिये वर्ष 2023-24 के बजट में इसकी घोषणा की गई थी।
2. जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने रासायनिक उर्वरक उपभोग को पिछले तीन वर्षों के औसत से कम कर देंगे, उन्हें उर्वरक सब्सिडी से 50% बचत प्राप्त होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से -सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

38. **चिनाब नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहौल और स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय से होता है।
2. यह चंद्रा और भागा नदियों के संगम से बनी है।
3. चिनाब नदी पर बना पुल विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

39. **कुल प्रजनन दर (TFR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 15-49 वर्ष की आयु के बीच एक महिला द्वारा जन्म दिये जाने वाले बच्चों की औसत संख्या है, यदि वर्तमान प्रजनन दर स्थिर रहे और कोई मृत्यु न हो।
2. 2.1 की कुल प्रजनन दर को प्रतिस्थापन स्तर माना जाता है, जहाँ प्रत्येक पीढ़ी बिना किसी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के स्वयं को प्रतिस्थापित कर लेती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. **प्राय: खबरों में दिखने वाले आदि, न्यीशी और अपातानी जनजातीय समूह निम्नलिखित में से किस राज्य में पाए जाते हैं ?**

A. अरुणाचल प्रदेश
B. असम
C. नगालैंड
D. मेघालय

41. **संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत भारतीय संसद की शक्तियाँ क्या हैं ?**

1. यह किसी मौजूदा राज्य से क्षेत्र अलग करके एक नया राज्य बना सकता है।
2. यह किसी भी राज्य की सीमाओं को बदल सकता है।
3. यह किसी भी राज्य का नाम बदल सकता है।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1
4. 1, 2 और 3

42. **इथेनॉल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीनी निर्माण का एक उपोत्पाद, गुड़, आमतौर पर इथेनॉल के उत्पादन का मुख्य स्रोत है।
2. उत्पादन प्रक्रिया में खमीर द्वारा शर्करा का किण्वन या एथिलीन हाइड्रेशन जैसी पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से किण्वन शामिल है।
3. यह एक दहनशील पदार्थ है और इसका दहन तापमान गैसोलीन से कम होता है, जिससे यह अधिक स्वच्छ जलने वाला विकल्प बन जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई नहीं

**43. सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) और साझेदार बैंकों द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. क्रिप्टोकरेंसी की तरह, वे कागजी मुद्रा के डिजिटल रूप में कार्य करते हैं और नियामक शून्य में कार्य करते हैं।
3. इनका लेन-देन ब्लॉकचेन समर्थित वॉलेट्स का उपयोग करके किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई नहीं

**44. प्रश्न. शिक्षा का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2009 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक नि:शुल्क होगी, भले ही बच्चा 14 वर्ष से अधिक का हो।
2. सहायता प्राप्त विद्यालयों को प्राप्त धनराशि के अनुपात में, न्यूनतम 25% के अधीन, नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करानी होगी।
3. अधिनियम के प्रावधानों के तहत किसी भी बच्चे को किसी भी कक्षा में रोका नहीं जा सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रीनवाशिंग शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?**

A. एक प्रक्रिया जिसमें कंपनियाँ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में निवेश करके अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करती हैं।
B. एक विपणन रणनीति जिसमें एक कंपनी पर्यावरण के लिये हानिकारक प्रथाओं में संलग्न रहते हुए भी स्वयं को पर्यावरण के अनुकूल के रूप में प्रचारित करती है।
C. उत्पादन लागत कम करने के प्रयास में अपशिष्ट पदार्थों को पुन: चक्रित करने हेतु कंपनियों द्वारा उपयोग की जाने वाली रणनीति।
D. किसी कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला के पर्यावरणीय प्रभाव की लेखापरीक्षा और सुधार की प्रक्रिया।

**46. अक्सर समाचारों में आने वाले शब्द क्वांटम एंटैंगलमेंट (Quantum Entanglement) निम्नलिखित में से किस-से संबंधित है:**

A. क्वांटम एंटैंगलमेंट एक ऐसी घटना है जहाँ दो या अधिक कणों की अवस्थाएँ आपस में इस तरह जुड़ी होती हैं कि एक कण की अवस्था दूसरे को प्रभावित करती है, चाहे उनके बीच की दूरी कितनी भी हो।
B. क्वांटम एंटैंगलमेंट वह प्रक्रिया है जिसमें दो कण एक ही भौतिक स्थान साझा करते हैं।
C. क्वांटम एंटैंगलमेंट तब होता है जब दो कण एक क्लासिकल कनेक्शन के माध्यम से ऊर्जा का आदान-प्रदान करते हैं।
D. क्वांटम एंटैंगलमेंट तब होता है जब कण अपनी विशेषताओं को खो देते हैं और एक एकल इकाई बन जाते हैं।

**47. पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य छतों पर सोलर पैनल लगाकर एक करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है, जिसमें प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली उपलब्ध कराई जाएगी तथा स्थापना लागत पर 40% सब्सिडी दी जाएगी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. इसमें केवल भारत में निर्मित सोलर सेल और मॉड्यूल का उपयोग अनिवार्य किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विखंडन एक प्रक्रिया है जिसमें एक परमाणु का नाभिक दो या अधिक छोटे नाभिकों और कुछ उपोत्पादों में विभाजित हो जाता है।
2. संलयन को कई छोटे नाभिकों के एक बड़े नाभिक में संयोजन के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप भारी मात्रा में ऊर्जा उत्सर्जित होती है।
3. विखंडन की प्रक्रिया सूर्य को ईंधन प्रदान करती है तथा संभवत: यह ऊर्जा का एक अंतहीन, स्वच्छ स्रोत प्रदान कर सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**49. अरावली पर्वतमाला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गुजरात से राजस्थान होते हुए दिल्ली तक फैला हुआ है।
2. राजस्थान में अरावली पर्वत दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित है, सांभर सिरोही श्रेणी और सांभर खेतड़ी श्रेणी।
3. माउंट आबू इस पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**50. DIGIPIN के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत को 4 मीटर x 4 मीटर के ग्रिडों में विभाजित करता है, जिनमें से प्रत्येक में 10-अक्षरों का अल्फान्यूमेरिक कोड होता है।
2. यह भू-स्थानिक संदर्भ के लिये अक्षांश और देशांतर निर्देशांक का उपयोग करता है।
3. इसे ऑफलाइन कार्य करने के लिये डिज़ाइन किया गया है तथा इसके प्रोग्रामिंग कोड को डिकोड करने और कोड प्राप्त करने के लिये सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**51. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बाबा कल्याणी के नेतृत्व में समिति गठित की गई थी।
2. एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (EPZ) वर्ष 1965 में गुजरात के कांडला में स्थापित किया गया था।
3. भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SEZ) के अपने नियम हैं और उन पर भारतीय कानून लागू नहीं होते।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 85 राष्ट्रपति को संसद के प्रत्येक सदन को बुलाने का अधिकार देता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सत्रों के बीच छह महीने से अधिक का अंतराल न हो।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

2. भारतीय संविधान में संसदीय सत्र आयोजित करने के लिए किसी विशिष्ट स्थान का प्रावधान नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**53. अक्सर समाचारों में देखा जाने वाला "इंडिया स्टैक" को सर्वोत्तम रूप से इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है:**

A. डेटा संग्रहण के लिये क्लाउड-आधारित कंप्यूटिंग सिस्टम।
B. भारत में कागज़ रहित, उपस्थिति रहित और नकद रहित सेवा वितरण को सक्षम करने के लिये API का एक सेट।
C. भारत में ऑनलाइन शॉपिंग के लिये एक मोबाइल ऐप।
D. सरकारी सेवाओं के लिए एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म।

**54. खसरे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह RNA वायरस के कारण होता है।
2. राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान का लक्ष्य 100% टीकाकरण कवरेज के माध्यम से वर्ष 2026 तक भारत में खसरे को समाप्त करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2005 में अधिनियमित किया गया था तथा इसका नोडल मंत्रालय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय था।
2. यदि अनुरोध करने पर 15 दिनों के भीतर रोज़गार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो श्रमिक बेरोज़गारी भत्ते के हकदार होंगे।
3. लाभार्थियों में कम से कम एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है।
2. यह उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
3. FSSAI की "डाइट4लाइफ" पहल का उद्देश्य चयापचय विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/ हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई नहीं

**57. अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अरावली पर्वत श्रृंखला के 700 किलोमीटर क्षेत्र में पुन: वनरोपण करना है।
2. इसे अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल परियोजना के आधार पर तैयार किया गया है, जो साहेल क्षेत्र के पुनरुद्धार पर केंद्रित है।
3. इसका एक उद्देश्य पूर्व की ओर थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**58. जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2027 की जनगणना, स्वतंत्रता के बाद जातिगत आँकड़े शामिल करने वाली पहली जनगणना होगी।
2. भारत में पहली समकालिक जनगणना वर्ष 1881 में आयोजित की गई थी।
3. जनगणना का संचालन महापंजीयक कार्यालय द्वारा किया जाता है, जो सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**59. साइबर सुरक्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक (NCSC) भारत में विभिन्न एजेंसियों के बीच साइबर सुरक्षा प्रयासों के समन्वय के लिये ज़िम्मेदार है।
2. "साइबर स्वच्छता केंद्र" CERT-In द्वारा प्रदान की गई एक सेवा है जो नागरिकों को मैलवेयर हटाने और दुर्भावनापूर्ण प्रोग्रामों का पता लगाने में सहायता करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना वर्ष 1988 में एक गैर-सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी और SEBI अधिनियम, 1992 के तहत यह एक सांविधिक निकाय बन गया।
2. "निवेशक शिविर" SEBI की एक पहल है जिसका उद्देश्य दावा न किये गए लाभांश और शेयरों को पुन: प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को प्रतिबंधित करने का वैध आधार हींनहै ?**

1. मानहानि।
2. अनुसूचित जनजातियों का संरक्षण।
3. विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखना।
4. न्यायालय की अवमानना।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 4

B. केवल 2

C. केवल 1 और 4

D. 1, 2, और 3

**62. SAMARTH के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वस्त्र मंत्रालय की एक प्रमुख कौशल विकास योजना है।
2. यह योजना केवल कताई और बुनाई क्षेत्रों के लिये सहायता प्रदान करती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

63. **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इसका उद्देश्य समाज के कमज़ोर वर्गों को समान अवसर सुनिश्चित करते हुए मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएँ प्रदान करना है।
   2. यह देश भर में कानूनी कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरणों (DLSA) को दिशानिर्देश जारी करता है।

   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**
   1. केवल 1
   2. केवल 2
   3. 1 और 2 दोनों
   4. न तो 1 और न ही 2

64. **निम्नलिखित में से कौन-से संकेतक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के प्रमुख रोज़गार-बेरोज़गारी संकेतकों में शामिल हैं ?**
   1. श्रम बल भागीदारी दर (LFPR)
   2. श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR)
   3. बेरोज़गारी दर (UR)
   4. लिंग वेतन अंतर

   **निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**
   1. केवल 1, 2 और 3
   2. केवल 1, 3 और 4
   3. केवल 1 और 2
   4. उपर्युक्त सभी

65. **आर्कटिक क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR) भारत के आर्कटिक अनुसंधान के लिये प्रमुख एजेंसी है।
   2. भारत ने स्वालबार्ड आर्कटिक अनुसंधान बेस पर हिमाद्रि अनुसंधान केंद्र की स्थापना की है।
   3. भारत आर्कटिक परिषद का प्रेक्षक राष्ट्र है और इसके छह कार्य समूहों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है।
   4. भारत ने गुवेबडैट में अपनी उत्तरीतम वायुमंडलीय प्रयोगशाला स्थापित की है, जो बादलों, वर्षा, प्रदूषकों और वायुमंडलीय मानकों का अध्ययन करने के लिये सुसज्जित है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**
   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. केवल तीन
   D. सभी चार

66. **न्यायाधीशों को पद से हटाने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अनुच्छेद 124 के तहत पद से हटाया जाता है, जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिये वही प्रक्रिया अनुच्छेद 218 के तहत लागू होती है।
   2. न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया का विवरण प्रदान करता है।
   3. पद से हटाने के कारणों में सिद्ध दुराचार, अक्षमता, या अन्य कारक जैसे प्रदर्शन मानकों को पूरा करने में विफलता अथवा विश्वासघात शामिल हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**
   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई भी नहीं

67. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौतों के अंतर्गत सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र (MFN) का प्रावधान सभी व्यापारिक भागीदारों के साथ समान व्यवहार करना अनिवार्य करता है, जिसके तहत किसी एक देश को दिया गया विशेष लाभ सभी सदस्य देशों को प्रदान किया जाना चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. राष्ट्रीय व्यवहार का प्रावधान यह सुनिश्चित करता है कि किसी विदेशी वस्तु, सेवा, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और पेटेंट को बाज़ार में प्रवेश करने के बाद स्थानीय वस्तुओं और सेवाओं के समान ही व्यवहार प्राप्त हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**68. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | पद | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | APIs | किसी औषधि में सक्रिय घटक जो चिकित्सीय प्रभाव उत्पन्न करते हैं। |
| 2. | बायोसिमिलर | सजीव जीवों से प्राप्त दवाइयाँ (जैसे, टीके, एंटीबॉडीज़)। |
| 3. | बायोलॉजिक्स | पेटेंट समाप्ति के बाद जैविक उत्पादों के लागत प्रभावी संस्करण विकसित किये गए। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितनी सही है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में कोई नहीं

**69. भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है।
2. इसके अध्यक्ष की नियुक्ति उद्योग जगत की सिफारिशों के आधार पर प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
3. गुणवत्ता समर्पण पहल MSME के लिये डिजिटल मान्यता पहुँच बढ़ाने और गुणवत्ता मानकों के प्रति सार्वजनिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने हेतु QCI की एक पहल है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70. निकेल के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निकेल निष्कर्षण एक ऊर्जा-प्रधान प्रक्रिया है जिसमें कार्बन, निकेल ऑक्साइड से ऑक्सीजन को हटाता है, जिससे शुद्ध निकेल और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है।
2. इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिये लिथियम-आयन बैटरियों में एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व के रूप में, निकल स्वच्छ ऊर्जा का समर्थन करता है, लेकिन इसके कार्बन-गहन निष्कर्षण के साथ पर्यावरणीय लागत भी छिपी हुई है।
3. चूँकि भारत के पास कोई निकल भंडार नहीं है, इसलिये यह पूरी तरह से आयात पर निर्भर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**71. परिसीमन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उच्चस्तरीय तीन-सदस्यीय निकाय है, जिसके आदेशों को कानूनी मान्यता प्राप्त होती है और इन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
2. इसमें सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश, जिनमें से एक को केंद्र सरकार द्वारा अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तथा मुख्य चुनाव आयुक्त को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है।
3. इसके आदेश लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के समक्ष प्रस्तुत किये जाते हैं, लेकिन इन्हें संशोधित नहीं जा सकता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**72. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा सुरक्षा परिषद में 10 अस्थायी सदस्यों को दो वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है, जिनकी सीटें क्षेत्रीय आधार पर वितरित की जाती हैं।
2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एकमात्र ऐसा संयुक्त राष्ट्र निकाय है जिसके निर्णयों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत लागू करना सदस्य देशों के लिये अनिवार्य है।
3. भारत वर्ष 2025-26 तक परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधी समिति के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**73. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **अधिनियम/नियम** | | **विशेषताएँ** |
|---|---|---|---|
| A. | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 | 1. | गैर-पुन:चक्रणीय बहु-स्तरीय प्लास्टिक को चरणबद्ध रूप से हटाया गया और उत्पादक पंजीकरण की प्रक्रिया केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अंतर्गत शुरू की गई। |
| B. | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2018 | 2. | 2022 तक एकल-प्रयोग प्लास्टिक (Single-use plastics) पर प्रतिबंध लगाया गया और प्लास्टिक बैग की मोटाई को 120 माइक्रॉन तक बढ़ाया गया। |
| C. | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 | 3. | विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (Extended Producer Responsibility- EPR) की शुरुआत की गई और प्लास्टिक बैग की न्यूनतम मोटाई को 50 माइक्रॉन तक बढ़ाया गया। |
| D. | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022 | 4. | पुन:चक्रण के लिये अनिवार्य लक्ष्य निर्धारित किये गए और चक्रीय अर्थव्यवस्था (Circular Economy) को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया। |

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. A - 3, B - 1, C - 2, D - 4

B. A - 1, B - 3, C - 4, D - 2

C. A - 3, B - 2, C - 1, D - 4

D. A - 2, B - 4, C - 3, D - 1

**74. बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत स्थापित एक वैधानिक और स्वायत्त निकाय है।
2. यह भारत में कानूनी शिक्षा और कानूनी अभ्यास को नियंत्रित करता है तथा अधिवक्ताओं पर अनुशासनात्मक प्राधिकार का प्रयोग करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. भारत के अटॉर्नी जनरल और भारत के सॉलिसिटर जनरल BCI के पदेन सदस्य हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**75. मौद्रिक नीति समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत स्थापित एक वैधानिक और संस्थागत ढाँचा है, जैसा कि वर्ष 2014 में उर्जित पटेल समिति द्वारा अनुशंसित किया गया था।
2. वित्त मंत्री समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं।
3. एमपीसी ने मुद्रास्फीति लक्ष्य 4% ± 2% को पूरा करने के लिये रेपो दर निर्धारित की है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवलदो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76. सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्रीय बैंक द्वारा डिजिटल रूप में जारी की गई एक वैध मुद्रा है।
2. इसका लेन-देन ब्लॉकचेन समर्थित वॉलेट्स का उपयोग करके किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**77. डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट (DPDP एक्ट), 2023 में निम्नलिखित में से कौन शामिल हैं ?**

1. व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच, सुधार और उसे मिटाने के अधिकार प्रदान करता है।
2. डेटा प्रोसेसिंग के लिये स्पष्ट सहमति प्रपत्र के साथ स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है।
3. सुरक्षा और प्रवर्तन हेतु संवेदनशील डेटा को भारत में ही संग्रहीत और संसाधित किया जाना आवश्यक है।
4. अनुपालन और शिकायत निवारण के लिये भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड (DPBI) की स्थापना की गई।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 3 और 4
3. केवल 1
4. 1, 2, 3 और 4

**78. निम्नलिखित में से कौन-से मापदंड शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने के लिये हैं ?**

1. प्रारंभिक ग्रंथों/प्रलेखित इतिहास की उच्च प्राचीनता, जिसकी अवधि 1500 से 2000 वर्षों से अधिक हो।
2. प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का ऐसा भंडार, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी भाषी समुदायों द्वारा विरासत के रूप में स्वीकार किया गया हो।
3. काव्य के अतिरिक्त गद्य ग्रंथों, अभिलेखीय एवं शिलालेखीय साक्ष्यों सहित ज्ञानपरक साहित्य की उपलब्धता।
4. भाषा का अनेक देशों में राजकीय भाषा के रूप में उपयोग।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**79. शिमला समझौता प्रायः समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

A. भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापारिक संबंध
B. भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंध एवं शांति स्थापना
C. हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरणीय सहयोग
D. भारत और चीन के बीच निरस्त्रीकरण वार्ता

**80. निम्नलिखित में से कौन-से प्रभाव रेपो दर में कमी के संभावित परिणाम हो सकते हैं?**

1. बैंकों के लिये उधार की लागत में कमी, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों को सस्ते ऋण मिलते हैं।
2. बाज़ार में तरलता में वृद्धि, जो निवेश और खर्च को प्रोत्साहित करती है।
3. अधिक जमाराशियों आकर्षित करने के लिये बचत खातों पर ब्याज दरों में वृद्धि।
4. मुद्रा आपूर्ति बढ़ने और ब्याज दरों में गिरावट के कारण देशी मुद्रा का अवमूल्यन।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

**81. बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिये भारत सरकार द्वारा की गई पहलों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, 5 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी देता है।
2. बालक श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के सभी प्रकार के बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाता है।
3. कारखाना अधिनियम 1948, कार्य की प्रकृति की परवाह किये बिना सभी क्षेत्रों में किशोरों के रोज़गार पर प्रतिबंध लगाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**82. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
2. कुनो राष्ट्रीय उद्यान
3. कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य
4. सवाई माधोपुर अभयारण्य
5. राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य

**उपरोक्त में से कितने आधिकारिक तौर पर रणथंभौर टाइगर रिज़र्व का हिस्सा हैं?**

1. केवल दो
2. केवल तीन
3. केवल चार
4. सभी पाँच

**83. चिनाब रेल पुल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक (USBRL) का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ना है।
2. यह विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्क ब्रिज है, जो एफिल टॉवर से भी ऊँचा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**84. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन महामंदी (ग्रेट डिप्रेशन) के बाद संयुक्त राष्ट्र के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का गवर्नर IMF के कार्यकारी बोर्ड का पदेन (ex officio) सदस्य होता है।
3. IMF सदस्य देशों को उनके भुगतान संतुलन (BoP) में व्याप्त असंतुलन को दूर करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**85. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व व्यापार संगठन (WTO) की स्थापना वर्ष 1995 में मारकेश समझौते (1994) के तहत, उरुग्वे दौर की वार्ताओं के बाद की गई थी।
2. WTO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत एजेंसी है।
3. जनरल काउंसिल WTO की सर्वोच्च स्तरीय निर्णय लेने वाली संस्था है, जिसका मुख्यालय जिनेवा में स्थित है और जो WTO के कार्यों को निष्पादित करने हेतु नियमित रूप से बैठक करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**86. विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट (2025) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) द्वारा जारी की गई है।
2. भारत ने प्रजनन दर को कम करने में प्रगति की है — 1970 में प्रति महिला लगभग पाँच बच्चों से घटकर 2024 में यह दर लगभग दो हो गई है।
3. यह रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि भारत ने अपने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में प्रतिस्थापन स्तर से कम प्रजनन दर प्राप्त कर ली है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**87. कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह भारतीय कार्बन बाज़ार (ICM) के अंतर्गत कार्बन क्रेडिट को विनियमित करने और व्यापार करने के लिये शुरू की गई एक बाज़ार-आधारित व्यवस्था है।
2. इसने PAT योजना को प्रतिस्थापित किया तथा ऊर्जा तीव्रता से ध्यान हटाकर GHG उत्सर्जन तीव्रता को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया और प्रति टन GHG समतुल्य उत्सर्जन की निगरानी करता है।
3. इसका विनियमन विशेष रूप से भारतीय कार्बन बाज़ार हेतु राष्ट्रीय संचालन समिति (NSCICM) द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**88. महत्त्वपूर्ण खनिजों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उच्च तकनीक उद्योगों के लिये महत्त्वपूर्ण खनिजों पर चीन का बढ़ता नियंत्रण वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि कर रहा है।
2. इनकी सीमित उपलब्धता और कुछ क्षेत्रों तक ही उनका संकेन्द्रण होने से आपूर्ति श्रृंखला कमज़ोर हो सकती है तथा प्रमुख उद्योग बाधित हो सकते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

3. भारत ने उपलब्धता, आयात निर्भरता तथा भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि के लिये इनके महत्त्व के आधार पर 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित किया है।

**उपर्युक्त में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**89. प्राय: समाचारों में देखे जाने वाले पद "डार्क पैटर्न" का सर्वोत्तम वर्णन किस रूप में किया जा सकता है ?**

A. वेबसाइटों पर उपयोगकर्त्ता अनुभव को बढ़ाने और नेविगेशन को सरल बनाने की रणनीति।
B. एक डिज़ाइन तकनीक जो उपयोगकर्त्ताओं को ऐसे निर्णय लेने के लिये प्रेरित करती है जो वेबसाइट या ऐप प्रदाता के लाभ में होते हैं, कभी-कभी उपयोगकर्त्ता की पूरी जानकारी के बिना भी।
C. एक यूज़र इंटरफ़ेस एलिमेंट जिसे रिवाड्र्स और उपलब्धियों के माध्यम से उपयोगकर्त्ता की सहभागिता बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
D. किसी वेबसाइट के दृश्यमान डिज़ाइन में हेर-फेर करके उसे अधिक आकर्षक और पेशेवर बनाने का एक तरीका।

**90. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है और प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने हेतु उत्तरदायी है।
2. यह प्रतिस्पर्द्धा-रोधी परिणामों को रोकने के लिये विलय, अधिग्रहण और संयोजनों की समीक्षा कर सकता है।
3. "ग्रीन चैनल" कम जोखिम वाले सौदों को स्वत: मंज़ूरी प्रदान करता है, लेकिन अधिकांश सौदों को वर्तमान में भी दीर्घकालिक समीक्षा का सामना करना पड़ता है, विशेष रूप से बाज़ार प्रभुत्व संबंधी चिंताओं के कारण।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**91. कुल प्रजनन दर (TFR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 15 से 49 वर्ष की आयु के बीच एक महिला द्वारा जन्म दिये जाने वाले बच्चों की औसत संख्या को दर्शाता है, जिसमें वर्तमान प्रजनन दर और मृत्यु दर को शामिल नहीं किया गया है।
2. 2.1 की कुल प्रजनन दर को प्रतिस्थापन स्तर माना जाता है, जहाँ प्रत्येक पीढ़ी बिना किसी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के स्वयं को प्रतिस्थापित कर लेती है।
3. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, भारत में कुल प्रजनन दर घटकर प्रति महिला 2.0 बच्चे से भी कम हो गई है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**92. आक्रामक विदेशी प्रजातियों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये ऐसे जीव हैं जिन्हें उनके मूल निवास क्षेत्र से बाहर नए क्षेत्रों में लाया जाता है, जहाँ वे आत्मनिर्भर आबादी स्थापित करते हैं।
2. ये प्रजातियाँ प्राय: देशी प्रजातियों के साथ सह-अस्तित्व में रहती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अनेक सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

93. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 में देशों द्वारा अपने NDCs (राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान) को पूरा करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाज़ारों के उपयोग का प्रावधान है।
2. राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या अंतर्राष्ट्रीय नीतियों द्वारा विनियमित अनुपालन बाज़ार मुख्य रूप से 'कैप-एंड-ट्रेड' सिद्धांत के तहत संचालित होते हैं, विशेष रूप से यूरोपीय संघ (EU) में।
3. कार्बन क्रेडिट एक व्यापार योग्य परमिट है जो संयुक्त राष्ट्र के मानकों के अनुसार, वायुमंडल से एक टन $CO_2$ को हटाने या कम करने का प्रतिनिधित्व करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

94. **निम्नलिखित में से कौन महत्त्वपूर्ण खनिजों का हिस्सा है?**

1. बेरिलियम
2. इंडियम
3. सोडियम
4. टिन

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 3

B. केवल 1, 2 और 4

C. केवल 3 और 4

D. केवल 1, 2 और 3

95. **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानकर संकलित किया जाता है।
2. CPI बास्केट को उसी आधार वर्ष के भीतर बार-बार अद्यतन किया जाता है ताकि वास्तविक समय में उपभोग पैटर्न में होने वाले परिवर्तनों को समाहित किया जा सके।
3. इसे मूल रूप से श्रमिकों के लिये जीवन यापन की लागत में होने वाले परिवर्तनों को मापने तथा मूल्य परिवर्तनों के अनुसार उनकी मज़दूरी को समायोजित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

96. **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1957 में संयुक्त राष्ट्र की 'एटम्स फॉर पीस' पहल के तहत परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने और इसके सैन्य उपयोग को रोकने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था।
2. यह निरीक्षण संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन की स्थिति में मामलों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा, दोनों को रिपोर्ट कर सकता है।
3. यह भारत के असैन्य परमाणु कार्यक्रम तक IAEA की पहुँच को विस्तृत करता है ताकि अधिक कड़े सत्यापन सुनिश्चित किये जा सकें।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

97. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| मार्ग | जुड़े हुए क्षेत्र |
|---|---|
| A. लाल सागर | भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ता है। |
| B. पनामा नहर | अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है |
| C. होर्मुज जलडमरूमध्य | लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ता है |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

98. **राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में महत्त्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिये एक मज़बूत ढाँचा बनाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था।
2. सिलिकॉन, टेल्यूरियम, इंडियम और गैलियम जैसे महत्त्वपूर्ण खनिजों का उपयोग सौर पैनलों के लिये फोटोवोल्टिक (PV) सेल के उत्पादन में किया जाता है।
3. MMDR अधिनियम, 1957 में संशोधन करके 24 महत्त्वपूर्ण खनिजों को प्रथम अनुसूची के भाग-D में शामिल किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

99. **भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इनका स्वामित्व संयुक्त रूप से केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और प्रायोजक बैंकों के पास है।
2. ये बैंक गोवा और सिक्किम को छोड़कर हर राज्य में कार्य करते हैं।
3. 1 मई 2025 से 'वन स्टेट, वन RRB' नीति लागू होने के साथ, RRB की कुल संख्या घटकर 28 हो गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

100. **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नागर विमानन मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है और इसका गठन राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण तथा भारतीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को मिलाकर किया गया था।
2. यह अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO) द्वारा अनुमोदित मानकों के अनुसार भारतीय हवाई क्षेत्र को नियंत्रित और प्रबंधित करता है।
3. नागर विमानन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिये हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर नागर विमानन अनुसंधान संगठन (CARO) की स्थापना की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

101. **हाल ही में समाचारों में रहा "राइजिंग लायन" ऑपरेशन निम्नलिखित में से किस देश द्वारा शुरू किया गया था?**

A. इज़राइल
B. ईरान
C. सऊदी अरब
D. संयुक्त राज्य अमेरिका

102. **भारत के आदित्य-L 1 मिशन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का पहला सौर मिशन है जिसे सूर्य के क्रोमोस्फीयर और कोरोना का निरंतर निरीक्षण करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. आदित्य-L1 पर सभी पेलोड विशेष रूप से भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA) द्वारा विकसित किये गए हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

103. **भारतीय मानसून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पश्चिमी घाटों को ग्रीष्मकालीन मानसून के मौसम की पहली वर्षा प्राप्त होती है।
2. दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्यत: जून के पहले सप्ताह के आसपास केरल में प्रवेश करता है।
3. उत्तर-पूर्व मानसून शीत ऋतु के प्रारंभ में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा लाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

104. **सिंधु जल संधि (IWT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वर्ष 1960 में कराची में हस्ताक्षरित की गई थी और विश्व बैंक की मध्यस्थता में संपन्न हुई थी।
2. भारत को पश्चिमी नदियों (सिंधु, चेनाब, झेलम) पर पूर्ण नियंत्रण है, जबकि पाकिस्तान पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास, सतलुज) को नियंत्रित करता है।
3. इस संधि के अंतर्गत एक स्थायी सिंधु आयोग और तीन-स्तरीय विवाद समाधान प्रणाली की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

105. **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (IMEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2023 में नई दिल्ली में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन में यूरोपीय संघ और भारत, अमेरिका, सऊदी अरब तथा UAE सहित सात देशों द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (MoU) के माध्यम से घोषित किया गया था।
2. यह कॉरिडोर चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करने का लक्ष्य रखता है, जो पारदर्शी, सतत् और ऋण-मुक्त बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

106. **मलक्का जलडमरूमध्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिंद महासागर में स्थित अंडमान सागर को प्रशांत महासागर में स्थित दक्षिण चीन सागर से जोड़ता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

2. यह पूर्व में इंडोनेशियाई द्वीप सुमात्रा और पश्चिम में प्रायद्वीपीय मलेशिया तथा दक्षिणी थाईलैंड के बीच स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**107. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक रिपोर्ट 2025 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की कुल रैंकिंग पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे गिरकर 148 देशों में से 131वें स्थान पर आ गई है।
2. यह सूचकांक किसी देश में लैंगिक समानता का मूल्यांकन चार आयामों के आधार पर करता है — आर्थिक सहभागिता एवं अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य एवं जीवन प्रत्याशा, और राजनीतिक सशक्तीकरण।
3. राजनीतिक सशक्तीकरण श्रेणी में संसद एवं मंत्रिमंडलों में महिलाओं की प्रतिनिधित्व दर में पिछले मूल्यांकन की तुलना में सुधार देखा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**108. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| रिट | प्राथमिक उद्देश्य |
|---|---|
| A. बंदी प्रत्यक्षीकरण | गैरकानूनी हिरासत से रिहाई सुनिश्चित करना |
| B. परमादेश | अधिकार क्षेत्र के बिना पारित निम्न न्यायालय के आदेश को रद्द करना |
| C. प्रतिषेध | निम्न न्यायालय या अधिकरण को उसके अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने से रोकना |
| D. अधिकार पृच्छा | किसी निजी व्यक्ति के संविदात्मक दायित्वों को चुनौती देना |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**109. भारत में पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (EIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (EIA) की प्रक्रिया को पहली बार वर्ष 1986 के पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत वर्ष 1994 में जारी एक अधिसूचना के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया था।
2. विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) मुख्य रूप से अपनी सिफारिशों के आधार पर परियोजनाओं के लिये अंतिम पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करती है।
3. श्रेणी 'A' की परियोजनाओं के लिये पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक होती है और इन्हें स्क्रीनिंग प्रक्रिया से नहीं गुज़रना पड़ता, जबकि श्रेणी 'B' की परियोजनाओं को यह निर्धारित करने के लिये स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुज़रना होता है कि क्या पूर्ण EIA की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**110. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| प्रकार | विवरण |
|---|---|
| A. सांकेतिक GDP | मुद्रास्फीति के कारण सामान्यत: वास्तविक GDP से अधिक होती है |
| B. वास्तविक GDP | यह मुद्रास्फीति को समायोजित करती है और GDP डिफ्लेटर का उपयोग करती है |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

C. PPP पर GDP — विभिन्न देशों के बीच जीवन स्तर की तुलना करने के लिये उपयोगी

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई भी नहीं

**111. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| बंदरगाह | जगह |
|---|---|
| A. दीनदयाल बंदरगाह | आंध्र प्रदेश |
| B. पारादीप | ओडिशा |
| C. हल्दिया | पश्चिम बंगाल |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी चार
D. कोई भी नहीं

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) का स्थायी मुख्यालय न्यूयॉर्क सिटी स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में है।
2. भारत अब तक सात बार सुरक्षा परिषद का निर्वाचित सदस्य रह चुका है।
3. भारत संयुक्त राष्ट्र का एक संस्थापक सदस्य है और उसने संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर सैन फ्राँसिस्को में हस्ताक्षर किये थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**113. न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968 में निर्धारित की गई है।
2. सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को अनुच्छेद 124 और 218 के तहत, 'सिद्ध दुर्व्यवहार' या 'अक्षमता' के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है।
3. हटाने का प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा पारित किया जाना आवश्यक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**114. आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी बैंक की कुल जमा राशि का वह हिस्सा होता है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के पास तरल नकदी के रूप में बनाए रखना अनिवार्य होता है।
2. बैंकों को RBI के पास CRR के रूप में रखी गई राशि पर ब्याज मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**115. जॉर्डन घाटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण-पश्चिमी एशिया में स्थित एक रिफ्ट वैली है।
2. यह जॉर्डन नदी के किनारे स्थित है और इज़रायल एवं पश्चिमी तट के साथ जॉर्डन की पश्चिमी सीमा बनाता है।
3. जॉर्डन घाटी में स्थित डेड सी पृथ्वी की सतह पर सबसे निचला प्राकृतिक बिंदु है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**116. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अनुसार, विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये निम्नलिखित में से कौन ज़िम्मेदार है?**

A. निर्माता, आयातक और ब्रांड मालिक (PIBOs)
B. केंद्र सरकार
C. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)
D. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCBs)

**117. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016 दिवालियेपन के लिये समयबद्ध समाधान प्रक्रिया का प्रावधान करती है, जिसमें कॉर्पोरेट कंपनियों के लिये अधिकतम सीमा 180 दिन है।
2. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) कंपनियों की दिवालियापन कार्यवाही का निर्णय करता है, जबकि ऋण वसूली न्यायाधिकरण व्यक्तियों के लिये दिवालियापन समाधानों को संभालता है।
3. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**118. भारत में मानव तस्करी कानूनों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और ज़बरन श्रम पर प्रतिबंध लगाता है।
2. अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 विशेष रूप से वाणिज्यिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकने पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**119. G-7 शिखर सम्मेलन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. G-7 एक औपचारिक अंतर-सरकारी समूह है जिसकी स्थापना वर्ष 1975 में तेल संकट की प्रतिक्रिया स्वरूप की गई थी।
2. वर्ष 2025 का शिखर सम्मेलन तीन स्तंभों पर आधारित है: वैश्विक समुदायों की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण एवं डिजिटल परिवर्तन को गति देना, और भविष्य की साझेदारियों को सुनिश्चित करना।
3. भारत ने कनैनिस्किस वाइल्डफायर चार्टर का समर्थन किया, जिसमें वनाग्नि की रोकथाम, प्रतिक्रिया और पुनर्प्राप्ति हेतु वैश्विक सहयोग का संकल्प लिया गया।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**120. वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 280 संविधान के प्रारंभ से दो वर्षों के भीतर और उसके पश्चात हर पाँच वर्षों में या उससे पहले, राष्ट्रपति द्वारा एक वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. वित्त आयोग की सिफारिशें केंद्र सरकार पर कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होतीं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. 15वें वित्त आयोग ने राजकोषीय प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिये कर प्रयास मापदंड को पुन: शामिल किया है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**121. नेशनल मिशन फॉर ग्रीन इंडिया (GIM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2014 में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत आठ मिशनों में से एक के रूप में लॉन्च किया गया था।
2. GIM के प्रमुख उद्देश्यों में से एक 2.5 से 3.0 बिलियन टन $CO_2$ समतुल्य का अतिरिक्त कार्बन सिंक बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**122. भारत की अनुसंधान एवं विकास (R&D) प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिकेटर्स (WIPI) 2024 के अनुसार, वार्षिक पेटेंट फाइलिंग के मामले में भारत विश्व स्तर पर शीर्ष तीन देशों में शामिल है।
2. भारत का सकल व्यय अनुसंधान एवं विकास (R&D) पर उसके सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 2% से अधिक है, जो चीन और अमेरिका जैसे देशों के बराबर है।
3. अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF), भारत के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिये साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (SERB) को समाहित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**123. अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में बल प्रयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर केवल सशस्त्र हमले की स्थिति में ही बल प्रयोग की अनुमति देता है तथा इसका अनुपालन आवश्यकता और आनुपातिकता के आधार पर किया जाना चाहिये।
2. संयुक्त राष्ट्र चार्टर, आक्रामक देश द्वारा परमाणु हथियार विकसित करने की स्थिति में पूर्व-आक्रमण की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**124. कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS) के तहत बाध्यकारी संस्थाओं की प्रारंभिक सूची से निम्नलिखित में से किसे बाहर रखा गया है ?**

A. सीमेंट

B. ऊष्मा विद्युत

C. उर्वरक

D. लुगदी और कागज़

**125. चुनाव आयुक्तों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) को महाभियोग के माध्यम से हटाया जाता है।
2. मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिये चयन समिति में प्रधानमंत्री अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता सदस्य तथा प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री अन्य सदस्य होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**126. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में महिलाओं की शिक्षा प्राप्ति लगभग 97% है।
2. वर्तमान में भारत की संसद में महिलाओं की संख्या कुल सदस्यों का 30% है।
3. वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में से 131वें स्थान पर है, तथापि यह दक्षिण एशिया में सबसे निचले स्थान पर बना हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**127. थोक मूल्य सूचकांक (WPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह थोक व्यापारियों द्वारा अन्य व्यापारियों को थोक में बेची और कारोबार की गई वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
2. इसमें थोक बाज़ार में बेची जाने वाली वस्तुएँ और सेवाएँ दोनों शामिल हैं।
3. इसे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**128. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अबूझमाड़ क्षेत्र अबूझमाड़िया जनजातीय लोगों का आवास है, जिन्हें छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) के रूप में मान्यता प्राप्त है।
2. अबूझमाड़िया मुरिया जनजाति की उप-जनजातियाँ हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**129. सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GEM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2016 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. इसका उद्देश्य MSME से 25% अनिवार्य खरीद सुनिश्चित करना है, जिसमें SC/ST समुदायों के MSME उद्यमियों से 4% की उप-लक्ष्यविधि शामिल है।
3. GeM पोर्टल के माध्यम से सभी सरकारी खरीद को अनिवार्य किया गया है, जिसमें सबसे कम मूल्य देने वाले विक्रेता से खरीदने का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**130. अटल पेंशन योजना (APY) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह योजना वर्ष 2015 में शुरू की गई थी और 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिये उपलब्ध है।
2. इसका संचालन पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) की संरचना के अंतर्गत किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**131. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 1968 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनुमोदित किया गया था और इसका उद्देश्य परमाणु-सशस्त्र देशों (NWS) द्वारा परमाणु निरस्त्रीकरण करना है।
2. परमाणु ऊर्जा एजेंसी (NEA), NPT के अनुपालन की निगरानी हेतु उत्तरदायी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**132. अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1947 में अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन कन्वेंशन द्वारा की गई थी, जिसे शिकागो कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है।
2. यह एक गैर-सरकारी संगठन के रूप में कार्य करता है और संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध है।
3. भारत ICAO का एक संस्थापक सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**133. भारत में वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 19(1)(a) सभी नागरिकों को अनुच्छेद 19(2) के तहत उचित प्रतिबंधों के अधीन वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की सुनिश्चितता प्रदान करता है।
2. प्रेस की स्वतंत्रता को वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में शामिल किया गया।
3. धारा 19(1)(b) शांतिपूर्वक एकत्र होने और सार्वजनिक सभाएँ या शोभायात्रा आयोजित करने के अधिकार की सुनिश्चितता प्रदान करता है, जो संप्रभुता, अखंडता और सार्वजनिक व्यवस्था के हितों में उचित रूप से प्रतिबंधित हो सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**134. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इसने दिव्यांग छात्रों के समग्र विकास पर विशेष रूप से निगरानी रखने के लिये समग्र प्रगति कार्ड की शुरुआत की है।
2. NEP 2020 का मुख्य केंद्र स्कूली शिक्षा में बहुभाषावाद और मातृभाषा आधारित शिक्षा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**135. भारत में जनजातीय पहचान के संरक्षण से संबंधित निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये:**

1. पाँचवीं अनुसूची
2. अनुच्छेद 371
3. अनुच्छेद 25
4. अनुच्छेद 26

**उपर्युक्त में से कितने अनुसूचित जनजातियों के विशिष्ट रीति-रिवाज़ों और धार्मिक प्रथाओं के लिये संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**136. महत्त्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी मिशनों के संदर्भ में, निम्नलिखित जानकारी पर विचार कीजिये:**

| उद्देश्य | के तहत कार्यान्वित |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन | इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| 2. भारत सेमीकंडक्टर मिशन | विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय |
| 3. राष्ट्रीय जैवअर्थव्यवस्था मिशन | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**137. ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑपरेशन सिंदूर पूर्णतः वायु सेना का ऑपरेशन था।
2. ये हमले पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर लक्षित थे ताकि प्रतिरोध सुनिश्चित किया जा सके।
3. इसमें SCALP क्रूज़ मिसाइलों और कामिकेज़ ड्रोन जैसे उन्नत सटीक हथियारों का उपयोग किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**138. भारत के व्यापार परिदृश्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त वर्ष 2024–25 के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का सबसे बड़ा वस्तु व्यापार निर्यात गंतव्य है।
2. भारत परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के शीर्ष 5 निर्यातकों में शामिल है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑपरेशन सिंधु भारत सरकार द्वारा ईरान और इज़रायल के संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिये शुरू किया गया था।
2. ऑपरेशन अजय भारत द्वारा प्रारंभ किया गया एक निकासी मिशन है, जिसका उद्देश्य ईरान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को सुनिश्चित करना है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

140. **निम्नलिखित में से कौन-कौन सी वस्तुएँ हाल ही में कीझड़ी स्थल की खुदाई में प्राप्त हुई हैं?**

1. तमिल-ब्राह्मी अभिलेख
2. संसंस्कृत अभिलेखों सहित टेराकोटा मुद्राएँ
3. व्यापार को दर्शाने वाली कार्नेलियन (सुलेमानी) मनियाँ
4. बौद्ध स्तूप

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

141. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (InvITs) को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा विनियमित किया जाता है।
2. InvITs को 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002' के अंतर्गत उधारकर्त्ता के रूप में मान्यता दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

142. **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत 54 विश्वविद्यालयों के साथ अमेरिका, ब्रिटेन और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है।
2. भारत में प्रति संकाय औसत उद्धरण स्कोर जर्मनी, ब्रिटेन और अमेरिका से अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

143. **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1885 में एलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने की थी।
2. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का उद्घाटन सत्र बॉम्बे में डब्ल्यू.सी. बनर्जी की अध्यक्षता में हुआ था।
3. वर्ष 1924 में, महात्मा गांधी को बेलगाम में आयोजित वार्षिक अधिवेशन के दौरान कॉन्ग्रेस अध्यक्ष चुना गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

144. **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है, जो सिनेमेटोग्राफ अधिनियम, 1952 के तहत फिल्म प्रदर्शन को नियंत्रित करता है।
2. इसमें गैर-सरकारी सदस्य तथा एक अध्यक्ष होते हैं, जिन्हें क्रमशः राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
3. यह "ई-सिनेप्रमाण" नामक ऑनलाइन फिल्म प्रमाणन प्रणाली का उपयोग करता है, जिसे मार्च 2017 में लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

145. **राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मिशन वर्ष 2023 से 2031 की अवधि के लिये प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य भारत को क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर स्थापित करना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. इसका कार्यान्वयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा किया जा रहा है।
3. इस मिशन की शुरुआत के साथ, भारत अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्राँस, कनाडा और चीन के बाद विशेष क्वांटम मिशन स्थापित करने वाला सातवाँ देश बन गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**146. एशियाई विकास बैंक (ADB) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक के रूप में वर्ष 1966 में स्थापित किया गया था।
2. भारत विकासशील सदस्य देशों में ADB की वित्तीय प्रतिबद्धताओं का सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता है।
3. विश्व आर्थिक परिदृश्य (WEO) ADB द्वारा जारी एक विस्तृत रिपोर्ट है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**147. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की अनुशंसाओं के आधार पर 22 अनिवार्य फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) निर्धारित करती है।
2. गेहूँ और धान की खरीद के अनुमान को भारतीय खाद्य निगम द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है।
3. इसे प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**148. पतंजलि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें योगसूत्रों का संकलनकर्त्ता माना जाता है, जो शास्त्रीय योग दर्शन का एक आधारभूत ग्रंथ है।
2. योगसूत्र में आठ अंग शामिल हैं जो नैतिक, शारीरिक और मानसिक अनुशासन का मार्गदर्शन करते हैं।
3. उनके दर्शन को भारतीय दर्शन के विधर्मी दर्शन के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**149. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा तब की जा सकती है जब युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह हो जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा हो।
2. अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन केंद्र सरकार को किसी राज्य का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की अनुमति देता है, यदि राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य करने में विफल रहती है।
3. अनुच्छेद 360 के तहत वित्तीय आपातकाल की घोषणा तब की जाती है जब भारत या उसके किसी भाग की वित्तीय स्थिरता या ऋण को खतरा हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**150. बाल गंगाधर तिलक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंग्रेज़ों ने उन्हें "भारतीय अशांति का जनक" कहा था।
2. उन्होंने 1916 में एनी बेसेंट के साथ मिलकर अखिल भारतीय होमरूल लीग की स्थापना की।
3. उन्होंने सहमति आयु विधेयक का विरोध किया, जिसमें लड़कियों के लिये विवाह की न्यूनतम आयु 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष करने का प्रस्ताव था।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**151. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (PMFME) योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. PMFME योजना को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा असंगठित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिये आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू किया गया था।
2. यह योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को पात्र परियोजना लागत का 35%, अधिकतम 10 लाख रुपए प्रति इकाई, ऋण-लिंक्ड पूंजी सब्सिडी प्रदान करती है।
3. इस योजना को 2020-21 से 2024-25 तक पांच वर्षों की अवधि में 10,000 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ कार्यान्वित किया जाना है।
4. इस योजना के अंतर्गत केवल व्यक्तिगत उद्यमी ही सहायता के लिये पात्र हैं; FPO, SHG और उत्पादक सहकारी समितियाँ जैसे समूह इसमें शामिल नहीं हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. 1, 2, 3 और 4
D. केवल 2 और 4

**152. भारत के निर्वाचन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा उन्हें कार्यकाल की सुरक्षा प्राप्त होती है; तथापि, केवल मुख्य निर्वाचन आयुक्त को ही उसी प्रकार हटाया जा सकता है, जैसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है।
2. भारत के निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक व्यय, जिसमें इसके सदस्यों के वेतन और भत्ते शामिल हैं, भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं।
3. निर्वाचन आयोग संसद, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पदों के साथ-साथ नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव कराने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**153. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| वायु रक्षा प्रणाली | उद्गम देश |
|---|---|
| 1. थाड | USA |
| 2. आयरन डोम | इजराइल |
| 3. पैट्रियट PAC-3 | फ्राँस |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. सिर्फ केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**154. राज्यपाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यपाल अनुच्छेद 213 के अंतर्गत अध्यादेश तभी जारी कर सकते हैं जब राज्य विधानमंडल सत्र में न हो।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. भारत के संविधान के अनुसार राज्यपाल सभी राज्य विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होते हैं।
3. अनुच्छेद 153 प्रत्येक राज्य में एक राज्यपाल का प्रावधान करता है तथा एक व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में कार्य करने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**155. दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) की एक मुक्त व्यापार व्यवस्था है।
2. यह वर्ष 2006 में लागू हुआ, और इसने वर्ष 1993 के SAARC अधिमान्य व्यापार व्यवस्था (SAPTA) का स्थान लिया।
3. इसमें अफगानिस्तान को छोड़कर सभी SAARC देश हस्ताक्षरकर्त्ता हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**156. वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय निगरानी संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में G-7 देशों द्वारा वैश्विक स्तर पर धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से मुकाबले के लिये की गई थी।
2. FATF की ब्लैक लिस्ट में शामिल देशों को 'गैर-सहयोगी देश या क्षेत्र' (NCCT) कहा जाता है और इन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**157. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण प्रदान करता है।
2. स्थायी जमा सुविधा (SDF) बैंकों को बिना किसी संपार्श्विक के RBI में अधिशेष धनराशि जमा करने की अनुमति देती है।
3. सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) RBI द्वारा शुरू की गई एक व्यवस्था है, जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को तब एकदिवसीय तरलता प्राप्त करने की अनुमति देती है जब अंतर-बैंक उधारी के सभी विकल्प समाप्त हो जाएँ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**158. प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FIR केवल संज्ञेय अपराधों के लिये ही दर्ज की जा सकती है।
2. यहाँ तक कि एक टेलीफोन संदेश को भी FIR माना जा सकता है।
3. एक बार FIR दर्ज हो जाने के बाद, पुलिस कानूनी रूप से जाँच शुरू करने के लिये बाध्य होती है।
4. यदि कोई पुलिस अधिकारी किसी संज्ञेय अपराध की जानकारी प्राप्त करता है, तो वह स्वयं FIR दर्ज नहीं कर सकता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

**159. संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समझौते पर 2015 में ईरान और यूरोपीय संघ (EU) के साथ स्थायी 5 + 1 देशों के बीच हस्ताक्षर किये गए थे।
2. JCPOA के तहत ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन को 90% तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की थी, जो हथियार-ग्रेड सामग्री के लिये आवश्यक स्तर है।
3. JCPOA के तहत, ईरान को हथियार-ग्रेड प्लूटोनियम के उत्पादन को रोकने के लिये अपने अराक हैवी वॉटर रिएक्टर को पुन: डिज़ाइन करना पड़ा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**160. चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चाबहार ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में ओमान की खाड़ी में मकरान तट पर स्थित है।
2. भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने वर्ष 2016 में अंतर्राष्ट्रीय परिवहन और पारगमन गलियारा स्थापित करने के लिये एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये थे।
3. ईरान ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना के दो मुख्य बंदरगाहों में से एक, शाहिद बेहेश्टी बंदरगाह के विकास को प्रस्तुत किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**161. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम पंचायतों में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिये सीटों के आरक्षण को अनिवार्य बनाता है।
2. यह पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा हेतु एक राज्य वित्त आयोग के गठन का प्रावधान करता है।
3. यह ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों की दो-स्तरीय प्रणाली की स्थापना का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2, और 3

**162. प्रवर्तन निदेशालय (ED) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1957 में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1947 के उल्लंघनों से निपटने के लिये की गई थी।
2. ED के प्राथमिक उद्देश्य विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (FEMA), धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (FEOA) का प्रवर्तन हैं।
3. यह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**163. गोदावरी नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गंगा के बाद भारत की दूसरी सबसे लंबी नदी है।
2. यह नदी महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर में ब्रह्मगिरी पर्वत से निकलती है।
3. प्रवरा, पूर्णा और इंद्रावती गोदावरी की सहायक नदियाँ हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2, और 3

**164. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 2002 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
2. यह ऊर्जा कुशल अर्थव्यवस्था के लिये गठबंधन के सहयोग से राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI) प्रकाशित करने के लिये जिम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**165. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रणनीतिक महत्त्व का सर्वश्रेष्ठ वर्णन करता है?**

A. यह लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है और यूरोपीय तेल आयात के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
B. यह ईरान और अरबी प्रायद्वीप के बीच स्थित एक संकीर्ण समुद्री मार्ग है, जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और वैश्विक तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) आपूर्ति के लिये एक महत्त्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग (चोकपॉइंट) के रूप में कार्य करता है।
C. यह सऊदी अरब को अफ्रीका से अलग करता है और हिंद महासागर तथा प्रशांत महासागर के बीच एकमात्र समुद्री संपर्क है।
D. यह कैस्पियन सागर को काला सागर से जोड़ता है और रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात के लिये महत्त्वपूर्ण है।

**166. भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और डिजिटल कौशल विकास पहलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ओडिशा ने अपने मिशन शक्ति कार्यक्रम का विस्तार करते हुए इसमें महिलाओं के लिये विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण ज़िलों में डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित कौशलों को शामिल किया है।
2. इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को AI की अवधारणाओं, डिजिटल साक्षरता और डेटा-आधारित उद्यम विकास से परिचित कराना है, जिससे पारंपरिक आजीविकाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा सके।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**167. लघु वित्त बैंकों (SFB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये एक ऐसी बैंकिंग श्रेणी हैं जिन्हें जनसंख्या के वंचित वर्गों को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ और ऋण सुविधाएँ प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया है।
2. ये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित होते हैं।
3. सभी RBI के सावधानीपूर्वक मानदंड और विनियम, जिनमें CRR तथा SLR की आवश्यकताएँ शामिल हैं, वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होते हैं लेकिन लघु वित्त बैंकों पर लागू नहीं होते।

The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**168. हाल ही में समाचारों में रहे फोर्डो, नतांज़ और इस्फाहान स्थान निम्नलिखित में से किस देश में स्थित हैं ?**

A. सऊदी अरब
B. ईरान
C. तुर्की
D. इराक

**169. इकॉनोमिक कैपिटल फ्रेमवर्क (ECF) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संरचित प्रक्रिया है जिसका उपयोग RBI द्वारा उचित जोखिम प्रावधानों और सरकार को स्थानांतरित किये जाने वाले अधिशेष (लाभ) को निर्धारित करने के लिये किया जाता है, जैसा कि RBI अधिनियम, 1934 में वर्णित है।
2. इस फ्रेमवर्क की सिफारिश बिमल जालान समिति (2018) द्वारा की गई थी और इसे वर्ष 2019 में औपचारिक रूप से अपनाया गया।
3. यह RBI को आकस्मिक जोखिम बफर बनाए रखने में सक्षम बनाता है, जो मुद्रा अस्थिरता और आर्थिक संकट जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों के खिलाफ एक वित्तीय सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**170. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विशाल बहुराष्ट्रीय अंतरिक्ष यान है जो पृथ्वी की कक्षा में स्थित है, जहाँ 15 देश वैज्ञानिक, शैक्षिक और तकनीकी प्रयोगों पर सहयोग करते हैं।
2. पृथ्वी की परिक्रमा 17,500 मील प्रति घंटे की गति से करते हुए और हर 90 मिनट में एक चक्कर पूरा करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर अंतरिक्ष यात्री प्रतिदिन पृथ्वी की तुलना में दोगुनी बार सूर्योदय और सूर्यास्त देख सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**171. Axiom-4 मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक निजी अंतरिक्ष मिशन है जो Axiom स्पेस द्वारा संचालित किया गया है और इसमें स्पेसएक्स का क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान प्रयोग किया गया है।
2. इसका उद्देश्य अंतरिक्ष पर्यटन जैसी व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और लो अर्थ ऑर्बिट में अनुसंधान एवं व्यापार के लिये अंतरिक्ष स्टेशनों की व्यवहार्यता का प्रदर्शन करना है।
3. इस मिशन में भारत सहित विभिन्न देशों के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो अंतरिक्ष अन्वेषण में वैश्विक सहयोग को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**172. राष्ट्रीय आपातकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब भारत या उसके किसी भाग की सुरक्षा को युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से खतरा हो, तो राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 352 के तहत इसकी घोषणा की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 के अनुसार राष्ट्रीय आपातकाल को एक माह के भीतर दोनों सदनों द्वारा विशेष बहुमत से अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।
3. इसे केवल दोनों सदनों द्वारा विशेष बहुमत से अनुमोदित किये जाने के बाद ही रद्द किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**173. प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया।
2. इसका उद्देश्य व्यापक विकास हस्तक्षेप प्रदान करके विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTGs) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाना है।
3. जनजातीय कार्य मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से योजना के कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार नोडल मंत्रालय है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**174. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मारियाना द्वीपसमूह का सबसे बड़ा और सबसे दक्षिणी द्वीप है।
2. इस द्वीप के चारों ओर अधिकांश भाग में एक प्रवाल भित्ति (कोरल रीफ) है।
3. यह मारियाना ट्रेंच (खाई) के सबसे निकट स्थित भूमि क्षेत्र है।
4. पश्चिमी उत्तर प्रशांत महासागर में अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, अमेरिका ने यहाँ लंबे समय से सैन्य अड्डे बनाए हुए हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपरोक्त वर्णन के अनुरूप है?**

A. गुआम
B. सैपैन
C. टिनियन
D. रोटा

**175. भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दर्शाता है कि भारत के लोग संविधान के पीछे सत्ता का स्रोत हैं।
2. यह यूनाइटेड किंगडम के संविधान की प्रस्तावना से प्रेरित था।
3. यह संविधान का हिस्सा है लेकिन अदालतों द्वारा लागू नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**176. सिंधु जल संधि (IWT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्थायी समझौता है, जिसमें कोई निकास खंड नहीं है तथा इसमें किसी भी संशोधन या पुनरावलोकन के लिये भारत और पाकिस्तान की आपसी सहमति की आवश्यकता है।
2. इसके तहत पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों - रावी, ब्यास और सतलुज के अप्रतिबंधित उपयोग की अनुमति दी गई, जबकि भारत को पूर्वी नदियों - सिंधु, चिनाब और झेलम के अप्रतिबंधित उपयोग की अनुमति दी गई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**177. रवींद्रनाथ ठाकुर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले गैर-यूरोपीय व्यक्ति थे।
2. उन्होंने वर्ष 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकांड के विरोधस्वरूप अपनी नाइटहुड की उपाधि त्याग दी थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**178. भारत के वित्त आयोग के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्थायी संवैधानिक निकाय है, जिसकी स्थापना संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत की गई है।
2. इसके सुझाव केंद्र और राज्य सरकारों पर बाध्यकारी होते हैं।
3. इसके सदस्यों की अर्हताएँ संसद द्वारा वित्त आयोग अधिनियम, 1951 के माध्यम से निर्धारित की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

**179. दारा शिकोह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह मुगल सम्राट शाहजहाँ के सबसे बड़े पुत्र और उत्तराधिकारी था।
2. उसने सफीनतुल औलिया नामक ग्रंथ की रचना की, जिसमें पैगंबर मुहम्मद, उनके परिवार, खलीफाओं और भारत में प्रचलित पाँच प्रमुख सूफी सिलसिलों के संतों के जीवन का विवरण है।
3. उसने मियाँ मीर और मुल्ला शाह की आध्यात्मिक शिक्षाओं के सम्मान में दिल्ली में उनके दरगाहों का निर्माण कराया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**180. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्रों (NWS) द्वारा परमाणु निरस्त्रीकरण और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने वाली एकमात्र बाध्यकारी बहुपक्षीय संधि है।
2. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के अनुपालन की निगरानी की ज़िम्मेदारी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की है।
3. भारत परमाणु अप्रसार संधि (NPT) का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**181. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. तुर्कमेनिस्तान इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. यह चीन और रूस को अपनी आधिकारिक भाषाओं के रूप में मान्यता देता है।
3. शंघाई सहयोग संगठन में शामिल होने वाला नवीनतम सदस्य ईरान है, जो वर्ष 2024 में पूर्ण सदस्य बना।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

182. **सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क (SDSN) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैश्विक नेटवर्क है जिसकी स्थापना वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा की गई थी।
2. भारत को वर्ष 2025 के सतत् विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक में UN सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क द्वारा जारी रैंकिंग में 99वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (C) | 3. (B) | 4. (D) | 5. (A) | 6. (A) | 7. (D) | 8. (C) | 9. (A) | 10. (C) |
| 11. (B) | 12. (D) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (A) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (A) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (D) | 24. (C) | 25. (C) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (D) | 29. (C) | 30. (D) |
| 31. (D) | 32. (A) | 33. (B) | 34. (A) | 35. (A) | 36. (C) | 37. (D) | 38. (C) | 39. (C) | 40. (A) |
| 41. (D) | 42. (C) | 43. (B) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (B) | 49. (B) | 50. (D) |
| 51. (A) | 52. (C) | 53. (B) | 54. (D) | 55. (B) | 56. (A) | 57. (D) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (C) |
| 61. (B) | 62. (A) | 63. (C) | 64. (A) | 65. (D) | 66. (B) | 67. (D) | 68. (A) | 69. (C) | 70. (A) |
| 71. (C) | 72. (B) | 73. (A) | 74. (C) | 75. (B) | 76. (D) | 77. (D) | 78. (A) | 79. (B) | 80. (A) |
| 81. (D) | 82. (C) | 83. (C) | 84. (B) | 85. (C) | 86. (A) | 87. (B) | 88. (C) | 89. (B) | 90. (C) |
| 91. (A) | 92. (A) | 93. (C) | 94. (B) | 95. (A) | 96. (D) | 97. (B) | 98. (D) | 99. (B) | 100. (D) |
| 101. (A) | 102. (A) | 103. (D) | 104. (A) | 105. (C) | 106. (C) | 107. (A) | 108. (B) | 109. (B) | 110. (C) |
| 111. (B) | 112. (B) | 113. (D) | 114. (A) | 115. (D) | 116. (A) | 117. (D) | 118. (C) | 119. (B) | 120. (D) |
| 121. (C) | 122. (A) | 123. (A) | 124. (B) | 125. (B) | 126. (B) | 127. (B) | 128. (A) | 129. (D) | 130. (B) |
| 131. (A) | 132. (B) | 133. (D) | 134. (A) | 135. (D) | 136. (D) | 137. (A) | 138. (A) | 139. (A) | 140. (B) |
| 141. (B) | 142. (C) | 143. (D) | 144. (C) | 145. (D) | 146. (A) | 147. (B) | 148. (A) | 149. (D) | 150. (D) |
| 151. (B) | 152. (A) | 153. (B) | 154. (B) | 155. (A) | 156. (C) | 157. (D) | 158. (C) | 159. (B) | 160. (D) |
| 161. (A) | 162. (A) | 163. (D) | 164. (C) | 165. (B) | 166. (C) | 167. (A) | 168. (B) | 169. (C) | 170. (A) |
| 171. (C) | 172. (B) | 173. (D) | 174. (A) | 175. (B) | 176. (A) | 177. (C) | 178. (A) | 179. (A) | 180. (D) |
| 181. (B) | 182. (C) | | | | | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

## उत्तर

1.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय सुरक्षा पर** सरकार के मज़बूत फोकस और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी ने स्थानीय रक्षा विनिर्माण को काफी बढ़ावा दिया है तथा केंद्र के रक्षा बजट को अनुकूलित किया है। **अत: कथन I सही है।**
- रक्षा व्यवसाय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की सीमा **74% है,** जिसकी मंज़ूरी स्वचालित मार्ग से दी जाती है। **अत: कथन II सही है।**
- भारत में सरकारी मार्ग से 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति है, यदि इससे आधुनिक तकनीक तक पहुँच बनती है। **अत: कथन III सही है।**
- कथन I सरकारी नीतियों और निजी निवेश के समग्र प्रभाव को दर्शाता है जिसने घरेलू रक्षा क्षमताओं को मज़बूत किया है तथा बजट दक्षता में सुधार किया है।
- कथन II दर्शाता है कि यह नीति 74% तक अनुमोदन को सरल बनाकर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करती है, जिससे निजी कंपनियां रक्षा विनिर्माण में अधिक सक्रिय रूप से भाग ले पाती हैं।
- **कथन III** दर्शाता है कि सरकारी अनुमोदन के माध्यम से पूर्ण FDI की अनुमति देने से विदेशी निवेशकों से उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता को आकर्षित करने में सहायता मिलती है, जिससे स्थानीय रक्षा उत्पादन एवं नवाचार को बढ़ावा मिलता है।
- **अत: कथन II और कथन III दोनों सही हैं तथा वे दोनों कथन I की व्याख्या करते हैं**

2.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- यह मुद्रास्फीति को लक्षित सीमा के भीतर रखने के लिये **बेंचमार्क नीति दर (रेपो दर) निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष में कम से कम चार बार इसकी बैठक होना आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**
- प्रत्येक MPC सदस्य के पास **एक वोट होता है** तथा बराबरी की स्थिति में गवर्नर निर्णायक वोट डालता है। **अत: कथन 3 सही है।**




3.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT):**

- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) एक **कंप्यूटिंग अवधारणा है** जो दैनिक भौतिक वस्तुओं को इंटरनेट से जोड़ने और अन्य उपकरणों के सामने स्वयं को पहचानने में सक्षम होने के विचार का वर्णन करती है।
- IoT महत्त्वपूर्ण है क्योंकि कोई भी वस्तु जब स्वयं को डिजिटल रूप से प्रदर्शित करने में सक्षम होती है, तो वह केवल एक

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

साधारण वस्तु नहीं रह जाती, बल्कि उससे कहीं अधिक बन जाती है। अब वह वस्तु केवल अपने उपयोगकर्त्ता से ही नहीं जुड़ी होती, बल्कि अपने आस-पास की अन्य वस्तुओं और डेटा बेस की जानकारी से भी जुड़ जाती है। **अत: विकल्प B सही है।**

4.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उन्नत भारत अभियान योजना:**

- वर्ष 2014 में शुरू किया गया यह शिक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है जो मानवीय और आर्थिक विकास को एकीकृत करके समग्र ग्राम विकास को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्नत भारत अभियान 1.0 ने चुनिंदा संस्थानों को भाग लेने के लिये आमंत्रित किया, जबकि वर्ष 2018 में शुरू किये गए UBA 2.0 में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वेच्छा से कम से कम पाँच गाँवों को गोद लेने का आदेश दिया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**मुख्य उद्देश्य:**

- **ग्रामीण क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों की पहचान करने** तथा उनके लिये स्थायी समाधान खोजने में उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय और छात्रों को शामिल करना।
- लोगों की आवश्यकता के अनुसार, विद्यमान नवीन प्रौद्योगिकियों की पहचान करना और उनका चयन करना, प्रौद्योगिकियों के अनुकूलन को सक्षम बनाना, या नवीन समाधानों के लिये कार्यान्वयन विधियों को विकसित करना।
- उच्च शिक्षा संस्थानों को विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के सुचारू कार्यान्वयन हेतु प्रणालियाँ तैयार करने में योगदान करने की अनुमति देना।

5.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ब्रह्माण्ड का अर्ध-स्थिर अवस्था ब्रह्माण्ड विज्ञान सिद्धांत:**

- अर्ध-स्थिर अवस्था ब्रह्माण्ड विज्ञान (QSSC) **ब्रह्माण्ड के स्थिर अवस्था सिद्धांत का परिष्कृत संस्करण है।**
- इसे 1990 के दशक के प्रारंभ में फ्रेड होयल, जयंत नार्लीकर और जेफ्री बर्बिज द्वारा बिग बैंग सिद्धांत के बढ़ते प्रभुत्व की प्रतिक्रिया के रूप में विकसित किया गया था तथा इसकी कुछ सीमाओं पर भी ध्यान दिया गया था।

**QSSC की मुख्य विशेषताएँ:**

- QSSC का प्रस्ताव है कि ब्रह्माण्ड विशाल समय-सीमाओं में आवधिक विस्तार और संकुचन के चक्रीय पैटर्न का अनुसरण करता है, जबकि अभी भी समग्र रूप से स्थिर अवस्था बनाए रखता है।
- जबकि बिग बैंग सिद्धांत ब्रह्माण्ड की एकल उत्पत्ति को मानता है, QSSC एकल विस्फोटक शुरुआत के विचार को अस्वीकार करता है।
- इसके बजाय, यह सुझाव देता है कि ब्रह्मांड अनंत काल से अस्तित्व में है और इसमें पदार्थ निर्माण और विस्तार की आवधिक घटनाएँ होती रहती हैं।
- पदार्थ का निर्माण स्थानीयकृत, गैर-एकवचन घटनाओं के रूप में निरंतर होता रहता है, जिन्हें 'मिनी-बैंग' या सृजन घटनाएँ कहा जाता है, जो ब्रह्मांड में रुक-रुक कर घटित होती हैं तथा एक भी मूल बिंदु को नजरअंदाज करती हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

6.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अहिल्याबाई होल्कर:**

- अहिल्याबाई का जन्म 31 मई, 1725 को चोंडी, अहमदनगर (महाराष्ट्र) में हुआ था।
- 1733 में उनका विवाह खंडेराव होल्कर से हुआ, जो मालवा के शासक और होल्कर वंश के संस्थापक मल्हार राव होल्कर के पुत्र थे।
- **कुम्हेर किले की घेराबंदी** में खंडेराव की मृत्यु के बाद 1745 में अहिल्याबाई विधवा हो गईं।
- मल्हार राव होल्कर ने अहिल्याबाई को सती होने से रोका और उन्हें सैन्य और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- 1766 में मल्हार राव होल्कर और 1767 में उनके बेटे माले राव होल्कर की मृत्यु के बाद, **अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा की कमान सँभाली** तथा 1767 में इंदौर की शासक बनीं।
- उन्होंने **तुकोजी राव होल्कर को सेनापति नियुक्त** किया और मध्य प्रदेश में महेश्वर को होल्कर वंश की राजधानी बनाया।
- अहिल्याबाई होल्कर ने भगवान शिव के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों को पुनर्स्थापित करते हुए **सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों का पुनर्निर्माण किया**। उन्होंने खुशाली राम, मराठी कवि मोरोपंत और शाहिर अनंतफंडी जैसे विद्वानों को संरक्षण दिया।
- उन्होंने **महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया** और सती प्रथा जैसी प्रथाओं का विरोध किया, साथ ही भील, गोंड जनजातियों और निचली जातियों का उत्थान किया।
- उन्होंने **महेश्वर और इंदौर को प्रमुख व्यापार केंद्र बनाया**, माहेश्वरी बुनाई उद्योग को बढ़ावा दिया और माहेश्वरी साड़ियों को पूरे भारत में प्रसिद्ध बनाया, जिसे अब भौगोलिक संकेत (GI) टैग के साथ पंजीकृत किया गया है। **अतः विकल्प A सही है।**

**7.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बजट 2025-26 में समुद्री क्षेत्र के लिये पहल:**

- **समुद्री विकास निधि (MDF):** यह 25,000 करोड़ रुपए की निधि है, जो समुद्री क्षेत्र को इक्विटी और ऋण वित्तपोषण के माध्यम से समर्थन प्रदान करेगी।
- **शिप ब्रेकिंग क्रेडिट नोट योजना:** यह योजना जहाजों के स्क्रैपिंग को प्रोत्साहित करती है, जिसके तहत स्क्रैप मूल्य का 40% क्रेडिट नोट के रूप में जारी किया जाता है, जिसे नए 'मेड इन इंडिया' जहाज़ खरीदने में पुनर्भुगतान किया जा सकता है।
- **इन्फ्रास्ट्रक्चर हार्मोनाइज्ड मास्टर सूची (HML):** बड़े जहाजों को इन्फ्रास्ट्रक्चर हार्मोनाइज्ड मास्टर सूची (HML) में शामिल किया जाएगा, जिससे दीर्घकालिक वित्तपोषण, कर प्रोत्साहन, निजी निवेश और बेड़े के आधुनिकीकरण की सुविधा मिलेगी। **अतः विकल्प D सही है।**

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रपति शासन:**

- राष्ट्रपति शासन का अर्थ है राज्य सरकार और उसकी विधायिका को निलंबित कर देना, जिससे राज्य सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में आ जाता है।
- यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत लगाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि कोई राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर पाती है, तो केंद्र सरकार अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लागू करके हस्तक्षेप कर सकती है।
- यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जहाँ राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर सकती, तो राष्ट्रपति राष्ट्रपति शासन लागू कर सकते हैं। यह निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जा सकता है:
    - राज्यपाल की सिफारिश पर।
    - राष्ट्रपति के विवेक पर, **राज्यपाल की रिपोर्ट के बिना भी। अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन की घोषणा को संसद के दोनों सदनों द्वारा दो माह के भीतर अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - यदि राष्ट्रपति शासन की घोषणा तब की जाती है जब लोकसभा भंग हो चुकी हो, या यदि लोकसभा दो माह के भीतर बिना उस घोषणा को अनुमोदित किए भंग हो जाती है, तो वह घोषणा तब तक मान्य रहेगी जब तक लोकसभा पुनः बैठक न करे और वह पुनः बैठक होने के 30 दिनों तक भी तब तक मान्य रहेगी, बशर्ते इस अवधि के दौरान राज्यसभा द्वारा इसे अनुमोदित किया जाए।
    - राष्ट्रपति शासन को मंज़ूरी देने या उसे बढ़ाने के लिये संसद में सरल बहुमत (उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों की अधिकता) आवश्यक होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

9.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ड्रोन:**

- **फर्स्ट-पर्सन-व्यू ( FPV ), फाइबर-ऑप्टिक FPV, मैगुरा और THeMIS** जैसे शब्द हाल ही में **उन्नत ड्रोन** और **मानवरहित रक्षा प्रणालियों के विकास** के संबंध में समाचारों में छाए रहे।
- **प्रथम-व्यक्ति-दृश्य ( FPV )** ड्रोन **दूर से संचालित मानव रहित हवाई वाहन हैं**, जो कैमरों से सुसज्जित होते हैं, जो वास्तविक समय के वीडियो फीड को सीधे ऑपरेटर के चश्मे या स्क्रीन पर भेजते हैं।
- **फाइबर-ऑप्टिक FPV ड्रोन** वास्तविक समय में प्रथम-व्यक्ति-दृश्य (FPV) नियंत्रण के लिये **फाइबर-ऑप्टिक केबल का** उपयोग करते हैं, जिससे वे इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और जामिंग प्रयासों के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधी बन जाते हैं।
- मैगुरा **एक यूक्रेनी स्वायत्त समुद्री ड्रोन है** जिसे समुद्री निगरानी और संभावित रूप से बारूदी सुरंगों का पता लगाने और उन्हें हटाने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिससे मानव नाविकों को जोखिम में डाले बिना यूक्रेन की नौसैनिक क्षमताओं में वृद्धि होगी।
- THeMIS **एक मॉड्यूलर, ट्रैकयुक्त मानवरहित जमीनी** वाहन है जो हथियार या आपूर्ति जैसे पेलोड ले जा सकता है और इसे झुंड रणनीति सहित स्वायत्त संचालन के लिये AI के साथ तेज़ी से एकीकृत किया जा रहा है। **अतः विकल्प A सही है।**

10.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- टीका प्रतिरक्षा, जिसे अर्जित प्रतिरक्षा या प्रतिरक्षण के नाम से भी जाना जाता है, संक्रामक रोगों के विरुद्ध टीकाकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षा को संदर्भित करती है।
- टीका रोग उत्पन्न किये बिना, वायरस या बैक्टीरिया जैसे विशिष्ट रोगजनकों को पहचानने और उनसे लड़ने हेतु **प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है। अतः कथन 1 सही है।**
- **SARS-CoV-2 और इन्फ्लूएंज़ा जैसे म्यूकोसल संक्रमण** उत्पन्न करने वाले वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा प्रतिक्रिया करने से पहले ही तेज़ी से फैल जाते हैं, जिससे बार-बार संक्रमण होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वायरल वेक्टर कोविड-19 वैक्सीन कोरोनावायरस से **आनुवंशिक सामग्री को मानव कोशिकाओं में पहुँचाने के लिये एक हानिरहित वायरस का उपयोग करता है। अतः कथन 3 सही है।**

11.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**होर्मुज जलडमरूमध्य:**

- यह जलडमरूमध्य **फारस की खाड़ी के मुहाने** पर स्थित है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि समुद्री मार्ग से व्यापार किये जाने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग पाँचवाँ हिस्सा यहीं से होकर गुज़रता है।
- यह **जलमार्ग ईरान और ओमान को अलग** करता है तथा फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।
- इस **जलडमरूमध्य की चौड़ाई अपने सबसे संकरे भाग में 33 किलोमीटर** है, लेकिन जहाज़ों के लिये सुरक्षित नौवहन मार्ग प्रत्येक दिशा में केवल तीन किलोमीटर चौड़ा है।
- सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक — जो सभी पेट्रोलियम निर्यातक देशों के **संगठन** (OPEC) के सदस्य हैं — से निर्यातित अधिकांश कच्चा तेल इसी जलमार्ग के माध्यम से भेजा जाता है।
- यह जलडमरूमध्य विश्व के सबसे बड़े तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) निर्यातक देश, कतर, द्वारा उत्पादित लगभग **सभी LNG के परिवहन के लिये भी प्रयुक्त** होता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




12.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन के कारक:**

- उच्च ऊँचाई, अस्थिर ढलानों के साथ खड़ी, ऊबड़-खाबड़ ज़मीन।
- भारी मानसूनी बारिश और ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के कारण मिट्टी में नमी बढ़ती है, जिससे अस्थिरता बढ़ जाती है।
- असंगठित मलबा (चट्टानी टुकड़े, हिमोढ़) और कमज़ोर चट्टानी संरचनाएँ, जो आसानी से खिसक सकती हैं।
- कृषि, लकड़ी और ईंधन के लिये अत्यधिक वनों की कटाई, जिससे मिट्टी की पकड़ कमजोर हो जाती है।
- भारतीय और यूरेशियन प्लेटों की टक्कर के कारण यह क्षेत्र अत्यधिक भूकंप-प्रवण है, जिससे भूस्खलन और बढ़ जाते हैं।

**अत: विकल्प D सही है।**

13.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संगम साहित्य:**

- संगम साहित्य में **तोलकाप्पियम्, एतुत्तौके, पत्तुप्पातु, पदिनेकिल्लकणक्कु और शिलप्पादिकारम् और मणिमेखलै नामक दो महाकाव्य** शामिल हैं।
- **तोलकाप्पियम्** के लेखक **तोलकाप्पियर** हैं। यह द्वितीय संगम का उपलब्ध एकमात्र प्राचीनतम ग्रंथ है। यह व्याकरण से

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

संबंधित एक ग्रंथ है, साथ ही यह उस समय की राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की जानकारी भी प्रदान करता है।

- **एतुत्तौके ( अष्ट संग्रह )** एक संग्रह ग्रंथ है यह तीसरे संगम के आठ ग्रंथों का संग्रह है। ये आठ ग्रंथ निम्नलिखित हैं- नण्णिनै, कुरुन्थोके, एनकुरुनूर, पदित्रप्पत्तु, परिपादल, कलिथौके, अहनानरु, पुरुनानरु।
- **पदिनेकिल्लकणक्कु** में नैतिकता और सदाचार के बारे में अठारह रचनाएँ हैं। इनमें से सबसे महत्त्वपूर्ण रचना तिरुक्कुरल है, जिसे तमिल के महान कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर ने लिखा था।
- **शिलप्पादिकारम् 'इलांगोआदिगल' द्वारा और मणिमेखलै 'सीतलैसत्तनार'** द्वारा लिखे गए महाकाव्य हैं। इन महाकाव्यों द्वारा तत्कालीन संगम समाज और राजनीति के विषय में अच्छी जानकारी प्राप्त होती है।
- **कीलादी** भारत के तमिलनाडु राज्य के शिवगंगा ज़िले में वैगई नदी के पास स्थित एक पुरातात्विक स्थल है।
  - **उत्खनन से संगम काल की शहरी बस्तियों के साक्ष्य** मिले हैं, जो तमिल सभ्यता की प्राचीनता के बारे में पूर्व धारणाओं को चुनौती देते हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**14.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**हॉट मनी ( Hot Money ):**

- हॉट मनी से तात्पर्य **निधि या पूंजी के प्रवाह से है जो** ब्याज दर के अंतर या मुद्रा सट्टेबाजी से अल्पकालिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों में तेज़ी से प्रवाहित होता है।
- यह **अत्यधिक तरल है और बाज़ार में तेज़ी से प्रवेश या निकास कर सकता है,** जिससे प्रायः अस्थिरता उत्पन्न होती है।
- क्योंकि हॉट मनी प्रवाह **सट्टा आधारित और अल्पकालिक** होते हैं, ये पूंजी के अचानक प्रवाह (inflow) या निकासी (outflow) का कारण बन सकते हैं, जिससे विनिमय दरों में अस्थिरता आ सकती है, महंगाई बढ़ सकती है या उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के वित्तीय बाज़ारों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। **अतः विकल्प B सही है।**

**15.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिक्किम:**

- **तुमलोंग की संधि ( 1861 )** के तहत सिक्किम ब्रिटिश भारत का संरक्षित राज्य बना। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 1974 के 35वें संशोधन अधिनियम ने** सिक्किम **की संरक्षित** स्थिति को समाप्त कर दिया और इसे भारत का 'सहयोगी राज्य' घोषित कर दिया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **36 वें संशोधन अधिनियम, 1975** के अंतर्गत सिक्किम भारत का पूर्ण राज्य बन गया।
- मिज़ोरम ने PLFS सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार 98.20% साक्षरता प्राप्त करके **95% साक्षरता दर बेंचमार्क को पार कर लिया है,** जो कि ULLA (समाज में सभी के लिये आजीवन सीखने की समझ) कार्यक्रम के तहत पूर्ण कार्यात्मक साक्षरता के लिये शिक्षा मंत्रालय के मानदंडों को पूरा करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रोजेक्ट टाइगर:**

- यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की एक **केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे वर्ष 1973 में शुरू किया गया था। अतः कथन 1 सही है।**
- यह बाघ क्षेत्र वाले राज्यों को नामित बाघ अभ्यारण्यों में बाघों के संरक्षण के लिये **केंद्रीय सहायता प्रदान करता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- टाइगर टास्क फोर्स की सिफारिशों के आधार पर वर्ष 2005 में स्थापित **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ( NTCA )** कार्यान्वयन एजेंसी है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इसे वर्ष 2006 में **वन्यजीव ( संरक्षण ) अधिनियम, 1972** में संशोधन के माध्यम से वैधानिक दर्जा दिया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

17.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कौशल भारत कार्यक्रम:**

- कौशल भारत कार्यक्रम (SIP), कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत वर्ष 2015 में शुरू की गई एक **कौशल विकास पहल है। अतः कथन 1 सही है।**
- इन योजनाओं से अब तक 2.27 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं, जिनमें ग्रामीण युवा, महिलाएँ और हाशिये पर पड़े समुदाय शामिल हैं।
- कौशल भारत कार्यक्रम के तहत सभी पाठ्यक्रम और प्रमाणन **राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) के अनुरूप** हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **वे डिजिलॉकर और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF)** के साथ एकीकृत हैं, जिससे औपचारिक मान्यता और रोज़गार तथा उच्च शिक्षा में निर्बाध संक्रमण सुनिश्चित होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

18.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अदिति योजना:** ADITI योजना iDEX के भीतर एक उप-योजना है तथा इसे महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिये लॉन्च किया गया है। **अतः युग्म 1 सही है।**
  - **रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX)** रक्षा आवश्यकताओं के लिये नवाचार करने हेतु **स्टार्ट-अप्स और MSME** को प्रोत्साहित करता है।
- **प्रौद्योगिकी विकास निधि (TDF):** रक्षा प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिये MSME और स्टार्टअप को समर्थन देने के लिये DRDO द्वारा संचालित किया जाता है। **अतः युग्म 2 सही है।**
  - वित्तवर्ष 2024-2025 में प्रति परियोजना वित्तपोषण सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपए कर दी गई।
- **सृजन पोर्टल:** भारतीय उद्योग द्वारा स्वदेशीकरण के लिये **आयातित वस्तुओं को सूचीबद्ध करने वाला** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म। **अतः युग्म 3 सही है।**
  - फरवरी 2025 तक 14,000 से अधिक वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया गया। **अतः विकल्प C सही है।**

19.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**खुला बाज़ार परिचालन (OMO):**

- यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों और ट्रेजरी बिलों की **एक साथ बिक्री एवं खरीद है। अतः कथन 1 सही है।**
- यह RBI द्वारा **वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से संचालित किया जाता है** और इसमें जनता के साथ सीधा लेन-देन शामिल नहीं होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह तरलता की स्थिति को स्थिर करने के लिये RBI द्वारा नियोजित **मात्रात्मक उपकरणों** में से एक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - मात्रात्मक उपकरण नकद आरक्षित अनुपात (CRR), बैंक दर या खुले बाज़ार परिचालन में परिवर्तन करके **मुद्रा आपूर्ति की सीमा को नियंत्रित करते हैं।**
  - **गुणात्मक उपकरणों में वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देने से हतोत्साहित या प्रोत्साहित करने के लिये केंद्रीय बैंक द्वारा अनुनय शामिल है,** जो नैतिक अनुनय, मार्जिन आवश्यकताओं आदि के माध्यम से किया जाता है।

20.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फ्लैग ऑफ कन्वीनियंस (FoC):**

- यह एक ऐसी प्रणाली है जिसमें जहाज़ों को जहाज़ के मालिकों के देश के अलावा **किसी दूसरे देश में पंजीकृत किया जाता है ताकि अधिक उदार विनियामक व्यवस्थाओं का लाभ उठाया जा सके। अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS) के तहत FoC **अवैध नहीं है, लेकिन सुरक्षा और श्रम मानकों को कमज़ोर करने के लिये अक्सर इसकी आलोचना की जाती है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**21.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR):**

- भारत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत CSR खर्च को अनिवार्य बनाने वाला **पहला देश है, जो पात्र गतिविधियों के लिये एक संरचित ढाँचा प्रदान करता है। अतः कथन 1 सही है।**
- CSR नियम उन कंपनियों पर लागू होते हैं, जिनकी पिछले वित्तीय वर्ष में **कुल संपत्ति 500 करोड़ रुपये से अधिक** या 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार या 5 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ऐसी कंपनियों को पिछले 3 वित्तीय वर्षों (या नई निगमित होने पर उपलब्ध वर्षों) के अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2% CSR गतिविधियों पर खर्च करना होगा।
- CSR व्यय में **गरीबी उन्मूलन, शिक्षा** और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, HIV/एड्स जैसी बीमारियों से लड़ना, पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना एवं सामाजिक-आर्थिक विकास व वंचित समूहों के कल्याण के लिये **सरकारी राहत कोष (जैसे PM केयर्स और PM राहत कोष) में योगदान देना शामिल है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा म्याँमार के साथ अरुणाचल प्रदेश (520 कि.मी.), नगालैंड (215 कि.मी.), मणिपुर (398 कि.मी.) और मिज़ोरम (510 कि.मी.) से होकर गुज़रती है।
  - 1,472 किलोमीटर सीमा का सीमांकन किया जा चुका है। **अतः विकल्प A सही है।**




**23.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत पूर्वानुमान प्रणाली:**

- इसका विकास **भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे** द्वारा किया गया है, और इसे भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2022 से प्रायोगिक रूप में परीक्षण किया गया है और अब उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग समर्थन के साथ पूरे देश में संचालन के लिये तैयार किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह प्रणाली स्थानीयकृत चरम मौसम घटनाओं, जैसे कि बादल फटना और फ्लैश फ्लड, का अधिक सटीक रूप से पता लगाने में सक्षम बनाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

**GM सरसों:**

- **धारा मस्टर्ड हाइब्रिड-11 (DMH-11)** स्वदेशी रूप से विकसित की गई एक ट्रांसजेनिक सरसों की किस्म है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का **आनुवंशिक रूप से संशोधित** संस्करण है।
- DMH-11 **भारतीय सरसों की किस्म 'वरुणा'** और पूर्वी यूरोपीय 'अर्ली हीरा-2' सरसों के क्रॉस का परिणाम है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें दो विदेशी जीन (**'बार्नेज' और 'बारस्टार'**) होते हैं, जो मृदा जीवाणु बैसिलस एमाइलोलिकेफैसिएन्स से अलग किये गए हैं, जो पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले सबसे प्रभावशाली बैक्टीरिया में से एक है। **अत: कथन 3 सही है।**
- DMH-11 ने राष्ट्रीय मानक की तुलना में लगभग 28% अधिक और क्षेत्रीय मानकों की तुलना में 37% अधिक उत्पादन दिखाया है, और इसके उपयोग का दावा किया गया है तथा इसे GEAC द्वारा अनुमोदित किया गया है।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

**इरुसिक एसिड:**

- भारतीय सरसों की फसल से निकाले गए **सरसों के तेल** में **इरुसिक एसिड** (कुल फैटी एसिड का 40% से 54%) नामक एक अद्वितीय **फैटी एसिड का उच्च स्तर होता है। अत: कथन 1 सही है।**
- **इरुसिक एसिड** के उच्च स्तर वाले सरसों के तेल को **हृदय रोग, यकृत की क्षति** और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनने की क्षमता के कारण मानव उपभोग के लिये अनुपयुक्त माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह तेल विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और यूरोप जैसे **उन्नत देशों** में अवांछनीय है।

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ऑपरेशन स्पाइडर्स वेब:**

- इसे **यूक्रेन द्वारा** ड्रोन का उपयोग करके रूसी क्षेत्र में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है** ।
- इस ऑपरेशन में उपयोग किये गए ड्रोन फर्स्ट-पर्सन व्यू (FPV) ड्रोन थे। **अत: कथन 2 सही है।**
  - FPV ड्रोन वे **मानव रहित हवाई वाहन (UAV)** होते हैं जिनमें कैमरे लगे होते हैं जो लाइव वीडियो फुटेज ऑपरेटर को भेजते हैं, जिससे ऑपरेटर को ऐसा महसूस होता है जैसे वे ड्रोन के कॉकपिट में हों और वे ड्रोन को उसी दृष्टिकोण से नियंत्रित कर सकते हैं, इसे "फर्स्ट-पर्सन" परिप्रेक्ष्य कहा जाता है।

27.

उत्तर: A

व्याख्या:

**हाइड्रोजन ऊर्जा के प्रकार:**

- हाइड्रोजन को इसकी निष्कर्षण विधि की प्रकृति के आधार पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है, अर्थात् ग्रे, ब्लू और ग्रीन।
  - **ग्रे हाइड्रोजन:** यह कोयला या लिग्नाइट गैसीकरण (काला या भूरा) के माध्यम से या प्राकृतिक गैस या **मीथेन** की **स्टीम मीथेन रिफॉर्मेशन (SMR)** प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न होता है। ये प्रक्रियाएँ अधिकांशत: कार्बन-गहन होती हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
  - **ब्लू हाइड्रोजन:** यह **प्राकृतिक गैस** या **कोयला गैसीकरण** के माध्यम से उत्पन्न होता है, जिसे कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिये **कार्बन कैप्चर स्टोरेज (CCS)** या **कार्बन कैप्चर उपयोग (CCU)** तकनीकों के साथ संयोजित किया जाता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
  - **ग्रीन हाइड्रोजन:** यह नवीकरणीय ऊर्जा से उत्पन्न विद्युत का उपयोग कर जल के इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से उत्पादित होता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- कार्बन की तीव्रता अंततः विद्युत स्रोत की कार्बन तटस्थता पर निर्भर करती है (यानी, विद्युत ईंधन मिश्रण में जितनी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा होगी, उतना ही "हरा" हाइड्रोजन उत्पादित होगा)। **अतः विकल्प A सही है।**

**28.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC)**

- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की प्रावधानों के अनुसार, मौद्रिक नीति समिति (MPC) में कुल छह सदस्य होते हैं: तीन सदस्य RBI के होते हैं और तीन केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं।
    - मौद्रिक नीति समिति के सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं और वे चार वर्षों की अवधि के लिये पद ग्रहण करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैठक के लिये न्यूनतम सदस्य संख्या (कोरम) चार सदस्यों की होती है, जिसमें कम-से-कम एक सदस्य गवर्नर होना आवश्यक है, या उसकी अनुपस्थिति में, MPC के सदस्य डिप्टी गवर्नर का होना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 13** के अनुसार, गवर्नर या उसकी अनुपस्थिति में गवर्नर द्वारा अधिकृत डिप्टी गवर्नर केंद्रीय बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा।
    - सम मत होने की स्थिति में, अध्यक्ष के पास दूसरा या निर्णायक वोट देने का अधिकार होगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारत ने वर्ष 2024 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए पवन और सौर ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बनकर** विश्व की कुल बिजली का 10% उत्पादन किया। **अतः कथन 1 सही है।**
    - सौर ऊर्जा ने लगातार तीसरे वर्ष 474 TWh जोड़ते हुए नये विद्युत उत्पादन में अग्रणी स्थान प्राप्त किया।
- भारत की **केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (CERC)** सौर ऊर्जा के टैरिफ निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली विद्युत उपक्रमों, अंतर-राज्यीय उत्पादन कंपनियों, और संचरण प्रणालियों के टैरिफ का नियमन करती है।
    - CERC विभिन्न सौर ऊर्जा परियोजनाओं के टैरिफ भी निर्धारित करती है, जिनमें अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन प्रणाली (ISTS) से जुड़ी परियोजनाएँ शामिल हैं।

**30.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM):**

- इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) को आधिकारिक तौर पर दिसंबर 2021 में बड़े उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना के एक भाग के रूप में लॉन्च किया गया था।
    - इसका नेतृत्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस सरकारी पहल का उद्देश्य भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देना है।
- इसे डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के भीतर एक **स्वतंत्र व्यापार प्रभाग** के रूप में स्थापित किया गया है। ISM के पास सभी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियाँ हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM), सेमीकंडक्टर इंडिया कार्यक्रम के तहत** स्वीकृत योजनाओं के लिये एक **नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा है। अतः कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग):**

- वर्ष 2015 में **योजना आयोग** के स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई, जिससे एक बड़ा परिवर्तन आया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- पुरानी प्रणाली के विपरीत, जहाँ नीति केवल केंद्र से राज्यों तक प्रवाहित होती थी, नीति आयोग दोनों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह राज्यों को अपनी विकास योजनाओं पर नियंत्रण रखने के लिये प्रोत्साहित करता है और केंद्र एवं राज्यों को जोड़ने में सहायता करता है। आज के डिजिटल और भौतिक विश्व में, ज्ञान के अंतराल को कम करने में नीति आयोग एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
    - जनवरी 2018 में नीति आयोग द्वारा शुरू किये गए **आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (ADP)** का उद्देश्य भारत के 27 राज्यों के 112 अविकसित ज़िलों को बदलना है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इन ज़िलों का चयन सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के आधार पर किया जाता है तथा कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन स्तर में सुधार लाना तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देना है।
- नीति आयोग की **वार्षिक गवर्निंग काउंसिल की बैठक** केंद्र और राज्यों के राजनीतिक नेतृत्व के लिये राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श करने हेतु शीर्ष मंच के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**32.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान की छठी अनुसूची:**

- भारतीय संविधान की छठी अनुसूची जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन को नियंत्रित करती है और यह विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों **असम, मेघालय, त्रिपुरा** तथा **मिज़ोरम पर लागू होती है। अत: कथन 1 सही है।**
    - यह इन राज्यों में जनजातीय आबादी के अधिकारों और हितों की रक्षा करता है।
- **छठी अनुसूची का एक प्रमुख प्रावधान स्वायत्त ज़िलों** और **स्वायत्त क्षेत्रों** के रूप में जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - राज्य के राज्यपाल को इन स्वायत्त ज़िलों और क्षेत्रों के लिये विशिष्ट क्षेत्रों को प्रशासनिक इकाइयों के रूप में नामित करने का अधिकार दिया गया है।
- भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के तहत ज़िला और क्षेत्रीय परिषदों द्वारा बनाए गए कानूनों को प्रभावी होने से पहले **राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि राज्यपाल, राज्य के कार्यकारी प्रमुख के रूप में, इन कानूनों और राज्य पर उनके संभावित प्रभाव की देखरेख करेंगे।

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चक्रीय अर्थव्यवस्था (CE):**

- यह **समुत्थानशीलता**, पुन:उपयोग और पुनर्चक्रण के लिये उत्पादों को डिज़ाइन करने पर ध्यान केंद्रित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि अधिकांश वस्तुओं को ऊर्जा पुनर्प्राप्ति के लिये पुन:निर्मित, पुनर्चक्रित या पुन:उपयोग किया जाए। **अत: कथन 1 सही है।**
    - सर्कुलरिटी का तात्पर्य है कि सामग्री को यथासंभव लंबे समय तक **प्रचलन में रखना।** इसका **अंतिम लक्ष्य** अपशिष्ट उत्पादन को कम करके और सामग्रियों के मूल्य को अधिकतम करके **पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को कम करना है।**
    - **इसमें 6R शामिल हैं**- सामग्री की कटौती (Reduce), पुन: उपयोग (Reuse), पुनर्चक्रण (Recycle), नवीनीकरण (Refurbish), पुनर्प्राप्ति (Recover) और मरम्मत (Repair)।
- **भारत ग्लोबल अलायंस ऑन सर्कुलर इकोनॉमी एंड रिसोर्स एफिशिएंसी (GACERE)** का एक प्रमुख सदस्य है, जिसका उद्देश्य सर्कुलर आर्थिक प्रथाओं के लिये वैश्विक परिवर्तन को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हनोई **3R घोषणा** (2013-2023) ने संसाधन-कुशल और चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिये 33 स्वैच्छिक लक्ष्य निर्धारित किये। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **क्षेत्रीय 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम** की शुरुआत वर्ष 2009 में की गई थी और इसका उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में **3R (रिड्यूस, रीयूज़, रीसाइकिल) सिद्धांतों और सर्कुलर इकोनॉमी प्रथाओं को बढ़ावा देना है।**
- यह संसाधन दक्षता रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिये नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, शोधकर्त्ताओं और साझेदारों को एक साथ लाता है।

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान का **अनुच्छेद 29 (अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण) सभी नागरिकों को अपनी भाषा के संरक्षण का अधिकार देता है और भाषा के आधार पर भेदभाव को रोकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार देता है।**
- **अनुच्छेद 120 (संसद में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा) संसद के कामकाज़** के लिये हिंदी या अंग्रेज़ी के प्रयोग का प्रावधान करता है, लेकिन संसद के सदस्यों को अपनी मातृभाषा में अपनी बात कहने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 350A** (प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा) में प्रावधान है कि **प्रत्येक राज्य और राज्य के भीतर प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण** का प्रयास होगा कि भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित **बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक स्तर** पर मातृभाषा में शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान की जाएँ। **अत: कथन 3 सही है।**

**35.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS):**

- यह **ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022** के तहत शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय कार्बन बाज़ार (ICM) की स्थापना करना था। यह प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना का स्थान लेकर भारत की पेरिस समझौते के अंतर्गत की गई जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक बाज़ार-आधारित तंत्र है, जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन की कीमत निर्धारित करके और कार्बन व्यापार को बढ़ावा देकर भारतीय अर्थव्यवस्था को डीकार्बोनाइज़ करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - PAT योजना का उद्देश्य ऊर्जा-बचत प्रमाणपत्र (ESCerts) के माध्यम से ऊर्जा-गहन उद्योगों में **ऊर्जा दक्षता में सुधार** करना था।
- CCTS की शुरुआत में **ऊर्जा-गहन उद्योगों** जैसे लौह व इस्पात, एल्युमिनियम, सीमेंट, उर्वरक, पेट्रोलियम रिफाइनरी, लुगदी व कागज़, और वस्त्र उद्योगों को शामिल किया गया है, जो भारत के कुल उत्सर्जन का लगभग 16% हिस्सा हैं।
  - बिजली क्षेत्र, जो भारत के कुल ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन का 40% हिस्सा है, वर्तमान में इसमें शामिल नहीं है और इसे बाद में शामिल किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ब्रीडर रिएक्टर:**

- ब्रीडर रिएक्टर एक ऐसा परमाणु रिएक्टर है जो उपजाऊ पदार्थ, जैसे कि यूरेनियम-238 या थोरियम-232, की विकिरण प्रक्रिया द्वारा विखंडनीय ईंधन के साथ लोड किये जाने पर उससे अधिक विखंडनीय पदार्थ उत्पन्न करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये विद्युत उत्पादन के लिये परमाणु ईंधन की आपूर्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पीएम-प्रणाम योजना:**

- उर्वरकों के सतत् और संतुलित उपयोग को **बढ़ावा देने में राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों को पूरक बनाने** के लिये केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इसकी घोषणा की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने रासायनिक उर्वरक उपभोग को पिछले तीन वर्षों के औसत से कम कर देंगे, उन्हें उर्वरक सब्सिडी से **50% बचत प्राप्त होगी। अत: कथन 2 सही है।**
  - इस अनुदान का उपयोग किसानों सहित स्थानीय आबादी के लाभ के लिये किया जा सकता है।
- इसमें यूरिया, DAP (डायमोनियम फॉस्फेट), एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम) और एमओपी (म्यूरिएट ऑफ पोटाश) सहित **विभिन्न प्रकार के उर्वरक शामिल हैं।**

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चिनाब नदी**

- इसका उद्गम हिमाचल प्रदेश राज्य के **लाहौल और स्पीति ज़िले में ऊपरी हिमालय** से होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह नदी लाहौल और स्पीति ज़िले में केलांग से 8 किमी दक्षिण-पश्चिम में टांडी में **दो नदियों, चंद्रा और भागा के संगम से बनती है। अत: कथन 2 सही है।**
  - भागा नदी सूर्य ताल झील से निकलती है जो हिमाचल प्रदेश में बारा-लाचा ला दर्रे से कुछ किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।
- यह नदी जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होकर पाकिस्तान के पंजाब के मैदानी इलाकों में प्रवाहित होती है और फिर सिंधु नदी में मिल जाती है।
- नदी पर बना चेनाब पुल **विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे** आर्च ब्रिज है। **अत: कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कुल प्रजनन दर (TFR):**

- TFR उन **बच्चों की औसत संख्या है जो महिलाओं के एक समूह द्वारा** अपने प्रजनन वर्षों (15 से 49 वर्ष की आयु) के अंत तक पैदा किये जा सकते हैं, यदि वे अपने पूरे जीवन में वर्तमान प्रजनन दरों का पालन करते हैं, यह मानते हुए कि कोई मृत्यु दर नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे प्रति महिला पर बच्चों की संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है।
  - **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) (वर्ष 2019-21)** के अनुसार, TFR 2.2 बच्चों प्रति महिला (NFHS-4 (2015-16)) से घटकर 2.0 बच्चे प्रति महिला हो गई है।
- 2.1 का TFR **प्रतिस्थापन स्तर माना जाता है**, जहाँ प्रत्येक पीढ़ी बिना किसी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के खुद को प्रतिस्थापित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि, 2.1 से कम कुल प्रजनन दर (TFR) नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि का कारण बन सकती है, जिससे संभावित रूप से दीर्घकालिक **जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं**, जिनमें वृद्ध होती जनसंख्या भी शामिल है।

**40.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अरुणाचल प्रदेश की जनजातियाँ:**

- अपातानी या तन्व, जिन्हें आपा और आपा तानी के नाम से भी जाना जाता है, अरुणाचल प्रदेश के निचले सुबनसिरी ज़िले में **जीरो घाटी में रहने वाले लोगों का एक जनजातीय समूह है।**
- न्यीशी **अरुणाचल प्रदेश का सबसे बड़ा जातीय समूह है।**
  - निशि, जो उनकी पारंपरिक भाषा है, में न्यी का अर्थ है "एक आदमी" और शि शब्द का अर्थ है "एक प्राणी", जो एक साथ मिलकर एक सभ्य मानव को दर्शाता है।
- पदम, मिलांग, कोमकर, मिनयोंग और पासी सामूहिक रूप से स्वयं को 'आदि' अर्थात पहाड़ी लोग कहते हैं।
  - आदि **एक प्रमुख समूह है तथा निचली दिबांग घाटी ज़िले के निचले भाग,** विशेषकर रोइंग और दम्बुक क्षेत्रों में निवास करते हैं।
  - एक दूसरे के सदृश, वे एक ही बोली बोलते हैं, एक ही मूल का दावा करते हैं तथा एक ही अनुष्ठान और त्यौहार मनाते हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

41.

उत्तर: D

व्याख्या:

**अनुच्छेद 3 के अंतर्गत शक्तियाँ:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 **संसद को राज्यों के गठन, परिवर्तन या विघटन के संबंध में विभिन्न कार्यवाहियाँ करने का अधिकार देता है।** इन कार्यों में शामिल हैं:
  - संसद किसी मौजूदा राज्य से क्षेत्र अलग करके, दो या अधिक राज्यों को एकीकृत करके, या किसी क्षेत्र को किसी मौजूदा राज्य के हिस्से के साथ मिलाकर **एक नया राज्य बना सकती है।**
  - संसद को किसी भी राज्य का क्षेत्रफल **बढ़ाने या घटाने का अधिकार है।**
  - संसद किसी भी राज्य की **सीमाओं में परिवर्तन कर सकती है।**
  - संसद किसी भी राज्य का **नाम बदल सकती है। अत: विकल्प D सही है।**

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

**इथेनॉल:**

- चीनी निर्माण का एक उपोत्पाद गुड़, आम तौर पर इथेनॉल (निर्जल अल्कोहल) और शुद्ध स्प्रिट **के उत्पादन का मुख्य स्रोत है। अत: कथन 1 सही है।**
- उत्पादन प्रक्रिया में **खमीर द्वारा शर्करा का किण्वन** या एथिलीन हाइड्रेशन जैसी पेट्रोकेमिकल प्रक्रियाओं के माध्यम से शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इथेनॉल एक **दहनशील पदार्थ है** और इसका दहन तापमान गैसोलीन की तुलना में कम होता है, जिससे यह एक स्वच्छ-जलने वाला विकल्प बन जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

43.

उत्तर: B

व्याख्या:

**केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (CBDC):**

- **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने** वित्तीय सेवा विभाग (DFS), राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) एवं साझेदार बैंकों के साथ मिलकर भारत की अपनी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (CBDC) - डिजिटल रुपया या 'e-RUPI' लॉन्च की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CBDC एक **कागजी मुद्रा का डिजिटल रूप है** और विनियामक शून्य में संचालित होने वाली क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, ये एक केंद्रीय बैंक द्वारा जारी एवं समर्थित कानूनी निविदाएँ हैं। **अत:कथन 2 सही नहीं है।**
- डिजिटल फिएट करेंसी या CBDC का लेन-देन ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यद्यपि CBDC की अवधारणा सीधे बिटकॉइन से प्रेरित थी, यह **विकेन्द्रीकृत आभासी मुद्राओं** और क्रिप्टो परिसंपत्तियों से अलग है, जिन्हें राज्य द्वारा जारी नहीं किया जाता है एवं उन्हें 'कानूनी निविदा' का दर्ज़ा नहीं प्राप्त है।

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

**शिक्षा का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2009:**

- 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 ने 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा के अधिकार को अनुच्छेद 21A के अंतर्गत एक मौलिक अधिकार बना दिया गया है।
- **प्राथमिक शिक्षा पूरी होने तक नि:शुल्क** होगी, भले ही बच्चा 14 वर्ष से अधिक का हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- सहायता प्राप्त स्कूल प्राप्त धन के अनुपात में **नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान** करेंगे, जो न्यूनतम 25% के अधीन होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 को 2019 में **नो-डिटेंशन पॉलिसी** को खत्म करने के लिये संशोधित किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्रीनवाशिंग:**

- यह शब्द किसी भी **भ्रामक या गुमराह करने वाले व्यवहार को संदर्भित** करता है जिसमें अतिशयोक्ति, चूक या झूठे पर्यावरणीय दावे शामिल होते हैं।
- भ्रामक प्रतीकों, छवियों या भाषा का प्रयोग जो **पर्यावरण के सकारात्मक पहलुओं** को उजागर करते हैं, जबकि हानिकारक पहलुओं को छिपाते हैं।
    - कोई भी भ्रामक या गुमराह करने वाला कार्य, जिसमें प्रासंगिक जानकारी को छिपाना, छोड़ देना या छिपाना, बढ़ा-चढ़ाकर बताना, अस्पष्ट, झूठे या अप्रमाणित पर्यावरणीय दावे करना. शामिल है।
- पर्यावरणीय दावों से तात्पर्य **वस्तुओं या सेवाओं के बारे में उनके घटकों,** विनिर्माण प्रक्रियाओं, पैकेजिंग, उपयोग या निपटान से है, जो पर्यावरण के अनुकूल विशेषताओं का सुझाव देते हैं। **अत: विकल्प (b) सही है।**

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**क्वांटम एंटैंगलमेंट:**

- क्वांटम एंटैंगलमेंट एक ऐसी घटना है जहाँ **दो या अधिक कणों की अवस्थाएँ आपस** में इस तरह जुड़ी होती हैं कि एक कण की अवस्था दूसरे को प्रभावित करती है, चाहे उनके बीच की दूरी कितनी भी हो।"
- जब दो क्यूबिट **(क्वांटम बिट) आपस में एंटैंगल्ड (उलझे हुए)** होते हैं, तो वे तब तक सुपरपोजिशन अवस्था में रहते हैं जब तक किसी एक को मापा (measure) नहीं जाता।
- इस तरह, एंटैंगल्ड क्यूबिट्स प्रकाश की गति से भी तेज़ **गति से, प्रकाश वर्ष की दूरी तक भी सूचना का हस्तांतरण कर सकते हैं।** जबकि क्यूबिट्स वास्तव में प्रकाश की तुलना में डेटा को तेज़ी से स्थानांतरित नहीं करते हैं, क्वांटम एंटैंगलमेंट क्वांटम सर्किट की शक्ति को नाटकीय रूप से बढ़ा सकता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:**

- **इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE)** द्वारा फरवरी 2024 में लॉन्च किया गया था तथा इसका उद्देश्य छतों पर सोलर पैनल लगाकर **एक करोड़ घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध** कराना है।
    - यह प्रति माह 300 यूनिट तक **मुफ्त बिजली प्रदान** करता है और स्थापना लागत का 40% तक सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे पूरे देश में व्यापक सौर ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा मिलता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **इसमें केवल भारत में निर्मित** सौर सेल और मॉड्यूल का उपयोग अनिवार्य किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **परिवार अधिशेष बिजली को डिस्कॉम** को बेचकर आय अर्जित कर सकते हैं, जिसमें **3 किलोवाट** की छत वाली व्यवस्था से प्रति माह 300 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है।

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विखंडन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें **एक परमाणु का नाभिक** दो या अधिक छोटे नाभिकों और कुछ उपोत्पादों में विभाजित हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - जब नाभिक विभाजित होता है, तो विखंडन के दौरान (प्राथमिक नाभिक) नाभिक की गतिज ऊर्जा, ईंधन में

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपस्थित अन्य परमाणुओं** में ऊष्मा ऊर्जा के रूप में स्थानांतरित हो जाती है, जिसका उपयोग अंततः टर्बाइनों को चलाने के लिये भाप उत्पन्न करने में किया जाता है।

- **संलयन** को कई छोटे नाभिकों के एक बड़े नाभिक में संयोजन के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप भारी मात्रा में ऊर्जा निकलती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - संलयन की प्रक्रिया **सूर्य को ईंधन** प्रदान करती है तथा संभावित रूप से ऊर्जा का एक अंतहीन, स्वच्छ स्रोत प्रदान कर सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - सूर्य में, इसके अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण द्वारा उत्पन्न अत्यधिक दबाव, संलयन के लिये परिस्थितियाँ उत्पन्न करता है।

**49.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अरावली पर्वतमाला:**

- यह गुजरात से राजस्थान होते हुए दिल्ली तक फैला हुआ है, जिसकी लंबाई 692 किमी और **चौड़ाई 10 से 120 किमी के बीच है। अतः कथन 1 सही है।**
    - यह श्रृंखला एक **प्राकृतिक हरित दीवार के रूप में कार्य करती है,** जिसका 80% भाग राजस्थान में तथा 20% हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में स्थित है।
- अरावली पर्वतमाला **दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित है** - सांभर सिरोही श्रेणी और राजस्थान में सांभर खेतड़ी श्रेणी, जहाँ इनका विस्तार लगभग 560 किमी है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह थार रेगिस्तान और गंगा के मैदान के बीच एक **इकोटोन के रूप में कार्य करता है।**
        - **इकोटोन वे क्षेत्र हैं जहाँ दो या अधिक पारिस्थितिक तंत्र, जैविक समुदाय या जैविक क्षेत्र मिलते हैं।**
- **इस पर्वतमाला की सबसे ऊँची चोटी गुरुशिखर (राजस्थान) है,** जिसकी ऊँचाई 1,722 मीटर है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**50.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**DIGIPIN (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर):**

- DIGIPIN भारत को **लगभग 4 मीटर x 4 मीटर ग्रिड में विभाजित करता है** , जिसमें प्रत्येक ग्रिड को अक्षांश और देशांतर निर्देशांक के आधार पर एक अद्वितीय 10-वर्ण अल्फान्यूमेरिक कोड सौंपा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पारंपरिक डाक पतों के विपरीत, DIGIPIN किसी स्थान के सटीक अक्षांश और देशांतर निर्देशांक के आधार पर **भू-स्थानिक संदर्भों का उपयोग करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- इसे **ऑफलाइन कार्य करने के लिये डिज़ाइन किया गया है** तथा इसके प्रोग्रामिंग कोड को डिकोड करने और कोड प्राप्त करने के लिये सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ):**

- यह एक ऐसा भौगोलिक क्षेत्र है जिसके आर्थिक कानून **किसी देश के** घरेलू आर्थिक कानूनों की तुलना में अधिक उदार हैं।
- बाबा **कल्याणी के नेतृत्व वाली समिति का** गठन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा भारत की मौजूदा SEZ नीति का अध्ययन करने के लिये किया गया था और इसने नवंबर 2018 में अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **निर्यात को बढ़ावा देने में निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र मॉडल की प्रभावशीलता को पहचानने वाले** भारत एशिया के पहले देशों में से एक था , जिसने वर्ष 1965 में गुजरात के कांडला में एशिया का पहला EPZ स्थापित किया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में विशेष आर्थिक क्षेत्र नीति की घोषणा अप्रैल 2000 में की गई थी, जिसका उद्देश्य विदेशी निवेश को बढ़ाना, रोज़गार के अवसर पैदा करना तथा बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ निर्यात के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी और परेशानी मुक्त वातावरण प्रदान करना था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **भारत के सभी कानून SEZ पर लागू होते हैं** जब तक कि SEZ अधिनियम/नियमों के अनुसार विशेष रूप से छूट न दी गई हो। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**52.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 85** राष्ट्रपति को संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर बुलाने का अधिकार देता है, जो उचित समझे, तथा यह सुनिश्चित करता है कि दो सत्रों के बीच छह महीने से अधिक का समय न बीत जाए। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय संविधान में संसदीय सत्र आयोजित करने के लिये किसी विशिष्ट स्थान का प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि, परंपरागत रूप से, सभी सत्र राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित किए जाते हैं।

**53.**

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**इंडिया स्टैक:**

- यह **API (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस)** का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप्स और डेवलपर्स को उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित और नकदी रहित सेवा वितरण की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक अद्वितीय डिजिटल बुनियादी ढाँचे का उपयोग करने की अनुमति देता है।
  - इंडिया स्टैक के माध्यम से भारत तीनों आधारभूत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) विकसित करने वाला पहला देश बन गया: डिजिटल पहचान (आधार), वास्तविक समय में तीव्र भुगतान (UPI), और डेटा सशक्तीकरण संरक्षण आर्किटेक्चर (DEPA) पर आधारित अकाउंट एग्रीगेटर
  - DEPA एक डिजिटल ढाँचा तैयार करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को अपने डेटा को अपनी शर्तों पर एक तृतीय पक्ष संस्था के माध्यम से साझा करने की अनुमति देता है, जिसे सहमति प्रबंधक के रूप में जाना जाता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**54.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**खसरा:**

- **मोरबिलिवायरस (RNA वायरस)** के कारण होने वाला खसरा अत्यधिक संक्रामक है और इससे मृत्यु सहित गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इससे लाल चकत्ते हो जाते हैं और MR वैक्सीन के माध्यम से इसकी रोकथाम संभव है।
- विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान शुरू किये गए राष्ट्रीय **शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान (वर्ष 2025-26)** का उद्देश्य सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत 100% टीकाकरण कवरेज के माध्यम से वर्ष 2026 तक भारत में खसरा और रूबेला को खत्म करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - वर्ष 2024-25 तक, UIP के तहत प्रदान की जाने वाली MR वैक्सीन की दो खुराकों के लिये भारत का MR टीकाकरण कवरेज 90% से अधिक है।
  - वर्ष 2024 में, वर्ष 2023 की तुलना में खसरे के मामलों में 73% और रूबेला के मामलों में 17% की कमी आएगी।

**55.**

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (MGNREGA):**

- मनरेगा सामाजिक सुरक्षा के लिये एक **केन्द्र प्रायोजित योजना है** जिसका उद्देश्य भारत में **ग्रामीण रोज़गार की गारंटी प्रदान करना है।**
  - यह योजना 100% शहरी आबादी वाले ज़िलों को छोड़कर पूरे देश में लागू है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसे वर्ष 2005 में **ग्रामीण विकास मंत्रालय के नोडल मंत्रालय के रूप में अधिनियमित किया गया था। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक पंजीकृत वयस्क ग्रामीण परिवारों को कम से कम **100 दिनों का गारंटीकृत मज़दूरी रोज़गार प्रदान करती है।**
    - रोज़गार मांग पर प्रदान किया जाता है; यदि 15 दिनों के भीतर प्रदान नहीं किया जाता है, तो श्रमिक **बेरोज़गारी भत्ते के हकदार होते हैं,** जो पहले 30 दिनों के लिये न्यूनतम मजदूरी का एक-चौथाई और उसके बाद न्यूनतम मजदूरी का आधा होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मनरेगा के तहत लाभार्थियों में से कम से कम **एक तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये। अतः कथन 3 सही है।**
- यह प्रावधान महिलाओं को वेतन और कार्य के अवसरों तक समान पहुँच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है।

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI):**

- FSSAI खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्थापित एक **स्वायत्त वैधानिक निकाय है। अतः कथन 1 सही है।**
    - वर्ष 2006 का अधिनियम खाद्य से संबंधित विभिन्न कानूनों को एकीकृत करता है, जैसे खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954, फल उत्पाद आदेश, 1955, मांस खाद्य उत्पाद आदेश, 1973 तथा अन्य अधिनियम, जो पहले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा नियंत्रित किये जाते थे।
- **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय** के तहत संचालित, भारत में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को विनियमित एवं पर्यवेक्षण करके **सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और बढ़ावा देने** हेतु FSSAI ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष, भारत सरकार के सचिव के स्तर का होता है।
- FSSAI ने लोगों को चयापचय संबंधी विकारों के बारे में समझने में **मदद करने के लिये "डाइट4लाइफ" की शुरुआत की है। अतः कथन 3 सही है।**
    - यह माता-पिता, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों और अभिभावक सहायता समूहों को चयापचय की जन्मजात त्रुटियों (IEM) के प्रबंधन के लिये सही दृष्टिकोण अपनाने हेतु एक **व्यापक मंच प्रदान करता है।**

**57.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अरावली ग्रीन वॉल परियोजना:**

- **अरावली ग्रीन वॉल परियोजना** एक वनरोपण पहल है जो अरावली पर्वतमाला के लगभग 700 किलोमीटर क्षेत्र (जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के 29 ज़िले शामिल हैं) में विस्तारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसका लक्ष्य वृक्षारोपण एवं हरित गलियारे के विकास के माध्यम से बंजर भूमि को बहाल करना एवं पारिस्थितिकी स्वास्थ्य में सुधार करना है।
- यह परियोजना **अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल** से प्रेरित है जिसका उद्देश्य **साहेल क्षेत्र** में मरुस्थलीकरण को रोकना है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसी प्रकार, अरावली ग्रीन वॉल का उद्देश्य हरित पट्टी के निर्माण द्वारा भारत में भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण की समस्या का समाधान करना है।
- इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य पूर्व की ओर थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है जो उत्तरी भारत के उपजाऊ मैदानों के लिए संकट है। **अतः कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जनगणना:**

- वर्ष 2027 की जनगणना **1931 के बाद पहली बार राष्ट्रव्यापी जाति गणना को शामिल करेगी। अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- यद्यपि अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की गणना पिछली जनगणनाओं में की जाती रही है, लेकिन स्वतंत्रता के बाद यह पहली बार होगा जब सभी जाति समूहों को दर्ज किया जाएगा।
- भारत में पहली समकालिक जनगणना वर्ष 1881 में जनगणना आयुक्त **डब्ल्यू.सी. प्लोडेन** के अधीन हुई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
  - तब से यह सर्वेक्षण हर दस वर्ष में आयोजित किया जाता है, जिससे निरंतर और व्यापक जनसांख्यिकीय रिकॉर्ड उपलब्ध होता है।
- जनगणना भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय के तहत की जाती है, जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**साइबर सुरक्षा:**

- **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक (NCSC),** राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) के अंतर्गत कार्य करता है। यह विभिन्न सरकारी एजेंसियों में साइबर सुरक्षा प्रयासों के समन्वय के लिये ज़िम्मेदार है, जिससे साइबर खतरों के लिये एकीकृत राष्ट्रीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- साइबर स्वच्छता केंद्र (बॉटनेट क्लीनिंग और मैलवेयर विश्लेषण केंद्र) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) द्वारा संचालित किया जाता है। यह उपयोगकर्त्ताओं को उनके सिस्टम से मैलवेयर, विशेष रूप से बॉटनेट संक्रमण का पता लगाने और हटाने में सहायता करने के लिये निशुल्क उपकरण तथा सेवाएँ प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**60.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI):**

- **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) की** स्थापना वर्ष 1988 में एक **गैर-सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी।** यह वर्ष **1992 में SEBI अधिनियम, 1992** के अधिनियमन के माध्यम से एक सांविधिक निकाय बन गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **SEBI ने निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (IEPFA)** के साथ मिलकर जागरूकता बढ़ाने और दावा रहित शेयरों तथा लाभांश के लिये पुन: प्राप्ति प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये "निवेशक शिविर" शुरू किया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह पहल व्यापक निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण प्रयासों का हिस्सा है।

**61.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध:**

- **अनुच्छेद 19(2)** में **मानहानि** को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिये एक वैध आधार के रूप में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।
- अनुच्छेद 19(2) के अंतर्गत **अनुसूचित जनजातियों** का संरक्षण आधार के रूप में **सूचीबद्ध नहीं है।**
  - यद्यपि राज्य अन्य प्रावधानों के तहत उनके कल्याण के लिये कानून बना सकता है, लेकिन यह अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध लगाने का प्रत्यक्ष आधार नहीं है।
- अनुच्छेद 19, जो वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुनिश्चिता प्रदान करता है, को सार्वजनिक व्यवस्था, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों और अपराध के लिये उकसावे के हित में इन अधिकारों पर उचित प्रतिबंध लगाने के लिये संशोधित किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **इसे प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951** द्वारा जोड़ा गया था और यह अनुच्छेद 19(2) के अंतर्गत एक वैध आधार है।
- **अनुच्छेद 19(2) में न्यायालय की अवमानना** को उचित प्रतिबंधों के आधार के रूप में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है। **अत: विकल्प B सही है।**

**62.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**SAMARTH:**

- **SAMARTH** (Scheme for Capacity Building in Textile Sector अर्थात् वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) वस्त्र मंत्रालय की एक प्रमुख कौशल विकास योजना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका उद्देश्य टेक्सटाइल (कपड़ा) क्षेत्र में कुशल कार्यबल की कमी को दूर करने के लिये मांग-आधारित (डिमांड-ड्रिवन) और रोज़गारोन्मुख (प्लेसमेंट-ओरिएंटेड) कौशल विकास प्रदान करना है।
- इस योजना का उद्देश्य संगठित कपड़ा और संबंधित क्षेत्रों में रोज़गार सृजन को प्रोत्साहित और समर्थन करना है, जो कपड़ों के संपूर्ण मूल्य शृंखला को शामिल करता है, लेकिन इसमें कताई और बुनाई शामिल नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - प्रशिक्षण कार्यक्रम और पाठ्यक्रम को उभरती हुई तकनीकी और बाज़ार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये युक्तिसंगत बनाया गया है।

**63.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA):**

- **NALSA का** गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित न किया जाए।
- इसका मुख्य मिशन महिलाओं, बच्चों, SC/ST, औद्योगिक कामगारों, तस्करी के शिकार लोगों और अन्य सहित समाज के कमज़ोर वर्गों को मुफ्त एवं सक्षम कानूनी सेवाएँ प्रदान करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- NALSA केंद्रीय समन्वय प्राधिकरण है और यह **राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों (SLSA),** ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरणों (**DLSA**) एवं तालुका विधिक सेवा समितियों (TLSC) के प्रदर्शन के लिये दिशानिर्देश जारी करने, निगरानी करने व मूल्यांकन करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह कानूनी सहायता योजनाओं का एकसमान कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है तथा लोक अदालतें, कानूनी साक्षरता शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

**64.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS):**

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा आवधिक **श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS)** आयोजित किया जाता है। यह भारत में रोज़गार और बेरोज़गारी की स्थिति का आकलन करने के लिये प्रमुख संकेतक प्रदान करता है।
  - PLFS में शामिल प्रमुख रोज़गार-बेरोज़गारी संकेतक हैं:
- **श्रम बल भागीदारी दर (LFPR):** कामकाजी आयु वर्ग (15 वर्ष और उससे अधिक) की आबादी में उन लोगों का प्रतिशत जो या तो कार्यरत हैं या सक्रिय रूप से रोज़गार की तलाश कर रहे हैं। यह अर्थव्यवस्था में सक्रिय कार्यबल भागीदारी की सीमा को मापता है।
- **श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR):** कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या का वह अनुपात जो वास्तव में कार्यरत है। यह जनसंख्या में रोज़गार के स्तर को दर्शाता है।
- **बेरोज़गारी दर (UR):** श्रम बल में उन लोगों का प्रतिशत जो बेरोज़गार हैं और सक्रिय रूप से कार्य की तलाश कर रहे हैं। यह अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी के स्तर को दर्शाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **लिंग वेतन अंतर:** इसे PLFS में मुख्य संकेतक के रूप में शामिल **नहीं किया गया है**। जबकि PLFS रोज़गार और मज़दूरी पर लिंग-विभाजित डेटा प्रदान करता है, यह सीधे लिंग वेतन अंतर को मुख्य संकेतक के रूप में रिपोर्ट नहीं करता है।
- लिंग वेतन अंतर विश्लेषण आमतौर पर अलग-अलग विश्लेषणात्मक अध्ययनों के माध्यम से किया जाता है या वेतन डेटा से प्राप्त किया जाता है, न कि मानक PLFS मीट्रिक के रूप में। **अतः विकल्प A सही है।**

65.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आर्कटिक क्षेत्र:**

- भारत की आर्कटिक भागीदारी वर्ष 1920 में स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर के साथ प्रारंभ हुई।
- पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत **राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR)** भारत के आर्कटिक अनुसंधान के लिये प्रमुख एजेंसी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की **आर्कटिक सहभागिता** वर्ष **2007** में उसके पहले वैज्ञानिक अभियान के साथ प्रारंभ हुई, जिसका केंद्र जैविक विज्ञान, समुद्री और वायुमंडलीय विज्ञान तथा हिमनद विज्ञान (ग्लेशियोलॉजी) पर था।
- वर्ष 2008 में भारत ने स्वालबार्ड आर्कटिक अनुसंधान केंद्र में **हिमाद्रि अनुसंधान स्टेशन** की स्थापना की। **अतः कथन 2 सही है।**
  - हिमाद्रि अनुसंधान स्टेशन वर्ष में 180 दिनों तक क्रियाशील रहता है। वर्ष 2007 से अब तक भारत ने आर्कटिक क्षेत्र में 13 अभियानों का संचालन किया है।
- भारत वर्ष 2013 में आर्कटिक परिषद का प्रेक्षक देश बना और इसके छह कार्य समूहों में सक्रिय रूप से योगदान देता रहा है। **अतः कथन 3 सही है।**
- भारत ने गुवेबडैट में अपनी उत्तरीतम वायुमंडलीय प्रयोगशाला स्थापित की है, जो बादलों, वर्षा, प्रदूषकों तथा वायुमंडलीय मानकों का अध्ययन करने के लिये सुसज्जित है। **अतः कथन 4 सही है।**

66.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में न्यायाधीशों को पद से हटाने की प्रक्रिया:**

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को **अनुच्छेद 124(4)** के तहत हटाया जाता है, जबकि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर भी वही प्रक्रिया अनुच्छेद 218 के तहत लागू होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968**, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पद से हटाने की महाभियोग प्रक्रिया का विवरण प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस प्रस्ताव पर कम-से-कम **100 लोकसभा सदस्यों या 50 राज्यसभा सदस्यों** के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं, जिसके बाद न्यायाधीशों और विधि विशेषज्ञों की एक तीन-सदस्यीय समिति द्वारा इसकी जाँच की जाती है।
  - यदि न्यायाधीश दोषी पाया जाता है, तो प्रस्ताव को संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से अनुमोदित किया जाना आवश्यक होता है।
- महाभियोग के लिये आधार स्पष्ट रूप से केवल "**सिद्ध दुराचार**" और "**अक्षमता**" तक सीमित हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - **सिद्ध दुराचार:** किसी न्यायाधीश के ऐसे कार्य या आचरण जो न्यायपालिका की नैतिक और व्यावसायिक मानकों का उल्लंघन करते हैं।
  - **अक्षमता:** शारीरिक या मानसिक दुर्बलता के कारण न्यायिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में न्यायाधीश की अक्षमता।

67.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र (MFN) व्यवहार:** विश्व व्यापार **संगठन** (WTO) के समझौतों के अंतर्गत, देशों को सभी **व्यापारिक भागीदारों के साथ समान व्यवहार** करना आवश्यक है अर्थात्, यदि किसी एक देश को कोई विशेष लाभ

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

(जैसे कम सीमा शुल्क दर) प्रदान किया जाता है, तो वही लाभ सभी अन्य WTO सदस्य देशों को भी प्रदान किया जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**

- **राष्ट्रीय व्यवहार:** यह सुनिश्चित करता है कि विदेशी और स्थानीय नागरिकों के साथ समान व्यवहार किया जाए। बाज़ार में प्रवेश करने के बाद आयातित और स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं, साथ ही विदेशी और घरेलू सेवाओं, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और पेटेंट पर समान नियम लागू होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

68.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सक्रिय दवा सामग्री (API)** एक दवा में जैविक रूप से सक्रिय घटक हैं जो इच्छित चिकित्सीय प्रभाव उत्पन्न करते हैं। **अत युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - वे किसी चिकित्सा स्थिति के उपचार या प्रबंधन के लिये ज़िम्मेदार प्रमुख तत्त्व हैं।
- **बायोलॉजिक्स** सजीव जीवों से प्राप्त जटिल दवाइयाँ हैं, जैसे टीके, मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, पुन: संयोजक प्रोटीन और सेल थेरेपी। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **बायोसिमिलर** लागत प्रभावी, पेटेंट समाप्ति के बाद विकसित बायोलॉजिक्स के चिकित्सकीय रूप से समतुल्य संस्करण हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है। अतः विकल्प A सही है।**

69.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI)**

- इसे वर्ष 1997 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के तहत **एक स्वायत्त निकाय के रूप में स्थापित किया गया था। अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अध्यक्ष की नियुक्ति **प्रधानमंत्री द्वारा** उद्योग जगत की सिफारिशों के आधार पर की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और गुणवत्ता संवर्धन जैसे क्षेत्रों में अनुरूपता मूल्यांकन निकायों के लिये **राष्ट्रीय प्रत्यायन संरचना (NAS) का विकास एवं प्रबंधन करना है।**
- प्रमाणन निकायों के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABCB) और परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिये राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NABL) QCI के दो प्रत्यायन बोर्ड हैं।
- QCI ने MSME के लिये डिजिटल मान्यता पहुँच बढ़ाने और गुणवत्ता मानकों के प्रति सार्वजनिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने हेतु संशोधित NABL पोर्टल एवं **गुणवता समर्पण पहल शुरू की है। अतः कथन 3 सही है।**

70.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निकल निष्कर्षण एक **बहु-चरणीय, ऊर्जा-गहन प्रक्रिया है जो** निकल ऑक्साइड से ऑक्सीजन को हटाने के लिये कार्बन का उपयोग करती है, जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध निकल और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिये लिथियम-आयन बैटरी में एक प्रमुख घटक निकेल, स्वच्छ ऊर्जा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन इसके **कार्बन-गहन निष्कर्षण से** पर्यावरणीय लागत छिपी हुई है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - केवल एक टन निकल के उत्पादन से **20 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन हो सकता है।**
  - इसलिये, जबकि इलेक्ट्रिक वाहन परिचालन के दौरान उत्सर्जन को कम करते हैं, निकेल जैसी सामग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया, प्रदूषण के बोझ को परिवहन क्षेत्र से हटाकर खनन और प्रसंस्करण क्षेत्र पर डाल देती है।
- भारत में **निकेल लेटराइट के पर्याप्त भंडार हैं,** विशेषकर ओडिशा के सुकिंदा क्षेत्र में। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - क्रोमाइट खदान के ओवरबर्डन में निकेलयुक्त लिमोनाइट के रूप में 0.4-0.9% निकेल युक्त इन निक्षेपों को प्राय: नज़रअंदाज कर दिया जाता है, क्योंकि पारंपरिक तरीकों में उच्च श्रेणी के अयस्कों की आवश्यकता होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

71.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिसीमन आयोग:**

- यह एक **उच्चस्तरीय तीन-सदस्यीय निकाय** है, जिसके आदेशों को कानूनी मान्यता प्राप्त होती है और इन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें **सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश, जिनमें** से एक को केंद्र सरकार द्वारा अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है तथा मुख्य चुनाव आयुक्त को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके आदेश **लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में प्रस्तुत किये जाते हैं**, लेकिन उन्हें संशोधित नहीं किया जा सकता। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसमें सिविल न्यायालय की शक्तियाँ हैं।
- फरवरी 2024 तक इसे चार बार अर्थात् **1952, 1963, 1973 और 2002** में स्थापित किया जा चुका है।

72.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संयुक्त **राष्ट्र महासभा** दो वर्ष के कार्यकाल के लिये सुरक्षा परिषद में 10 गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव करती है, जिसमें सीटें क्षेत्रीय रूप से वितरित की जाती हैं: 5 अफ्रीकी व एशियाई राज्यों के लिये, 1 पूर्वी यूरोपीय राज्यों के लिये, 2 लैटिन अमेरिकी तथा कैरेबियाई राज्यों के लिये और 2 पश्चिमी यूरोपीय व अन्य राज्यों के लिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- UNSC **एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय है** जिसके निर्णयों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत लागू करना सदस्य देशों के लिये अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
- **पाकिस्तान को वर्ष** 2025 के लिये UNSC 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में वर्ष 2025-26 के कार्यकाल के दौरान UNSC आतंकवाद निरोधक समिति के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

73.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016:** प्लास्टिक उत्पादकों के लिये **विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR)** की शुरुआत की गई, जिसके तहत प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई बढ़ाकर 50 माइक्रोन कर दी गई।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2018: गैर-पुनर्चक्रणीय बहुस्तरीय प्लास्टिक (MLP) को** चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर दिया गया तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के तहत उत्पादकों के लिये पंजीकरण प्रणाली शुरू की गई, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन में जवाबदेही बढ़ गई।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021:** वर्ष 2022 तक एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक (Single-use plastics- SUP) पर प्रतिबंध लगा दिया गया और **प्लास्टिक बैग की मोटाई बढ़ाकर 120 माइक्रोन** कर दी गई।
    - पैकेजिंग अपशिष्ट के लिये EPR नियमों को सशक्त किया गया, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के लिये डिज़ाइन को बढ़ावा दिया गया।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2022:** गैर-अनुपालन के लिये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के साथ अनिवार्य पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग लक्ष्य निर्धारित किये गए।
    - प्लास्टिक पुनर्प्राप्ति और पुनः उपयोग के लिये एक **चक्रीय अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण** को बढ़ावा दिया गया।
- **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2024:** निर्माताओं के लिये पंजीकरण, रिपोर्टिंग और प्रमाणन आवश्यकताओं को परिभाषित किया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- जैवनिम्नीकरणीय (biodegradable) प्लास्टिक के लिये प्रमाणन प्रणाली शुरू की गई और उपभोक्ता-पूर्व प्लास्टिक अपशिष्ट की रिपोर्टिंग को अनिवार्य किया गया। **अत: विकल्प A सही है।**

**74.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI):**

- यह अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत स्थापित एक **वैधानिक और स्वायत्त निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- BCI भारत में कानूनी शिक्षा और कानूनी अभ्यास को नियंत्रित करता है और अधिवक्ताओं पर अनुशासनात्मक अधिकार रखता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) प्रत्येक राज्य बार काउंसिल के **निर्वाचित सदस्यों से बनी होती है,** जिनका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है।
  - निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त, BCI में दो पदेन सदस्य शामिल हैं: **भारत के अटॉर्नी जनरल** और **भारत के सॉलिसिटर जनरल। अत: कथन 3 सही है।**
    - **BCI के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन उसके सदस्यों में से दो वर्ष की अवधि के लिये किया जाता है।**

**75.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति:**

- यह भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत स्थापित एक **वैधानिक और संस्थागत ढाँचा है,** जैसा कि वर्ष 2014 में उर्जित पटेल समिति द्वारा अनुशंसित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- RBI के गवर्नर समिति के **पदेन अध्यक्ष होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य 4% ± 2% को पूरा करने के लिये रेपो दर निर्धारित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**76.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (CBDC):**

- CBDC एक केंद्रीय बैंक द्वारा डिजिटल रूप में जारी किया गया एक **कानूनी निविदा है। अत: कथन 1 सही है।**
  - निजी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, CBDC को केंद्रीय बैंक द्वारा समर्थित किया जाता है, जो स्थिरता और विश्वास सुनिश्चित करता है।
  - यह **फिएट मुद्रा के समान है** और फिएट मुद्रा के साथ एक-से-एक विनिमय योग्य है।
    - **फिएट मुद्रा एक राष्ट्रीय मुद्रा है जो सोने या चाँदी जैसी किसी वस्तु के मूल्य से जुड़ी नहीं होती।**
- डिजिटल फिएट करेंसी या CBDC का लेन-देन **ब्लॉकचेन द्वारा समर्थित वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।**
  - यद्यपि CBDC की अवधारणा सीधे बिटकॉइन से प्रेरित थी, यह विकेन्द्रीकृत आभासी मुद्राओं और क्रिप्टो परिसंपत्तियों से अलग है, जिन्हें **राज्य द्वारा जारी नहीं किया जाता है** तथा उन्हें 'कानूनी निविदा' का दर्जा नहीं प्राप्त है।

**77.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDP अधिनियम), 2023:**

- **डेटा संरक्षण का अधिकार:** यह व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डेटा पर नियंत्रण का अधिकार देता है, जिसमें डेटा तक पहुँच, उसमें सुधार तथा उसे मिटाने (हटाने) के अधिकार शामिल हैं।
- **डेटा प्रोसेसिंग और सहमति:** डेटा प्रोसेसिंग के लिये स्पष्ट सहमति प्रपत्रों के साथ स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है।
- **डेटा स्थानीयकरण:** सुरक्षा और प्रवर्तन हेतु संवेदनशील डेटा को भारत में ही संग्रहीत व संसाधित किया जाना चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **नियामक प्राधिकरण:** अनुपालन और शिकायत निवारण के लिये DPBI की स्थापना करता है।
- **डेटा उल्लंघन अधिसूचना: संगठनों** को डेटा उल्लंघनों के बारे में व्यक्तियों और DPBI को सूचित करना होगा।
- **जुर्माना और दंड:** डेटा सुरक्षा मानकों को लागू करने में विफलता के लिये कठोर दंड। **अत: विकल्प D सही है।**

**78.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने के मापदंड:**

- वर्ष 2004 में भारत सरकार ने भाषाओं की एक नई श्रेणी **"शास्त्रीय भाषाएँ"** के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया।
- **वर्ष 2024 में इन मापदंडों को निम्नानुसार संशोधित किया गया:**
    - प्रारंभिक ग्रंथों/प्रलेखित इतिहास की उच्च प्राचीनता, जिसकी अवधि 1500 से 2000 वर्षों तक हो।
    - प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का ऐसा भंडार, जिसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी भाषी समुदायों द्वारा विरासत के रूप में स्वीकार किया गया हो।
    - काव्य के अतिरिक्त गद्य ग्रंथों, अभिलेखीय एवं शिलालेखीय साक्ष्यों सहित ज्ञानपरक साहित्य की उपस्थिति हो।
    - शास्त्रीय भाषाएँ एवं उनका साहित्य वर्तमान रूप से भिन्न अथवा अपनी विकसित उपशाखाओं के बाद के रूपों से भिन्न हो सकते हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

**79.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शिमला समझौता:**

- शिमला समझौता वर्ष **1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध** से उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप अंतत: **बांग्लादेश की स्वतंत्रता स्थापित** हुई। दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य को पुन: आकार देने में भारत के सैन्य हस्तक्षेप ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- यह समझौता भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति ज़ुल्फिकार अली भुट्टो के बीच वार्ता के माध्यम से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य युद्ध के पश्चात दोनों **देशों के बीच शांति स्थापित करना** और संबंधों को सामान्य बनाना था।
- भारत का एक प्रमुख उद्देश्य **कश्मीर विवाद को द्विपक्षीय स्तर पर सुलझाना था ताकि पाकिस्तान इसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर न उठा सके।**
- यह समझौता वर्ष 1971 युद्ध के पश्चात क्षेत्रीय शक्ति संतुलन में आए परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए **भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध विकसित** करने के उद्देश्य से किया गया था। **अत: विकल्प B सही है।**

**80.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रेपो दर में कटौती के परिणाम:**

- निम्न रेपो दर से बैंकों की उधार की लागत घटती है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये ऋण सस्ते हो जाते हैं।
    - रेपो दर वह दर होती है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) किसी भी धनराशि की कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इस प्रक्रिया में केंद्रीय बैंक प्रतिभूतियाँ खरीदता है।
- निम्न रेपो दर **मुद्रा आपूर्ति को बढ़ाती** है, जिससे **तरलता में वृद्धि** होती है, जो **निवेश और व्यय को प्रोत्साहित** करती है।
- रेपो दर में कमी से **बचत खातों पर ब्याज दरों में वृद्धि नहीं**, बल्कि **कमी होती है,** क्योंकि बैंकों की उधार लेने की लागत कम हो जाती है।
- निम्न रेपो दर से **मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि** होती है और **ब्याज दरों में कमी** आती है, जिससे **मुद्रा का अवमूल्यन** होता है। **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

81.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**बालक श्रम पर अंकुश लगाने के लिये भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम:**

- **शिक्षा का अधिकार अधिनियम (2009):** इस अधिनियम ने भारतीय संविधान में **अनुच्छेद 21A** जोड़ा, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए **मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा** को एक **मौलिक अधिकार** के रूप में मान्यता देता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम (1986):** यह अधिनियम **14 वर्ष** से कम उम्र के बच्चों **और 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों** और प्रक्रियाओं में काम पर रखने पर प्रतिबंध लगाता है। हालाँकि बाल श्रम के सभी रूप पूर्णत: **प्रतिबंधित नहीं है,** बच्चे फिल्मों, टीवी, विज्ञापनों या खेल (सर्कस को छोड़कर) आदि में कलाकार के रूप में काम कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **कारखाना अधिनियम (1948):** यह 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को **किसी भी खतरनाक वातावरण/कार्यस्थल में काम करने से रोकता है** और किशोरों (14 से 18 वर्ष) के काम के घंटे एवं स्थितियों को प्रतिबंधित करता है, जिन्हें केवल गैर-खतरनाक प्रक्रियाओं में काम करने की अनुमति है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **बाल श्रम पर राष्ट्रीय नीति (1987):** इसका उद्देश्य बाल श्रम को प्रतिबंधित एवं विनियमित करके इसका उन्मूलन करना, बच्चों और उनके परिवारों के लिये कल्याण एवं विकास कार्यक्रम का प्रावधान करना तथा कार्यरत बच्चों की शिक्षा एवं पुनर्वास सुनिश्चित करना है।
    - **राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (NCLP) योजना:** इसका उद्देश्य बचाए गए बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याह्न भोजन, वज़ीफा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना तथा फिर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली की मुख्यधारा में शामिल करना है।
- **पेंसिल पोर्टल:** इस पोर्टल का उद्देश्य बाल श्रम मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये बाल श्रम उन्मूलन में केंद्र सरकार, राज्य सरकार, ज़िला, नागरिक समाज और जनता को शामिल करना है। इसे श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।

82.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रणथंभौर टाइगर रिज़र्व:**

- रणथंभौर टाइगर रिज़र्व राजस्थान राज्य के पूर्वी भाग में करौली और सवाई माधोपुर ज़िलों में **अरावली तथा विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं के संगम पर स्थित है।**
    - इसे वर्ष 1973 में बाघ अभयारण्य घोषित किया गया।
- इसमें **रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, सवाई माधोपुर अभयारण्य, कैलादेवी अभयारण्य, राष्ट्रीय घड़ियाल अभयारण्य** का हिस्सा आदि शामिल हैं।
- **वनस्पति:** यह क्षेत्र मुख्य रूप से **ढोक वृक्षों** (Anogeissus pendula) से आच्छादित है, जो प्राथमिक वनस्पति प्रकार का गठन करते हैं।
- **जीवजगत:** इस रिज़र्व में वन्यजीवों की एक समृद्ध विविधता पाई जाती है, जिसमें **रॉयल बंगाल टाइगर, तेंदुए, भारतीय जंगली सूअर, चीतल** तथा पक्षी प्रजातियाँ जैसे **सर्पेंट ईगल, वाटरफाउल, जलकाक (Cormorant), हुत्काह (Painted spurfowl)** और **सारस शामिल हैं। अत: विकल्प C सही है।**

83.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चिनाब रेल पुल:**

- चेनाब **रेल पुल उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक (USBRL) परियोजना** का एक अभिन्न हिस्सा है। यह महत्त्वाकांक्षी रेलवे लाइन **कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने,** कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह पुल **विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज है,** जिसकी ऊँचाई चेनाब नदी से 359 मीटर (1,178 फीट) है। यह इसे **एफिल टॉवर,** जिसकी ऊँचाई लगभग 300 मीटर (984 फीट) है, **से भी ऊँचा बनाता है। अत: कथन 2 सही है।**
- चेनाब **पुल को 120 साल की उम्र के हिसाब से बनाया गया** है। यह **260 किलोमीटर प्रति घंटे की हवा की गति** और **भूकंपीय गतिविधि को वहन करने में सक्षम है,** जो इसे आधुनिक इंजीनियरिंग का एक अद्वितीय उदाहरण बनाता है।

**84.**

**उत्तर: B**

- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** 190 सदस्य देशों का एक **संगठन** है, जिसमें **प्रत्येक देश का प्रतिनिधित्व उसकी वित्तीय महत्ता के अनुपात में** IMF के कार्यकारी बोर्ड में होता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रभावशाली देशों को अधिक मतदान शक्ति प्राप्त होती है।
- IMF की परिकल्पना जुलाई 1944 में संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में **महामंदी (Great Depression)** के पश्चात की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत का वित्तमंत्री, IMF के **बोर्ड ऑफ गवर्नर्स** में **पदेन गवर्नर होता है।** अत: **कथन 2 सही नहीं है।**
    - RBI गवर्नर IMF में **पदेन अल्टरनेट गवर्नर (Alternate Governor)** होता है। भारत का प्रतिनिधित्व IMF में एक **कार्यकारी निदेशक (Executive Director)** द्वारा किया जाता है।
- भुगतान संतुलन (BoP) संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे सदस्य देशों को **वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए,** IMF उन्हें अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व को पुन: भरने, मुद्राओं को स्थिर करने तथा आर्थिक विकास के लिये स्थितियों को मजबूत करने हेतु ऋण देता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- IMF सदस्य देशों को उनके **भुगतान संतुलन (BoP) संकट** को दूर करने के लिये **वित्तीय सहायता** प्रदान करता है। यह अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व की पूर्ति, मुद्रा की स्थिरता और आर्थिक विकास की स्थिति को मजबूत करने में सहायता करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - IMF से सहायता प्राप्त करने के लिये देशों को **संरचनात्मक समायोजन नीतियाँ** अपनानी होती हैं, जिनकी निगरानी IMF करता है।

**85.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- WTO की स्थापना 1995 में मारकेश समझौते (1994) के तहत, उरुग्वे दौर की वार्ताओं (1986–1994) के पश्चात की गई थी। इसका मुख्यालय **जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - WTO एक अंतर्राष्ट्रीय **संगठन** है, जिसका उद्देश्य व्यापार उदारीकरण को बढ़ावा देना है, और यह सरकारों को व्यापार समझौतों पर बातचीत करने हेतु एक मंच प्रदान करता है। इसने GATT (General Agreement on Tariffs and Trade) को प्रतिस्थापित किया है, जो वर्ष 1948 से वैश्विक व्यापार को विनियमित करता था।
- WTO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत एजेंसी नहीं है, हालाँकि इसकी स्थापना के समय से ही इसका संयुक्त राष्ट्र और उसकी विभिन्न एजेंसियों के साथ मजबूत संबंध बना हुआ है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - WTO और संयुक्त राष्ट्र (UN) के बीच संबंधों को "अन्य अंतर-सरकारी **संगठनों** के साथ प्रभावी सहयोग की व्यवस्थाएँ– WTO और संयुक्त राष्ट्र के बीच संबंध" (Arrangements for Effective Cooperation with other Intergovernmental Organizations-Relations between the WTO and the United Nations) नामक समझौते द्वारा संचालित किया जाता है, जिसे 15 नवंबर, 1995 को हस्ताक्षरित किया गया था।
- जनरल काउंसिल, WTO की सर्वोच्च स्तर की निर्णय लेने वाली संस्था है, जो जिनेवा में स्थित है और WTO के कार्यों को पूरा करने के लिये नियमित रूप से बैठक करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसमें सभी सदस्य देशों की सरकारों के **प्रतिनिधि (आमतौर पर राजदूत या समकक्ष)** शामिल होते हैं, और इसे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की ओर से कार्य करने का अधिकार प्राप्त होता है, जो लगभग **हर दो वर्षों में ही बैठक** करता है।

**86.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)** ने अपनी **विश्व जनसंख्या की स्थिति (SOWP) 2025 रिपोर्ट "The Real Fertility Crisis** अर्थात् वास्तविक प्रजनन संकट" शीर्षक से जारी की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में **वित्तीय बाधाएँ प्रजनन स्वायत्तता के लिये एक प्रमुख अवरोध** के रूप में सामने आई हैं। लगभग 40% लोगों ने यह रिपोर्ट किया है कि आर्थिक सीमाएँ उन्हें मन मुताबिक परिवार बनाने में बाधा डालती हैं। इसके अतिरिक्त, **नौकरी की अस्थिरता (21%), आवास संबंधी समस्याएँ (22%), और विश्वसनीय बाल देखभाल तक अपर्याप्त पहुँच (18%)** भी **माता-पिता बनने को और अधिक कठिन बना देती हैं। अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने शिक्षा में सुधार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवा की बेहतर पहुँच के माध्यम से **प्रजनन दर को कम करने में प्रगति** की है— यह **दर वर्ष 1970 में प्रति महिला लगभग पाँच बच्चे से घटकर वर्तमान में लगभग दो बच्चे तक** पहुँच गई है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इससे मातृ मृत्यु दर में व्यापक कमी आई है, जिसका अर्थ है कि आज करोड़ों अधिक माताएँ जीवित हैं, अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं और समुदायों का निर्माण कर रही हैं।
- विश्व **जनसंख्या** 2025 रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की **कुल प्रजनन दर (TFR) प्रति महिला 2.1 बच्चों** के प्रतिस्थापन स्तर **से नीचे गिर गई** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - वर्तमान राष्ट्रीय औसत **1.9 है,** जो महत्त्वपूर्ण **क्षेत्रीय असमानताओं को दर्शाता है।** इसकी तुलना में, भारत के **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) 2019-21 ने पहले 2.0** की TFR रिपोर्ट की थी।

**87.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS):**

- CCTS एक **बाज़ार आधारित तंत्र है जिसे** भारतीय कार्बन बाज़ार (ICM) के तहत कार्बन क्रेडिट को विनियमित करने और व्यापार करने हेतु शुरू किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - CCTS का उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन का मूल्य निर्धारण करके और कार्बन व्यापार को सुविधाजनक बनाकर **भारतीय अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त बनाना है।**
- CCTS ने **प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना को प्रतिस्थापित किया है,** जिससे ऊर्जा तीव्रता से ध्यान हटाकर प्रति टन GHG समतुल्य उत्सर्जन की निगरानी करके ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन तीव्रता को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
  - PAT योजना **ऊर्जा बचत प्रमाण-पत्र (ESCerts) के माध्यम से ऊर्जा-गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता में सुधार पर केंद्रित थी।**
- इसका प्रबंधन **विविध सरकारी निकायों द्वारा किया जाता है, जिसमें ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** और भारतीय कार्बन बाज़ार के लिये राष्ट्रीय संचालन समिति (NSCICM) शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**88.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज (Critical Minerals):**

- उच्च तकनीक उद्योगों के लिये **महत्त्वपूर्ण खनिजों पर चीन का बढ़ता नियंत्रण वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि कर रहा है। अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इन खनिजों की सीमित उपलब्धता और कुछ क्षेत्रों में संकेन्द्रण **आपूर्ति शृंखला की कमज़ोरियों को जन्म दे सकता है** तथा प्रमुख उद्योगों को बाधित कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार ने त्रि-स्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से संसाधन उपलब्धता, आयात निर्भरता और भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि के लिये महत्व के आधार पर **30 महत्त्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित किया है। अतः कथन 3 सही है।**
  - इस सूची में लिथियम, कोबाल्ट, निकल, दुर्लभ मृदा तत्त्व, टाइटेनियम, मोलिब्डेनम और वैनेडियम आदि शामिल हैं।

**89.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डार्क पैटर्न:**

- डार्क पैटर्न वेबसाइटों, ऐप्स या डिजिटल प्लेटफार्मों पर उपयोगकर्त्ता/यूज़र इंटरफेस (UI) और उपयोगकर्त्ता अनुभवों (UX) में उपयोग की जाने वाली **हेरफेर करने वाली डिज़ाइन तकनीकें हैं** , जिन्हें जानबूझकर उपभोक्ताओं को धोखा देने, गुमराह करने या उन कार्यों के लिये दबाव डालने हेतु तैयार किया जाता है, जिन्हें वे करने का इरादा नहीं रखते हैं।
  - "डार्क पैटर्न" शब्द का प्रयोग वर्ष 2010 में उपयोगकर्त्ता अनुभव (यूज़र एक्सपीरियंस) विशेषज्ञ हैरी ब्रिग्नुल द्वारा किया गया था।
- **यह व्यावसायिक हितों की पूर्ति** हेतु उपयोगकर्त्ता के व्यवहार की निगरानी करता है तथा उपभोक्ता स्वायत्तता, पारदर्शिता और निष्पक्ष व्यापार सिद्धांतों को कमजोर करता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**90.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI):**

- यह एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है और प्रतिस्पर्द्ध अधिनियम, 2002 को लागू करने हेतु उत्तरदायी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रतिस्पर्द्धा-रोधी परिणामों को रोकने के लिये **विलय, अधिग्रहण और संयोजन की समीक्षा करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- **"ग्रीन चैनल" तंत्र** कम जोखिम वाले संयोजनों की स्वचालित स्वीकृति की अनुमति देता है, लेकिन अधिकांश सौदों को वर्तमान समय में भी दीर्घकालिक समीक्षा का सामना करना पड़ता है, विशेष रूप से उस स्थिति में जब बाज़ार प्रभुत्व एक चिंता का विषय है। **अतः कथन 3 सही है।**

**91.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कुल प्रजनन दर (TFR):**

- TFR **15-49 वर्ष की आयु के बीच एक महिला द्वारा जन्म दिये जाने वाले बच्चों की औसत संख्या को दर्शाता है** , जिसमें वर्तमान प्रजनन दर और मृत्यु दर को शामिल नहीं किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 2.1 का TFR **प्रतिस्थापन स्तर माना जाता है,** जहाँ प्रत्येक पीढ़ी बिना किसी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के खुद को प्रतिस्थापित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि, 2.1 से कम कुल प्रजनन दर (TFR) नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि का कारण बन सकती है, जिससे संभावित रूप से दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जिनमें वृद्ध होती जनसंख्या भी शामिल है।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) (2019-21) के अनुसार, TFR 2.2 बच्चे प्रति महिला (NFHS- 4) (2015-16) से **घटकर 2.0 बच्चे प्रति महिला हो गई है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**92.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ:**

- आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ, जिन्हें आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ या गैर-स्थानिक प्रजातियाँ भी कहा जाता है, उन जीवों को

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

संदर्भित करती हैं जिन्हें **उनके मूल क्षेत्र के बाहर के क्षेत्रों या पारिस्थितिकी तंत्रों में लाया गया है** और उन्होंने आत्मनिर्भर आबादी स्थापित की है। **अतः कथन 1 सही है।**

- ये प्रजातियाँ अक्सर देशी/स्थानिक प्रजातियों से प्रतिस्पर्द्धा करती हैं और **पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को विकृत करती हैं,** जिससे कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

93.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6 में** देशों द्वारा अपने NDC (राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान) को पूरा करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाज़ारों के उपयोग का प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या अंतर्राष्ट्रीय नीतियों द्वारा विनियमित अनुपालन बाज़ार मुख्य रूप से **'कैप-एंड-ट्रेड' सिद्धांत के तहत संचालित होते हैं,** विशेष रूप से यूरोपीय संघ (EU) में। **अतः कथन 2 सही है।**
- कार्बन क्रेडिट एक व्यापार योग्य प्रमाणपत्र है जो संयुक्त राष्ट्र के मानकों के अनुसार, वायुमंडल से एक टन कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने, कम करने या अवशोषित करने का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - इस बीच, कार्बन अनुमतियाँ या सीमाएँ, देशों या सरकारों द्वारा उनके उत्सर्जन कटौती लक्ष्यों के अनुसार निर्धारित की जाती हैं।

94.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**महत्त्वपूर्ण खनिज:**

- भारत सरकार ने तीन-चरणीय मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से **संसाधन उपलब्धता, आयात निर्भरता** और भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा एवं कृषि के लिये महत्व के आधार पर 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है।
    - ये खनिज हैं - एंटीमनी, बेरिलियम, बिस्मथ, कोबाल्ट, तांबा/कॉपर, गैलियम, जर्मेनियम, ग्रेफाइट, हैफनियम, इंडियम, लिथियम, मोलिब्डेनम, नियोबियम, निकल, PGE, फॉस्फोरस, पोटाश, REE, रेनियम, सिलिकॉन, स्ट्रोंटियम, टैंटालम, टेल्यूरियम, टिन, टाइटेनियम, टंगस्टन, वैनेडियम, ज़िरकोनियम, सेलेनियम और कैडमियम। **अतः विकल्प B सही है।**

95.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI):**

- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** एक प्रमुख **आर्थिक संकेतक** है, जो समय के साथ खुदरा कीमतों के समग्र स्तर में होने वाले परिवर्तनों को मापता है। भारत में **CPI** को **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** के अंतर्गत **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO)** द्वारा तैयार किया जाता है तथा वर्तमान में इसकी गणना आधार वर्ष 2012 का उपयोग करके की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** यह दर्शाता है कि परिवारों को उन **निश्चित वस्तुओं और सेवाओं की बास्केट** पर कितना व्यय करना पड़ता है, जिन्हें वे सामान्यतः उपभोग करते हैं, जैसे — खाद्य पदार्थ, वस्त्र, आवास तथा ईंधन।
    - **बास्केट में परिवर्तन** सामान्यतः तब किये जाते हैं जब **आधार वर्ष को अद्यतन किया जाता है,** जो उपभोग पैटर्न में आए परिवर्तनों को दर्शाने हेतु समय-समय पर किया जाता है।
    - **वास्तविक समय में अद्यतन** करना डेटा संग्रहण की जटिलता और व्यापकता के कारण **व्यावहारिक** नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मूलतः, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) को **श्रमिकों के लिये जीवन-यापन लागत में होने वाले परिवर्तनों** को मापने के उद्देश्य से तैयार किया गया था, ताकि उनकी मज़दूरी को मूल्य परिवर्तनों के अनुसार समायोजित किया जा सके। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- हालाँकि **समय के साथ**, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) एक महत्त्वपूर्ण **मैक्रोइकॉनोमिक उपकरण** के रूप में विकसित हो गया है। वर्तमान में, CPI मुद्रास्फीति को लक्षित करने, मूल्य स्थिरता बनाए रखने और भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति को निर्देशित करने के लिये एक प्रमुख मानक के रूप में कार्य करता है। यह राष्ट्रीय लेखांकन में वास्तविक आर्थिक वृद्धि का आकलन करने हेतु एक डिफ्लेटर के रूप में भी कार्य करता है।

96.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA):**

- IAEA एक अंतर-सरकारी **संगठन** है, जिसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना और किसी भी सैन्य उद्देश्य, विशेषकर परमाणु हथियारों के लिये इसके उपयोग को रोकना है। इसे वर्ष 1957 में संयुक्त राष्ट्र के तहत विश्व के "एटम्स फॉर पीस" **संगठन** के रूप में स्थापित किया गया था और यह अपने स्वयं के संस्थापक संधि — IAEA के अधिनियम द्वारा शासित होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IAEA को सुरक्षा समझौतों के उल्लंघन की स्थिति में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** और **संयुक्त राष्ट्र महासभा** दोनों को रिपोर्ट करने का अधिकार प्राप्त है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह इसका एक हिस्सा है, जिसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाता है कि परमाणु सामग्री का दुरुपयोग करके उसे हथियारों के निर्माण में न बदला जाए।
- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)** को भारत के असैन्य परमाणु कार्यक्रम तक विस्तारित पहुँच प्रदान की गई है, जिससे इसके शांतिपूर्ण उपयोग के अधिक कठोर सत्यापन की अनुमति मिलती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह विस्तारित पहुँच भारत द्वारा अतिरिक्त प्रोटोकॉल (AP) को अनुमोदित करने का परिणाम है। अतिरिक्त प्रोटोकॉल IAEA को भारत की असैन्य परमाणु सुविधाओं तक निरीक्षण और सत्यापन के लिये अधिक पहुँच प्रदान करता है।

97.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **लाल सागर**, जो लगभग 2,000 कि.मी. तक फैला है, **संकीर्ण स्वेज़ नहर** के माध्यम से **भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ता** है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - नहर के निर्माण से पूर्व, यूरोप और एशिया के बीच यात्रा करने के लिये जहाज़ों को दक्षिण अफ्रीका के केप ऑफ गुड होप के चारों ओर होकर गुज़रना पड़ता था।
- पनामा नहर अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को पनामा के संकरे भूडमरूमध्य के माध्यम से जोड़ती है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - स्वेज नहर के साथ-साथ, यह **विश्व के सबसे रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण कृत्रिम जलमार्गों** में से एक है। अमेरिका के पूर्वी और पश्चिमी तटों के बीच नौकायन करने वाले जहाजों के लिये यह मार्ग लगभग 8,000 समुद्री मील कम कर देता है, जिससे केप हॉर्न के खतरनाक मार्ग की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।
- **होर्मुज जलडमरूमध्य उत्तर में खाड़ी को दक्षिण में ओमान की खाड़ी और अरब सागर** से जोड़ता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - यह **ओमान और ईरान के बीच** स्थित है। इसकी सबसे संकरी चौड़ाई 21 मील (33 किलोमीटर) है, जिसमें प्रत्येक दिशा में केवल लगभग दो मील (तीन किलोमीटर) चौड़ा नौवहन मार्ग उपलब्ध हैं। यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण जलमार्ग **वैश्विक तेल शिपमेंट का 20-25% परिवहन** करता है तथा कतर और संयुक्त अरब अमीरात से LNG निर्यात के लिये भी प्रमुख मार्ग है। कतर भारत का एक प्रमुख LNG आपूर्तिकर्त्ता है। **अतः विकल्प B सही है।**

98.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM):**

- राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) को आधिकारिक तौर पर **अप्रैल 2025 में भारत सरकार** द्वारा

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

लॉन्च किया गया था। इसका प्राथमिक लक्ष्य महत्त्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिये एक मज़बूत ढाँचा स्थापित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसमें आयात पर निर्भरता कम करना, दीर्घकालिक उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा घरेलू अन्वेषण, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण क्षमताओं को मज़बूत करना शामिल है।

- **सिलिकॉन, टेल्यूरियम, इंडियम और गैलियम** जैसे महत्त्वपूर्ण खनिज **सौर पैनलों में उपयोग किये जाने वाले फोटोवोल्टिक (PV) सेल के उत्पादन के लिये महत्त्वपूर्ण** हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारत की वर्तमान सौर ऊर्जा क्षमता **64 गीगावाट** है जो काफी हद तक इन खनिजों पर निर्भर है।
- नवंबर 2022 में **खान मंत्रालय** द्वारा गठित एक समिति **ने 30 महत्त्वपूर्ण खनिजों की पहचान की**, जिनमें से 24 को **खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (MMDR अधिनियम)** की **अनुसूची I के भाग D में जोड़ा गया। अतः कथन 3 सही है।**
  - इस समावेशन से केंद्र सरकार को इन खनिजों के लिये खनन पट्टों और समग्र लाइसेंसों की नीलामी करने की विशेष शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं।

**99.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (RRB):**

- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) की शुरुआत 2 अक्तूबर 1975 को पाँच बैंकों के साथ हुई थी और तब से इनमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
  - **वे संयुक्त रूप से केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और प्रायोजक बैंकों** के स्वामित्व में **50:15:35 के अनुपात** में हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - प्रायोजक सरकारी, निजी एवं सहकारी बैंक हैं तथा वे अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को नियुक्त करके RRB को प्रबंधकीय सहायता प्रदान करते हैं।
- ये बैंक **गोवा, सिक्किम और कुछ केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर सभी भारतीय राज्यों में कार्य करते हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- विस्तार चरण के दौरान, RRB की संख्या बढ़कर 196 हो गई, जिसके बाद दो दशकों तक बहु-चरणीय समेकन हुआ। 1 मई 2025 से 'वन स्टेट, वन RRB' नीति लागू होने के साथ, उनकी संख्या घटकर 28 रह गई। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इसे 22,000 से अधिक शाखाओं के नेटवर्क द्वारा समर्थित किया जाएगा जो **भारतीय स्टेट बैंक के बाद सबसे बड़ा होगा**। हालाँकि, इन एकीकरणों ने कार्यकुशलता को बेहतर बनाया है, लेकिन इसके साथ ही एकीकरण से जुड़ी चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं।

**100.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI):**

- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) भारत सरकार के नागर विमानन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है। इसकी स्थापना वर्ष 1995 में **AAI अधिनियम, 1994** के तहत **राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण** और **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विलय के माध्यम से की गई थी। अतः कथन 1 सही है।**
- AAI भारतीय हवाई क्षेत्र में **संचार, नेविगेशन, निगरानी और वायु यातायात प्रबंधन (CNS/ATM)** सेवाओं के लिये ज़िम्मेदार है।
  - **ये ऑपरेशन अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO) के मानकों** के अनुपालन में किये जाते हैं, जो नागर विमानन में वैश्विक सुरक्षा और अंतर-संचालन सुनिश्चित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- AAI ने नागर विमानन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (R&D) गतिविधियों को उन्नत करने और बढ़ाने के लिये **हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे** पर **नागर विमानन अनुसंधान संगठन (CARO) की स्थापना की है। अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसका उद्देश्य स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिये आंतरिक एवं सहयोगात्मक अनुसंधान के माध्यम से विमानन समुदाय हेतु एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करना है।

101.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जून 2025 में, इज़राइल ने **ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को समाप्त करने के उद्देश्य से** बड़े पैमाने पर, पूर्व नियोजित सैन्य हमले के रूप में **ऑपरेशन "राइजिंग लायन" शुरू किया।**
- **इस ऑपरेशन ने ऐतिहासिक यहूदी-फारसी प्रतिद्वंद्विता** में एक बड़ी वृद्धि को चिह्नित किया और इज़रायल के लघु, **प्रौद्योगिकी-चालित, उच्च-तीव्रता युद्ध के सिद्धांत का लाभ उठाया। अत: विकल्प A सही है।**

102.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आदित्य-L1:**

- **आदित्य-L1 भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला** है, जिसे इसरो द्वारा **2 सितंबर 2023 को लॉन्च किया गया है।** मिशन को **क्रोमोस्फीयर और कोरोना**, सूर्य के वायुमंडल की बाह्य परतों का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है और इसका उद्देश्य कोरोनल हीटिंग, सोलर फ्लेयर्स और कोरोनल मास इजेक्शन (CME) जैसी घटनाओं को समझना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी. दूर सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज पॉइंट 1 (L1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया गया है, जो बिना किसी ग्रहण या अस्पष्टता के सूर्य का निरंतर अवलोकन करने की अनुमति देता है।
- पेलोड को **विभिन्न भारतीय वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित किया गया था**, जिनमें **भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र (IUCAA) और इसरो शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं जैसे केरल स्थित चार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों - केलट्रॉन, स्टील एंड इंडस्ट्रियल फोर्जिंग्स लिमिटेड, त्रावणकोर कोचीन केमिकल्स और केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड ने भी आदित्य-L 1 मिशन में योगदान दिया।

103.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय मानसून:**

- **पश्चिमी घाट,** विशेष रूप से उनकी **पवनावर्त (विंडवर्ड)** दिशा यानी पश्चिमी ढलानों पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून की पहली वर्षा होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - जब मानसूनी पवनें केरल तट से टकराती हैं, तो वे पश्चिमी घाटों से ऊपर उठती हैं, जिससे **ओरोग्राफिक वर्षा (पर्वतीय वर्षा)** होती है।
  - यह सामान्यत: जून के आरंभ में होता है, जिससे **पश्चिमी घाट मानसून की पहली वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों में से एक बन जाता है।**
- भारतीय **मौसम विज्ञान विभाग (IMD) आधिकारिक तौर पर 1 जून के आसपास केरल** में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत को चिह्नित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह **भारत में ग्रीष्मकालीन मानसून के मौसम की शुरुआत का एक प्रमुख संकेतक है।** इसके बाद मानसून धीरे-धीरे उपमहाद्वीप में उत्तर की ओर बढ़ता है।
- पूर्वोत्तर **मानसून** (जिसे **निवर्तन भी कहा जाता है** ) अक्तूबर से दिसंबर तक होता है, जो **भारत में सर्दियों की शुरुआत है।** यह दक्षिण-पूर्वी तट, विशेष रूप से **तमिलनाडु में वर्षा लाता है,** जो इस अवधि के दौरान अपनी वार्षिक वर्षा का 50% से अधिक प्राप्त करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - ऐसा इसलिये है क्योंकि **उत्तर-पूर्वी पवनें बंगाल की खाड़ी से आर्द्रता लेकर आती हैं** और तट पर वर्षा करती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

104.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि:**

- सिंधु **जल संधि पर वर्ष 1960 में कराची में हस्ताक्षर किये गए थे** और **विश्व बैंक की मध्यस्थता में संपन्न हुई थी। अत: कथन 1 सही है।**
    - **यह भारत और पाकिस्तान** के बीच एक ऐतिहासिक समझौता है, जो कृषि, घरेलू और औद्योगिक आवश्यकताओं के लिये उचित उपयोग सुनिश्चित करने हेतु **तीन-तीन नदियों को** आवंटित करके **सिंधु नदी प्रणाली** के बंटवारे को नियंत्रित करता है।
- सिंधु जल संधि के अनुसार, **पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब का** उपयोग करने का विशेष अधिकार है, जबकि **भारत को पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का** बिना किसी प्रतिबंध के उपयोग करने का विशेष अधिकार है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सिंधु जल संधि ने संधि के कार्यान्वयन की निगरानी और मुद्दों को हल करने के लिये **भारत तथा पाकिस्तान दोनों के आयुक्तों से** मिलकर एक **स्थायी सिंधु आयोग की स्थापना की** । संधि में **तीन-स्तरीय विवाद समाधान तंत्र की रूपरेखा भी दी गई है। अत: कथन 3 सही है।**
    - इसकी शुरुआत आयुक्तों के बीच द्विपक्षीय वार्ता से होती है, **जिसके बाद तकनीकी मामलों को विश्व बैंक द्वारा नियुक्त तटस्थ विशेषज्ञ को भेजने का विकल्प होता है** तथा अधिक गंभीर विवादों के लिये मध्यस्थता न्यायालय में भेजने का विकल्प होता है।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

105.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (IMEC):**

- IMEC एक रणनीतिक **मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी** पहल है जिसे वर्ष 2023 के **G20 शिखर सम्मेलन (नई दिल्ली)** के दौरान **एक समझौता ज्ञापन (MoU)** के माध्यम से लॉन्च किया गया था।
  - यह समझौता **यूरोपीय संघ और सात देशों** — भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), फ्राँस, जर्मनी और इटली के बीच किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- IMEC का उद्देश्य **चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** का एक **पारदर्शी, सतत् और ऋण-मुक्त** वैकल्पिक मार्ग प्रदान करना है, जो **राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता किये बिना** बुनियादी ढाँचे का विकास सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**




106.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मलक्का जलडमरूमध्य:**

- यह एक संकीर्ण जलमार्ग है जो **अंडमान सागर (हिंद महासागर का हिस्सा)** को **दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर का हिस्सा)** से जोड़ता है। अत: **कथन 1 सही है।**
  - यह समुद्री व्यापार के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण मार्ग है, विशेषकर **यूरोप, पश्चिम एशिया और पूर्वी एशिया** के बीच के व्यापार हेतु।
- भौगोलिक दृष्टि से, **मलक्का जलडमरूमध्य पूर्व में** इंडोनेशियाई **द्वीप सुमात्रा** और **पश्चिम में प्रायद्वीपीय मलेशिया** तथा **दक्षिणी थाईलैंड** के बीच स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह स्थिति इसे वैश्विक समुद्री यातायात के लिये एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक अवरोधक बनाती है तथा यह विश्व के सबसे व्यस्ततम और महत्त्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है।

107.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2025:**

- **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** द्वारा जारी **वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2025** के अनुसार, भारत 148 देशों में से 131वें स्थान पर है, जो वर्ष 2024 में 129वें स्थान से नीचे आया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **समानता स्कोर मात्र 64.1%** होने के कारण, भारत दक्षिण एशिया के निम्नतम रैंक वाले देशों में से एक बना हुआ है।
- यह सूचकांक किसी देश में लैंगिक समानता का आकलन चार क्षेत्रों में करता है: **आर्थिक सहभागिता और अवसर, शैक्षणिक उपलब्धि, स्वास्थ्य और जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण। अतः कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि इन चारों क्षेत्रों में से तीन में भारत का प्रदर्शन स्थिर रहा है या हल्का सुधार दिखा है, लेकिन राजनीतिक सशक्तीकरण में भारी कमी उसके समग्र रैंक को नीचे खींचती रहती है।
- **राजनीतिक सशक्तीकरण की श्रेणी में भारत ने पिछले मूल्यांकन की तुलना में गिरावट** दर्ज की है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - संसद में महिला प्रतिनिधित्व वर्ष 2025 में 14.7% से घटकर 13.8% रह गया, जिससे यह सूचक लगातार दूसरे वर्ष 2023 के स्तर की तुलना में गिरावट दर्शाता है।
  - इसी प्रकार, मंत्रिपरिषद में महिलाओं की भागीदारी 6.5% से घटकर 5.6% रह गई, जो वर्ष 2023 से देखी जा रही गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

108.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **बंदी प्रत्यक्षीकरण** का अर्थ है **"शरीर को प्रस्तुत करना।"** यह रिट उन मामलों में जारी की जाती है जब किसी व्यक्ति को गैरकानूनी रूप से निरुद्ध किया गया हो, ताकि उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - न्यायालय निरोध की कानूनी वैधता की जाँच करता है और यदि निरोध अवैध पाया जाता है, तो वह रिहाई का आदेश दे सकता है।
- **परमादेश** का अर्थ है **"हम आदेश देते हैं।"** यह एक आदेशात्मक रिट है, जो किसी लोक अधिकारी या प्राधिकरण को उस कर्तव्य के निर्वहन हेतु जारी की जाती है जिसे वह कानूनी रूप से करने के लिये बाध्य है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- **प्रतिषेध** का अर्थ है **"प्रतिषेध करना"**। यह रिट उच्च न्यायालय द्वारा निम्न न्यायालय या अधिकरण को तब जारी की जाती है जब वह अपनी अधिकार-सीमा से बाहर जाकर कार्यवाही कर रहा हो। इस रिट के माध्यम से उसे ऐसी कार्यवाही जारी रखने से रोका जाता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
  - यह निवारक प्रकृति की होती है।
- **अधिकार पृच्छा** का अर्थ है **"किस अधिकार से"**। यह रिट किसी व्यक्ति के सार्वजनिक पद के दावे की वैधता की जाँच करने के लिये जारी की जाती है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है। अतः विकल्प B सही है।**

109.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (EIA):**

- पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (EIA) प्रक्रिया को भारत में औपचारिक रूप से **27 जनवरी, 1994** को **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986** के तहत जारी एक अधिसूचना के माध्यम से प्रारंभ किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इस अधिसूचना ने 29 श्रेणियों की परियोजनाओं के लिये कार्य प्रारंभ करने से पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य बना दिया।
- यह भारत में एक संरचित पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) प्रक्रिया की शुरुआत थी, जिसमें जन सहभागिता और विशेषज्ञ समीक्षा को शामिल किया गया।

- विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) एक अनुशंसा देने वाली संस्था है। यह पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्टों का मूल्यांकन करती है और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करती है।
  - **अंतिम पर्यावरणीय स्वीकृति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC)** द्वारा विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) की सिफारिशों के आधार पर **प्रदान** की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- EIA अधिसूचना 2006 के अंतर्गत (जिसने वर्ष 1994 की रूपरेखा को परिष्कृत किया):
  - **श्रेणी A की परियोजनाओं** (बड़े पैमाने या उच्च प्रभाव वाली) के लिये केंद्रीय सरकार से अनिवार्य पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होता है, और इन्हें स्क्रीनिंग प्रक्रिया से नहीं गुज़रना पड़ता।
  - **श्रेणी B की परियोजनाएँ** अपेक्षाकृत छोटी या कम प्रभाव वाली होती हैं, और इन्हें पूर्ण पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (EIA) की आवश्यकता है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (SEIAA) द्वारा स्क्रीनिंग प्रक्रिया से गुज़रना पड़ता है। **अतः कथन 3 सही है।**

110.

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **सांकेतिक सकल घरेलू उत्पाद (Nominal GDP)** वर्तमान बाज़ार मूल्यों के आधार पर गणना की जाती है, जिसमें मुद्रास्फीति के प्रभाव को समायोजित नहीं किया जाता। इस कारण, जब मुद्रास्फीति मौजूद होती है, तो यह वास्तविक GDP की तुलना में सामान्यतः अधिक होती है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - यह उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के वास्तविक मौद्रिक मूल्य को दर्शाता है।
- **वास्तविक GDP** को मुद्रास्फीति के अनुसार समायोजित किया जाता है ताकि उत्पादन की वास्तविक मात्रा को दर्शाया जा सके। यह सांकेतिक GDP को वास्तविक शर्तों में बदलने के लिये GDP डिफ्लेटर का उपयोग करती है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - यह मूल्य परिवर्तनों के विकृति प्रभाव के बिना वर्ष-दर-वर्ष तुलना की अनुमति देता है।
- **क्रय शक्ति समता (PPP) पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** देशों के बीच मूल्य स्तर में अंतर को समायोजित करता है। यह दर्शाता है कि लोग अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्था में अपनी आय से वास्तव में क्या खरीद सकते हैं।
  - इसलिये, यह विभिन्न देशों के बीच जीवन स्तर और आर्थिक उत्पादकता की तुलना करने के लिये अत्यंत उपयोगी है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है। अतः विकल्प C सही है।**

111.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **दीनदयाल बंदरगाह,** जिसे पहले **कांडला बंदरगाह** के नाम से जाना जाता था, **गुजरात** में स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
  - यह भारत के पश्चिमी तट पर, **कच्छ की खाड़ी** के पास स्थित है और यह भारत के प्रमुख बंदरगाहों में से एक है।
- **पारादीप बंदरगाह** भारत के पूर्वी तट पर **ओडिशा** राज्य में स्थित है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - यह भारत के प्रमुख बंदरगाहों में से एक है और भारी मात्रा में माल का परिवहन करता है।
- **हल्दिया बंदरगाह पश्चिम बंगाल** में **हुगली नदी** के मुहाने के पास स्थित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- यह **पूर्वी भारत के लिये एक प्रमुख व्यापारिक प्रवेशद्वार** के रूप में कार्य करता है। यह एक प्रमुख बंदरगाह है, यद्यपि यह कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के एक भाग के रूप में कार्य करता है। **अत: विकल्प B सही है।**

112.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC), संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों** में से एक है और इसका स्थायी **मुख्यालय न्यूयॉर्क सिटी, अमेरिका** स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष **2025** तक, भारत ने **आठ बार UNSC के अस्थायी सदस्य** के रूप में कार्य कर चूका है: 1950–51, 1967–68, 1972–73, 1977–78, 1984–85, 1991–92, 2011–12, और 2021–22। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **संयुक्त राष्ट्र** की स्थापना **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** और **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के कानून** द्वारा की गई थी। यह चार्टर **26 जून, 1945** को **भारत सहित 50 देशों** के प्रतिनिधियों द्वारा सैन फ्राँसिस्को में हस्ताक्षरित किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

113.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**न्यायाधीश को पद से हटाना:**

- **न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968** सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की जाँच और पद से हटाने की विस्तृत प्रक्रिया प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह अधिनियम संसद में जाँच, अन्वेषण और प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया निर्धारित करता है।
- **अनुच्छेद 124 और 218** के तहत, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को **'सिद्ध दुर्व्यवहार' या 'अक्षमता'** के आधार पर राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है, बशर्ते कि संसद के दोनों सदनों द्वारा यह प्रस्ताव पारित किया गया हो। **अत: कथन 2 सही है।**
- न्यायाधीश को पद से हटाने का प्रस्ताव दो शर्तों के अधीन पारित किया जाना आवश्यक है: पहली, **प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत** द्वारा; और दूसरी, **उपस्थित एवं मतदान कर रहे सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत** द्वारा। **अत: कथन 3 सही है।**

114.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR):**

- आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) किसी **बैंक की कुल जमा राशि का वह प्रतिशत है जिसे तरल नकदी के रूप में RBI के पास रखना अनिवार्य होता है। अत: कथन 1 सही है।**
  - यह एक **विनियामक आवश्यकता है** ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बैंक न्यूनतम स्तर की तरलता और वित्तीय स्थिरता बनाए रखें।
  - RBI अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति और तरलता को नियंत्रित करने के लिये मौद्रिक नीति उपकरण के रूप में CRR का उपयोग करता है।
- बैंकों को RBI के पास **CRR** के रूप में रखी गई राशि पर **कोई ब्याज नहीं मिलता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यही कारण है कि CRR को बैंकों के लिये **एक लागत** माना जाता है, क्योंकि यह राशि न तो उधारी और न ही निवेश के लिये उपयोग हो सकती है।

115.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जॉर्डन घाटी:**

- **जॉर्डन घाटी ग्रेट रिफ्ट वैली सिस्टम** का हिस्सा है, जो लेबनान से मोज़ाम्बिक तक फैली हुई है। यह एक **रिफ्ट वैली** है जो **टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों** से बनी है और **दक्षिण-पश्चिमी एशिया** यानी मध्य पूर्व में स्थित है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **जॉर्डन नदी** इस घाटी से होकर प्रवाहित होती है और **जॉर्डन (पूर्व में), इज़राइल तथा वेस्ट बैंक (पश्चिम में)** के बीच **प्राकृतिक सीमा** बनाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **डेड सी**, जो जॉर्डन घाटी के दक्षिणी भाग में स्थित है, समुद्र तल से लगभग **430 मीटर नीचे** स्थित है और यह पृथ्वी की सतह पर **सबसे निचला प्राकृतिक बिंदु** है। **अतः कथन 3 सही है।**

116.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा संचालित **प्लास्टिक पैकेजिंग के लिये केंद्रीकृत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) पोर्टल** के अनुसार:
    - प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) व्यवस्था लागू की गई है। इसके अनुसार, यह **निर्माताओं (Producers), आयातकों (Importers) और ब्रांड मालिकों (Brand Owners - PIBOs)** की ज़िम्मेदारी है कि वे अपने प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट का **पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग या अंतिम-चरण निपटान (जैसे सह-प्रसंस्करण या ऊर्जा उत्पादन)** सुनिश्चित करें। **अतः विकल्प A सही है।**

117.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (IBC), 2016:**

- **IBC, 2016 वास्तव में** दिवालियापन मामलों के लिये एक **समयबद्ध समाधान प्रक्रिया प्रदान करता है। कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान के लिये, प्रारंभिक समय सीमा 180 दिन है,** जिसे 90 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है, जिससे कुल 270 दिन हो जाते हैं। हालाँकि, न्यायिक देरी के कारण, मुकदमेबाज़ी के समय सहित अधिकतम सीमा 330 दिन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (National Company Law Tribunal- NCLT) कंपनियों से संबंधित दिवालियापन कार्यवाही** के लिये निर्णायक प्राधिकरण है, जबकि **ऋण वसूली न्यायाधिकरण (Debt Recovery Tribunal- DRT)** व्यक्तियों और साझेदारी फर्मों (सीमित देयता भागीदारी को छोड़कर) के लिये दिवालियापन प्रस्तावों को संभालने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016** के तहत स्थापित **भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (IBBI)** एक **वैधानिक निकाय** है जो भारत में कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों और व्यक्तियों के दिवालियेपन और दिवालियापन समाधान के लिये नियम बनाने और लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 3 सही है।**

118.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मानव तस्करी:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 23(1) में कहा गया है कि मानव तस्करी** और **बेगार** तथा इसी तरह के अन्य प्रकार के **ज़बरन श्रम** पर प्रतिबंध है और इस प्रावधान का कोई भी उल्लंघन कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनैतिक दुर्व्यापार (निवारण) अधिनियम (ITPA), 1956** भारत में प्राथमिक कानून है जिसका उद्देश्य **वाणिज्यिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकना और उसका सामना करना है। अतः कथन 2 सही है।**
    - यह वेश्यालय (ब्रॉथेल) संचालन या उसका प्रबंधन करने, वेश्यावृत्ति से होने वाली कमाई पर जीवन यापन करने और किसी व्यक्ति को वेश्यावृत्ति के लिये प्रेरित करने को अपराध मानता है। यह संगठित यौन तस्करी, खास तौर पर महिलाओं और बच्चों की तस्करी पर केंद्रित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

119.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- G-7 सात विकसित अर्थव्यवस्थाओं—फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा—का एक **अनौपचारिक समूह** है, जिसकी स्थापना वर्ष 1975 में तेल संकट की प्रतिक्रिया में की गई थी (कनाडा वर्ष 1976 में शामिल हुआ)। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2025 का G-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन, जिसकी मेज़बानी कनाडा कर रहा है, तीन स्तंभों पर आधारित है: वैश्विक समुदायों की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण और डिजिटल परिवर्तन में तेज़ी लाना, और भविष्य की साझेदारियों को सुरक्षित करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने वर्ष 2025 के G-7 शिखर सम्मेलन में कनैनिस्किस वाइल्डफायर चार्टर का समर्थन किया, जो वर्ष 2030 तक वैश्विक वनों की कटाई और वन एवं भूमि क्षरण को रोकने और उसे पलटने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - यह चार्टर वन और भूमि उपयोग पर ग्लासगो नेताओं की घोषणा (2021) पर आधारित है, जो वनाग्नियों से निपटने और वन पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा में वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करता है।

120.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 280 राष्ट्रपति को संविधान के प्रारंभ से दो वर्षों के भीतर तथा प्रत्येक पाँच वर्ष के अंतराल पर (या आवश्यकतानुसार उससे पहले) एक वित्त आयोग गठित करने का निर्देश देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वित्त आयोग की सिफारिशें **परामर्शात्मक प्रकृति** की होती हैं और केंद्र सरकार पर **बाध्यकारी नहीं** होतीं। हालाँकि, इन्हें सामान्यतः कुछ मामूली संशोधनों या विचलनों के साथ स्वीकार कर लिया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 15वें वित्त आयोग ने उन राज्यों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कर प्रयास मानदंड को पुनः शामिल किया, जिनकी कर संग्रहण क्षमता अधिक प्रभावी रही है। **अतः कथन 3 सही है।**

121.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नेशनल मिशन फॉर ग्रीन इंडिया (GIM), जिसे सामान्यतः **ग्रीन इंडिया मिशन** कहा जाता है, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के तहत शुरू की गई आठ मिशनों में से एक है। इसका उद्देश्य वन आवरण की रक्षा और वृद्धि करना, जैव विविधता एवं आजीविका की रक्षा करना तथा अनुकूलन व शमन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का समाधान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- GIM का लक्ष्य 2.5 से 3.0 बिलियन टन $CO_2$ समतुल्य का अतिरिक्त कार्बन सिंक तैयार करना है, जो क्षरणग्रस्त भूमि, परती भूमि तथा रेलवे और राजमार्गों के किनारे वनीकरण के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

122.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- WIPO के वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिकेटर्स (WIPI) वर्ष 2024 में भारत विश्व स्तर पर 6वें स्थान पर है, जो तेज़ी से बढ़ते IP इकोसिस्टम को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत R&D पर सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.7% व्यय करता है, जो कि इज़राइल (6.3%), दक्षिण कोरिया (5%), USA (3.4%) और चीन (2.6%) से बहुत पीछे है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **ANRF अधिनियम 2023** के तहत स्थापित ANRF का उद्देश्य भारत के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार को बढ़ावा देना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) द्वारा अनुशंसित रणनीतिक वैज्ञानिक दिशा के लिये एक शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है तथा साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (SERB) को शामिल करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

123.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 51 **सदस्य देशों के लिये आत्मरक्षा** के अधिकार को रेखांकित करता है। यह किसी राष्ट्र को सशस्त्र हमले की स्थिति में आत्मरक्षा में बल प्रयोग करने की अनुमति देता है, जो आवश्यकता और आनुपातिकता के अधीन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी अन्य देश द्वारा परमाणु हथियारों के विकास के आधार पर पूर्व-आक्रमण की स्पष्ट अनुमति नहीं देता है।
  - जबकि संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 51 सशस्त्र हमले की स्थिति में आत्मरक्षा में बल प्रयोग की अनुमति देता है, लेकिन यह संभावित भविष्य के खतरे के विरुद्ध पूर्वव्यापी हमलों तक विस्तारित नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

124.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS), 2023 **भारतीय कार्बन बाजार (ICM) के तहत एक तंत्र है** जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन का मूल्य निर्धारण करके और कार्बन ट्रेडिंग को सक्षम करके अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करना है।
  - CCTS का ध्यान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की तीव्रता को कम करने पर केंद्रित है तथा प्रति टन $CO_2$ समतुल्य उत्सर्जन की निगरानी की जाती है।
  - भारत के CCTS के तहत, बाध्य संस्थाओं (भारतीय कार्बन बाजार के तहत अनुपालन तंत्र के तहत पंजीकृत संस्थाएँ) की प्रारंभिक सूची में एल्युमीनियम, क्लोर-क्षार, सीमेंट, उर्वरक, लोहा और इस्पात, लुगदी और कागज़, पेट्रोकेमिकल्स, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और वस्त्र शामिल हैं।
  - भारत के CCTS के प्रारंभिक चरण (वर्ष 2026 से) में **थर्मल पावर प्लांट जैसे प्रमुख प्रदूषणकारी क्षेत्र शामिल नहीं हैं**, जो भारत के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

125.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से केवल संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान हटाने की प्रक्रिया के माध्यम से ही हटाया जा सकता है। संविधान **मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए 'महाभियोग' शब्द का उपयोग नहीं करता है।** 'महाभियोग' शब्द का प्रयोग केवल राष्ट्रपति को हटाने के लिए किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मुख्य **चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 में** प्रावधान है कि मुख्य चुनाव आयुक्त तथा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री (अध्यक्ष), लोकसभा में विपक्ष के नेता (या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता) एवं प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**

126.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- शैक्षिक प्राप्ति में, वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि भारत ने 97.1% स्कोर किया, जो महिला साक्षरता और तृतीयक शिक्षा नामांकन में सकारात्मक सुधार को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2025 में संसद में महिला प्रतिनिधित्व में 14.7% से 13.8% तक की गिरावट दर्ज की गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट 2025 में भारत 148 देशों में से 131वें स्थान पर है, जो 2024 से दो पायदान नीचे है। 64.1% के समता स्कोर के साथ, यह दक्षिण एशिया में सबसे निचले पायदान पर बना हुआ है। **अतः कथन 3 सही है।**

127.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**थोक मूल्य सूचकांक ( WPI ):**

- **थोक व्यापारी द्वारा अन्य व्यापारियों को** थोक में बेची और कारोबार की गई वस्तुओं के मूल्य परिवर्तनों को WPI ट्रैक करता है। **अतः कथन 1 सही है ।**
  - किल्ब हींन को ओंताक्भोपउ धेसी हय**संगठन**चबी के ों वढ़ाच-रताउ में यल्मू के ओंतुस्व लेवा नेजा येकि रपायाव् है ताशार्द को
- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ( CPI )** के विपरीत, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा आदि जैसी सेवाएँ शामिल हो सकती हैं, **WPI केवल** निर्मित उत्पादों, ईंधन और प्राथमिक लेखों जैसी वस्तुओं पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- WPI **को आर्थिक सलाहकार कार्यालय** द्वारा **मासिक रूप से** प्रकाशित किया जाता है, जो भारत सरकार के **वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** का हिस्सा है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इस प्रकाशन में विभिन्न श्रेणियों के सामानों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बारे में विस्तृत आँकड़े शामिल हैं।

128.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**अबूझमाड़ वन क्षेत्र:**

- अबूझमाड़ क्षेत्र में **अबूझमाड़िया जनजाति के लोग रहते हैं, जिन्हें** छत्तीसगढ़ में **विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों ( PVTGs )** में से एक माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **PVTGs, जनजातीय समूहों की एक विशेष श्रेणी** है, जिसे भारत सरकार द्वारा कृषि-पूर्व प्रौद्योगिकी स्तर, स्थिर या घटती जनसंख्या और अत्यधिक पिछड़ेपन जैसे मानदंडों के आधार पर पहचाना जाता है।
- अबूझमाड़िया **गोंड जनजाति की उप-जनजाति** हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है ।**

129.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**सरकारी ई-मार्केटप्लेस ( GEM ):**

- सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GEM) पहल **अगस्त 2016 में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय** द्वारा सरकारी खरीदारों के लिये एक खुला और पारदर्शी खरीद मंच बनाने के लिये शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- GeM विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर MSME इकोसिस्टम में कार्य कर रहा है, विशेष रूप से SC/ST उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, ताकि सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में MSME से 25% अनिवार्य खरीद का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसमें SC/ST समुदायों के MSME उद्यमियों से 4% की उप-लक्ष्यविधि भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- GeM के नियमों के अनुसार, लैपटॉप से लेकर फर्नीचर तक सभी सरकारी खरीद GeM पोर्टल के माध्यम से की जानी चाहिये, जिसमें सबसे कम मूल्य देने वाले विक्रेता से खरीदना अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**

130.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**अटल पेंशन योजना ( APY ):**

- भारत सरकार ने असंगठित क्षेत्र के विशाल कार्यबल में वृद्धावस्था संबंधी जोखिम और अपर्याप्त पेंशन सुरक्षा की दोहरी चुनौती से निपटने के लिये **9 मई 2015** को अटल पेंशन योजना की शुरुआत की थी, जिसकी क्रियान्वयन तिथि **1 जून 2015** से **शुरू हुआ था**।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह योजना विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को लक्षित करती है, जिन्हें औपचारिक पेंशन सुरक्षा उपलब्ध नहीं होती। प्रारंभ में यह 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिये थी, लेकिन 1 अक्तूबर 2022 से आयकर देने वाले नागरिक इस योजना में शामिल होने के लिये अयोग्य कर दिये गए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- इस योजना का संचालन **पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA)** द्वारा **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)** की संस्थागत संरचना के अंतर्गत किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

131.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परमाणु अप्रसार संधि (NPT):**

- परमाणु अप्रसार संधि (NPT) को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा **12 जून, 1968** को अनुमोदित किया गया था और यह **5 मार्च, 1970** को प्रभाव में आई। NPT एकमात्र ऐसी बहुपक्षीय, बाध्यकारी संधि है जो **परमाणु-सशस्त्र देशों (NWS)** को निरस्त्रीकरण की दिशा में प्रतिबद्ध करती है, साथ ही परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को भी बढ़ावा देती है। **अतः कथन 1 सही है।**

- **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) इस संधि के अनुपालन की निगरानी के लिये नामित निकाय है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - IAEA निरीक्षण और सुरक्षा उपाय लागू करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परमाणु सामग्री का उपयोग हथियार निर्माण के लिये न किया जाए।

132.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (ICAO):**

- अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन **संगठन** (ICAO) की स्थापना वर्ष 1947 में अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन पर कन्वेंशन के प्रावधानों के तहत की गई थी, जिसे आमतौर पर **शिकागो कन्वेंशन** के रूप में जाना जाता है, जिस पर वर्ष 1944 में हस्ताक्षर किये गए थे। **अतः कथन 1 सही है।**

- हालाँकि **ICAO संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध है,** यह **गैर-सरकारी संगठन (NGO)** नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह **संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी** है, अर्थात् यह एक **अंतर-सरकारी संगठन (IGO)** है।

- भारत **ICAO का एक संस्थापक सदस्य** है, जिसने वर्ष 1944 के शिकागो कन्वेंशन में भाग लिया था, और तब से लेकर ICAO की परिषद का सदस्य रहा है, जिसमें वर्ष 1944 से 1947 के बीच अस्थायी ICAO परिषद भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - भारत ने ICAO मुख्यालय, **मॉन्ट्रियल** में स्थायी प्रतिनिधिमंडल बनाए रखा है।

133.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:**

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 19(1)(a)** सभी नागरिकों को उचित प्रतिबंधों के साथ वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है।
  - **अनुच्छेद 19(2)** राज्य को भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, न्यायालय की अवमानना, मानहानि और किसी अपराध के उकसाने के हित में **उचित प्रतिबंध लगाने** की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यद्यपि स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, **प्रेस की स्वतंत्रता को अनुच्छेद 19(1)(a) का हिस्सा माना जाता है। अतः कथन 2 सही है।**
  - भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिकार की व्याख्या करते हुए इसमें प्रेस की स्वतंत्रता को भी शामिल किया है, क्योंकि प्रेस नागरिकों के लिये अभिव्यक्ति और सूचना प्राप्त करने के माध्यम के रूप में कार्य करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य (1950)** और **बृज भूषण बनाम दिल्ली राज्य (1950)** जैसे ऐतिहासिक मामलों ने इस व्याख्या की पुष्टि की।

- **अनुच्छेद 19(1)(b)** शांतिपूर्वक एकत्र होने तथा सार्वजनिक सभाएँ या शोभायात्रा आयोजित करने के अधिकार की सुनिश्चितता प्रदान करता है, जिस पर संप्रभुता, अखंडता और सार्वजनिक व्यवस्था के हितों में उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - हालाँकि, **अनुच्छेद 19(3)** राज्य को भारत की संप्रभुता और अखंडता तथा सार्वजनिक व्यवस्था के हित में इस अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है।

**134.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:**

- NEP 2020 में शैक्षणिक, कौशल और सामाजिक-संवेगात्मक विकास सहित समग्र छात्र विकास की निगरानी के लिये **समग्र प्रगति कार्ड** (Holistic Progress Card- HPC) की शुरुआत की गई है।
  - हालाँकि, यह सभी छात्रों के लिये बनाया गया है, **विशेष रूप से या विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों के लिये नहीं। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- NEP 2020 **बहुभाषावाद को दृढ़ता से प्रोत्साहन प्रदान करता है** और अनुशंसा करता है कि मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा कम से कम ग्रेड 5 तक, अधिमानत: ग्रेड 8 तक **शिक्षा का माध्यम हो। अत: कथन 2 सही है।**
  - यह बच्चे की घरेलू भाषा में बेहतर शिक्षण परिणामों का समर्थन करने वाले **शैक्षणिक शोध** पर आधारित है।

**135.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 244(1) के तहत, पाँचवीं अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम को छोड़कर सभी राज्यों में **अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों** के प्रशासन पर लागू होती है। इसका प्राथमिक उद्देश्य भूमि, आवास और अर्थव्यवस्था पर आदिवासी अधिकारों की रक्षा करना, उनके रीति-रिवाज़ों और परंपराओं को संरक्षित करना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- अनुच्छेद 371 विभिन्न राज्यों, मुख्य रूप से पूर्वोत्तर में, आदिवासी संस्कृति की रक्षा और स्थानीय स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिये विशेष संवैधानिक प्रावधान प्रदान करता है। उदाहरण के लिये, अनुच्छेद 371 (A) नगालैंड पर लागू होता है; धर्म, रीति-रिवाज़, न्याय और भूमि स्वामित्व से संबंधित कानून केवल तभी लागू होते हैं जब राज्य विधानसभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है।
- अनुच्छेद 25 किसी व्यक्ति को अपने धर्म को मानने, उसका अभ्यास करने और उसका प्रचार करने का अधिकार सुनिश्चित करता है।
- अनुच्छेद 26 धार्मिक मामलों के प्रबंधन के अधिकार की सुनिश्चितता प्रदान करता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**136.**

**उत्तर: D**

**एक्सप:**

- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया** और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा 2023-2031 की अवधि के लिये कार्यान्वित किया गया राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) का उद्देश्य क्वांटम प्रौद्योगिकी (QT) में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को आगे बढ़ाना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह मिशन क्वांटम सामग्री विकास (जैसे, सुपरकंडक्टर), परमाणु घड़ियों और नेविगेशन के लिये उच्च संवेदनशीलता वाले मैग्नेटोमीटर और उपग्रह-आधारित लिंक के माध्यम से सुरक्षित क्वांटम संचार पर केंद्रित है।
- **इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM)** डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन, **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के अंतर्गत एक विशेष और स्वतंत्र व्यवसाय प्रभाग है। इसका उद्देश्य एक दृढ़ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

इकोसिस्टम का निर्माण करना है, जो भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और डिज़ाइन के लिये एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के तहत जैव-संसाधन और सतत विकास संस्थान द्वारा वर्ष 2016 में शुरू किये गए जैव-अर्थव्यवस्था पर राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य जैव-संसाधनों के सतत् उपयोग के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**137.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पहलगाम आतंकी हमले के उत्तर में 7 मई, 2025 को शुरू किया गया ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय क्षेत्र से भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा समन्वित सटीक हमला था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर (PoJK) में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़बुल मुजाहिदीन के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका उद्देश्य पाकिस्तानी सैन्य स्थलों से बचते हुए उनके बुनियादी ढाँचे को नष्ट करना था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय वायु सेना ने न्यूनतम संपार्श्विक क्षति के साथ सटीक हमलों के लिये ऑपरेशन सिंदूर में **SCALP क्रूज़ मिसाइलों, हैमर बमों और लोइटरिंग मुनिशन (कामिकेज़ ड्रोन) जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया। अतः कथन 3 सही है।**
  - SCALP मिसाइल MBDA द्वारा निर्मित एक लंबी दूरी की वायु से प्रक्षेपित क्रूज़ मिसाइल है, जिसे राफेल जेट के माध्यम से तैनात किया जाता है तथा इसका उपयोग दृढ़ लक्ष्यों पर गहरे हमले के लिये किया जाता है।
  - हैमर बम एक सटीक निर्देशित GPS, इन्फ्रारेड और लेज़र लक्ष्यीकरण वाला बम है, जो गतिशील और गतिशील खतरों से निपटने में सक्षम है।
  - कामिकेज़ ड्रोन निगरानी और स्वायत्त हमला करने की क्षमता प्रदान करते हैं, जो समय-संवेदनशील लक्ष्यों (time-sensitive targets) के लिये आदर्श हैं।

**138.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का सबसे बड़ा वस्तु व्यापार निर्यात गंतव्य है, जहाँ वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान निर्यात में 9.1% की वृद्धि दर्ज की गई और यह 76.4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का सातवाँ सबसे बड़ा निर्यातक है (संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, नीदरलैंड, सिंगापुर, सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया के बाद), जिसका समर्थन जामनगर रिफाइनरी जैसे प्रमुख संयंत्रों से होता है, जो विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**139.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने इज़रायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान और इज़रायल के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिये जून 2025 में ऑपरेशन सिंधु शुरू किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने वर्ष 2023 में ऑपरेशन अजय की शुरुआत संघर्ष-ग्रस्त इज़राइल से भारतीय नागरिकों की वापसी को सुविधाजनक बनाने हेतु की थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**140.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- तमिलनाडु में वैगई नदी के निकट स्थित कीझड़ी एक प्रमुख पुरातात्विक खोज के रूप में उभरा है, जो ईसा पूर्व 8वीं से 5वीं शताब्दी तक की एक विकसित नगरीय सभ्यता की ओर संकेत करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- कीझड़ी में प्रमुख रूप से प्राप्त अवशेषों में तमिल-ब्राह्मी अभिलेख और कार्नेलियन (सुलेमानी) मनियाँ शामिल हैं, जो प्रारंभिक साक्षरता और व्यापार को दर्शाते हैं तथा दक्षिण भारत में शहरीकरण के ऐसे संकेत प्रदान करते हैं जो सिंधु घाटी सभ्यता के समकालीन हो सकते हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

141.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इनविट्स म्यूचुअल फंड की तरह होते हैं जो निवेशकों से धन एकत्र कर आय-उत्पादक अवसंरचना परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं, तथा प्राप्त लाभ का कुछ भाग लाभांश के रूप में वितरित करते हैं।
- InvITs को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा विनियमित किया जाता है, जो InvITs के गठन और संचालन को नियंत्रित करने वाले नियम और विनियम निर्धारित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इनविट को 'वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 के तहत उधारकर्त्ताओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो डिफॉल्ट के मामले में सुरक्षा हितों और परिसंपत्ति प्रतिभूतिकरण के प्रवर्तन की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

142.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 के अनुसार, भारत 54 विश्वविद्यालयों के साथ चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है, जो अमेरिका (192), ब्रिटेन (90) और मेनलैंड चीन (72) का स्थान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के लिये प्रति संकाय औसत उद्धरण स्कोर 43.7 है, जो जर्मनी, ब्रिटेन और अमेरिका से अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- QS (क्वाक्वेरेली साइमंड्स) एक लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक है, जो विश्वसनीय QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिये जाना जाता है, जो विश्व भर के विश्वविद्यालयों के डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि और आकलन प्रदान करता है।

143.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC):**

- इसकी स्थापना **वर्ष 1885 में एलन ऑक्टेवियन ह्यूम,** एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश सिविल सेवक, द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय नेताओं को एक राजनीतिक मंच बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो ब्रिटिश सरकार के समक्ष भारतीय चिंताओं को उठा सके।
- **कॉन्ग्रेस का पहला अधिवेशन** बॉम्बे **(अब मुंबई)** में 28 से 31 दिसंबर 1885 तक आयोजित किया गया था।
  - **इस सत्र के अध्यक्ष के रूप में वोमेश चंद्र बनर्जी चुने गए,** जिससे वे कॉन्ग्रेस के पहले अध्यक्ष बने। **अतः कथन 2 सही है।**
- **महात्मा गांधी ने वर्ष 1924 में कॉन्ग्रेस के बेलगाम अधिवेशन** की अध्यक्षता की , जो **एकमात्र ऐसा अवसर था जब उन्होंने कॉन्ग्रेस की अध्यक्षता स्वीकार की। अतः कथन 3 सही है।**
  - यह अधिवेशन महत्त्वपूर्ण था क्योंकि इसमें स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कॉन्ग्रेस में गांधीजी के औपचारिक नेतृत्व की बात कही गई थी।

144.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC):**

- CBFC, **सूचना और प्रसारण मंत्रालय** के तहत एक **वैधानिक निकाय है, जो सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952** के प्रावधानों के तहत फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन को विनियमित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- बोर्ड में **गैर-आधिकारिक सदस्य** और **एक अध्यक्ष** (जिनमें से सभी को **केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है) शामिल हैं** तथा इसका मुख्यालय मुंबई में है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - CBFC के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद, नई दिल्ली, कटक और गुवाहाटी में **नौ क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा दो वर्षों के लिये नामित सलाहकार पैनलों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।**
- **ई-सिनेप्रमाण** एक **ऑनलाइन फिल्म प्रमाणन प्रणाली है जिसे मार्च 2017 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया तथा **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) द्वारा कार्यान्वित किया गया। अतः कथन 3 सही है।**

**145.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM):**

- इस मिशन को अप्रैल 2023 में अनुमोदन प्राप्त हुआ और इसे वर्ष 2023–24 से 2030–31 तक संचालित किया जाना निर्धारित है। इसका उद्देश्य कंप्यूटिंग, संचार, सेंसिंग और सामग्रियों में क्वांटम प्रौद्योगिकियों का विकास करना है तथा इस क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेतृत्व प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) का **कार्यान्वयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के अंतर्गत कार्यरत **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** द्वारा किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस मिशन की शुरुआत के साथ, **भारत** अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्राँस, कनाडा और चीन के बाद एक समर्पित क्वांटम मिशन स्थापित करने वाला **सातवाँ देश** बन गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**146.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**एशियाई विकास बैंक (ADB):**

- एशियाई विकास बैंक (ADB) की स्थापना वर्ष 1966 में हुई थी। यह एक बहुपक्षीय विकास बैंक है, जिसका उद्देश्य एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत विकासशील सदस्य देशों में वित्तीय प्रतिबद्धताओं** के मामले में **पहले स्थान** पर है, जो बैंक की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता का 14% योगदान देता है, इसके बाद **चीन**, **बांग्लादेश**, **फिलीपींस** और **पाकिस्तान** का स्थान आता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **विश्व आर्थिक परिदृश्य (WEO)** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - ADB एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (ADO) प्रकाशित करता है, जो इसके सदस्य देशों के लिये आर्थिक विश्लेषण और पूर्वानुमान प्रस्तुत करता है।

**147.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **सरकार** राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के साथ परामर्श के बाद **कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP)** की अनुशंसाओं के आधार पर **22 नामित कृषि फसलों** के लिये न्यूनतम **समर्थन मूल्य (MSP) निर्धारित करती है। अतः कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक विपणन सत्र से पहले, **भारत सरकार राज्य सरकारों** और **भारतीय खाद्य निगम (FCI)** के साथ **समन्वय** करके अनुमानित उत्पादन, विपणन योग्य अधिशेष और फसल प्रवृत्तियों के आधार पर **गेहूँ और धान की खरीद के लक्ष्य निर्धारित** करती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** को अंतिम स्वीकृति **कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (CCEA)** द्वारा दी जाती है। इस समिति की अध्यक्षता **प्रधानमंत्री** करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

148.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पातंजलि को पारंपरिक रूप से योगसूत्रों के संकलन का श्रेय दिया जाता है, जो लगभग **दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में संकलित** माने जाते हैं। योगसूत्र एक संक्षिप्त सूत्र-संग्रह है जो **शास्त्रीय योग दर्शन** का मूल ग्रंथ है तथा इसमें योग के सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक दोनों पक्षों को शामिल किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **योगसूत्र में योग के आठ गुना मार्ग की रूपरेखा दी गई है,** जिसमें नैतिक, शारीरिक और मानसिक अनुशासन शामिल हैं जो अंतत: आध्यात्मिक प्राप्ति की ओर ले जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ये आठ अंग हैं: यम (नैतिक संयम), नियम (व्यक्तिगत अनुष्ठान), आसन (शारीरिक मुद्राएँ), प्राणायाम (श्वास नियंत्रण), प्रत्याहार (इन्द्रियों को वश में करना), धारणा (एकाग्रता), ध्यान (ध्यान) और समाधि (आध्यात्मिक अवशोषण)।
- पातंजलि का योग दर्शन भारतीय दर्शन की **आस्तिक (सांस्कृतिक परंपरा को मानने वाली) शाखाओं में से एक है। अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - आस्तिक दर्शन शाखाएँ वे होती हैं जो वेदों की प्रामाणिकता को स्वीकार करती हैं और योग ऐसी छह आस्तिक दर्शनों में से एक है। अन्य पाँच हैं- न्याय, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा और वेदांत।

149.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 352** राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने का अधिकार देता है यदि भारत या उसके क्षेत्र के किसी हिस्से की सुरक्षा को युद्ध, बाह्य आक्रमण और सशस्त्र विद्रोह (**44वें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा जोड़ा गया**) से ख़तरे में है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ऐसी आपातस्थिति के दौरान, अनुच्छेद 19 के अंतर्गत मौलिक अधिकार निलंबित हो सकते हैं तथा केंद्र को राज्यों पर अधिभावी शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं।
- **अनुच्छेद 356** राष्ट्रपति को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुमति देता है यदि राज्यपाल रिपोर्ट करता है कि राज्य सरकार संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार काम नहीं कर रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ऐसे मामलों में राज्य विधानमंडल को भंग या निलंबित किया जा सकता है तथा राज्य की कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग केंद्र द्वारा किया जाता है।
- **अनुच्छेद 360** के अनुसार, यदि भारत या उसके किसी भाग की वित्तीय स्थिरता या ऋण को खतरा हो तो वित्तीय आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **इस आपातकाल के दौरान:**
    - राष्ट्रपति राज्यों को वित्तीय औचित्य का पालन करने का निर्देश दे सकते हैं।
    - न्यायाधीशों सहित सरकारी अधिकारियों के वेतन में कटौती की जा सकती है।
    - सभी धन विधेयकों को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।

150.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों ने बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश शासन के विरोध में उनके मुखर और कट्टरपंथी दृष्टिकोण के कारण **"भारतीय अशांति का जनक" कहा** गया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस शीर्षक का प्रयोग विशेष रूप से ब्रिटिश लेखक वैलेंटाइन चिरोल द्वारा किया गया था, जो राष्ट्रवादी भावनाओं को संगठित करने और औपनिवेशिक सत्ता को चुनौती देने में तिलक के प्रभाव को दर्शाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **बाल गंगाधर तिलक ने एनी बेसेंट** के साथ मिलकर वर्ष 1916 में भारत के लिये स्वशासन की मांग हेतु **अखिल भारतीय होम रूल लीग की** स्थापना की। **अत: कथन 2 सही है।**
  - जबकि बेसेंट की लीग देश के अधिकांश भागों में सक्रिय थी, तिलक की लीग मुख्य रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रांत और बरार में सक्रिय थी।
- उन्होंने **सहमति की आयु विधेयक का विरोध किया, जिसमें लड़कियों के लिये विवाह की न्यूनतम आयु 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष** करने की मांग की गई थी, उनका तर्क था कि सरकार को सामाजिक रीति-रिवाजों या व्यक्तिगत जीवन शैली में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

151.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (PMFME) योजना**

- PMFME योजना को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 10,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ औपचारिकता, क्षमता निर्माण और ऋण तक पहुँच के माध्यम से असंगठित सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को सशक्त बनाने के लिये शुरू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत, व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ **पात्र परियोजना लागत** के **35% की क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी के लिये पात्र हैं, जो अधिकतम ₹10 लाख तक है। अत: कथन 2 सही है।**
- PMFME योजना को 2020-21 से 2024-25 तक पाँच वर्षों में लागू करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिसका कुल वित्तीय परिव्यय 10,000 करोड़ रुपए है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह योजना विशेष रूप से व्यक्तिगत उद्यमियों के अलावा किसान उत्पादक **संगठनों** (FPO), स्वयं सहायता समूहों (SHG) और उत्पादक सहकारी समितियों जैसे सहायक समूहों पर विशेष ध्यान केंद्रित करती है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

152.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत निर्वाचन आयोग:**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **CEC को केवल उसी तरीके से और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है जिस तरह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है** (अर्थात, सिद्ध दुर्व्यवहार या अक्षमता के आधार पर संसद के दोनों सदनों के विशेष बहुमत द्वारा)।
  - अन्य चुनाव आयुक्तों को समान स्तर की सुरक्षा प्राप्त नहीं है; उन्हें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के विपरीत, **भारत के निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक व्यय** भारत की समेकित निधि पर नहीं डाले जाते हैं।
  - इसके बजाय, इन व्ययों पर संसद में मतदान किया जाता है, जिसका अर्थ है कि वे गैर-मतदान योग्य, गारंटीकृत व्यय नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत का निर्वाचन आयोग संसद, राज्य विधानसभाओं तथा राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनाव कराने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - हालाँकि, **नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव अलग-अलग राज्य चुनाव आयोगों द्वारा आयोजित** किये जाते हैं, न कि भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

153.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **THAAD (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) को** संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा विकसित किया गया है। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह एक मिसाइल रक्षा प्रणाली है जिसे छोटी से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को उनके अंतिम चरण के दौरान रोकने और नष्ट करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। इसे लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित किया गया है।

- **आयरन डोम इज़रायल** द्वारा विकसित एक **वायु रक्षा प्रणाली है**, विशेष रूप से इज़रायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI) के सहयोग से राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम द्वारा। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - इसे कम दूरी के रॉकेटों और तोपों के गोलों को रोकने और निष्क्रिय करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- **पैट्रियट PAC-3 (फेज्ड ऐरे ट्रैकिंग रडार टू इंटरसेप्ट ऑन टारगेट)** भी **संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा विकसित किया गया है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - यह प्रणाली रेथॉन द्वारा निर्मित है और इसका उपयोग सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और उन्नत विमानों का मुकाबला करने के लिये किया जाता है। **अत: विकल्प B सही है।**

154.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 213 के तहत, राज्यपाल के पास अध्यादेश जारी करने की शक्ति है, जब राज्य विधानमंडल सत्र में न हो** और यदि वह संतुष्ट हो कि परिस्थितियों में तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - अध्यादेश बनाने की यह शक्ति अनुच्छेद 123 के तहत राष्ट्रपति की शक्ति के समान है और इसका उद्देश्य अवकाश के दौरान तत्काल विधायी आवश्यकताओं को पूरा करना है।
- **राज्य विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति** के रूप में राज्यपाल की भूमिका **कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं** है। यह **विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करने वाले राज्य-विशिष्ट कानून** से लिया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **संविधान के अनुच्छेद 153 में** कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल होगा, लेकिन यह एक ही व्यक्ति को **दो या अधिक राज्यों हेतु राज्यपाल नियुक्त करने की भी अनुमति देता है। अत: कथन 3 सही है।**

155.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA):**

- **दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA)** एक व्यापार समझौता है जिसे **दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC)** द्वारा अपने सदस्य देशों के बीच **अंतर-क्षेत्रीय व्यापार और आर्थिक सहयोग** को बढ़ावा देने के लिये स्थापित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- SAFTA पर वर्ष **2004** में **हस्ताक्षर** किये गए और यह **1 जनवरी, 2006 को लागू** हुआ। यह वर्ष 1993 से प्रचलित SAARC अधिमान्य व्यापार व्यवस्था (SAPTA) का उत्तराधिकारी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अफगानिस्तान SAFTA का पक्षकार है।** यद्यपि वह **SAARC में बाद में शामिल** हुआ, परंतु उसने वर्ष **2011** में SAFTA समझौते की पुष्टि कर दी, जिससे वह इस व्यापार व्यवस्था का आठवाँ सदस्य बन गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

156.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF):**

- **वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF)** एक अंतर्राष्ट्रीय निगरानी संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष **1989** में **पेरिस में आयोजित G-7 शिखर सम्मेलन** में की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य धन शोधन, आतंकवाद के वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता के लिये खतरा बनने वाली संबंधित गतिविधियों से मुकाबला करना है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- FATF की ब्लैक लिस्ट में वे देश शामिल किये जाते हैं जिन्हें **'गैर-सहयोगी देश या क्षेत्र' (NCCT)** के रूप में चिह्नित किया जाता है। ये देश आतंकवाद के वित्तपोषण और धन शोधन जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं और इन पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - FATF समय-समय पर ब्लैक लिस्ट को अद्यतन करता है, जिसमें देशों को जोड़ा या हटाया जा सकता है।

**157.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अप्रैल 2022 में RBI द्वारा स्थायी जमा सुविधा (SDF) शुरू की गई थी। SDF बैंकों को बिना किसी संपार्श्विक के भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के पास अधिशेष धनराशि जमा करने में सक्षम बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **सीमांत स्थायी सुविधा (MSF)** RBI द्वारा बनाया गया एक प्रावधान है जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को अंतर-बैंक निधियों के पूरी तरह से समाप्त हो जाने पर एकदिवसीय तरलता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह एक आपातकालीन सुविधा है जो बैंकों को रेपो दर से अधिक दर पर उधार लेने की अनुमति देती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**158.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR):**

- FIR केवल संज्ञेय अपराधों (Cognizable Offences) के लिये दर्ज की जाती है — ऐसे अपराध जिनमें पुलिस बिना वारंट के गिरफ्तारी कर सकती है और न्यायालय की अनुमति के बिना ही जाँच शुरू कर सकती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी टेलीफोन संदेश को FIR माना जा सकता है, यदि उसमें संज्ञेय अपराध के बारे में पर्याप्त विवरण हो और वह गुप्त न हो। *ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य* जैसे कई मामलों में न्यायालयों ने माना है कि गैर-गुप्त विस्तृत टेलीफोन संदेशों को FIR माना जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **BNSS की धारा 173** के अनुसार, **एक बार FIR दर्ज हो जाने के बाद**, पुलिस उस मामले की **जाँच शुरू करने के लिये कानूनी रूप से बाध्य** होती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यदि कोई **पुलिस अधिकारी स्वयं किसी संज्ञेय अपराध** की जानकारी प्राप्त करता है, तो वह **स्वतः (suo motu)** FIR दर्ज कर सकता है।
  - ***हल्लू बनाम मध्य प्रदेश राज्य (1974)*** में, यह माना गया कि **CrPC (अब BNSS)** की धारा 154 उस सूचना के बारे में बात करती है जो एक मुखबिर के पास संज्ञेय अपराध से संबंधित है और प्रभारी अधिकारी को दी जाती है, इसलिये यह आवश्यक नहीं है कि मुखबिर को ऐसे अपराध के बारे में व्यक्तिगत ज्ञान हो। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**

**159.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA):**

- **संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA)** जिसे आमतौर पर **ईरान परमाणु समझौते के रूप में जाना जाता है, 2015 में ईरान और P5 + 1 देशों** (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य: चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) के साथ-साथ **यूरोपीय संघ (EU)** के बीच एक ऐतिहासिक समझौता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **JCPOA के तहत**, ईरान ने अपने यूरेनियम **संवर्द्धन को 3.67% पर सीमित करने पर सहमति व्यक्त की**, जो **हथियार-ग्रेड यूरेनियम के लिये आवश्यक 90% सीमा से काफी कम** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह सीमा यह सुनिश्चित करने के लिये निर्धारित की गई थी कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण बना रहे तथा उसका उपयोग परमाणु हथियार विकसित करने हेतु न किया जा सके।
- **JCPOA के तहत ईरान को हथियार-ग्रेड प्लूटोनियम** के उत्पादन को रोकने के लिये **अपने अराक हैवी वॉटर रिएक्टर को फिर से डिज़ाइन** करना पड़ा। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- रिएक्टर को प्लूटोनियम उत्पादन को न्यूनतम करने तथा परमाणु हथियारों के लिये इसके उपयोग को रोकने हेतु संशोधित किया जाना था।

160.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **चाहबार** ईरान का समुद्री बंदरगाह है जो भारत के सबसे नजदीक है। यह **मकरान तट** पर **सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है**। यह ओमान की खाड़ी में स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **मई 2016 में, भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय परिवहन तथा पारगमन कॉरिडोर** स्थापित करने के लिये एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिसे **चाबहार समझौते के रूप में भी जाना जाता** है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस समझौते का उद्देश्य ईरान के चाबहार बंदरगाह को प्रमुख पारगमन बिंदु के रूप में उपयोग करके तीनों देशों के बीच परिवहन और व्यापार संपर्क में सुधार करना था।
- चहाबार **बंदरगाह** परियोजना में दो मुख्य बंदरगाह हैं जिन्हें **शहीद कलंतरी बंदरगाह** और **शहीद बेहेश्टी बंदरगाह कहा जाता है** ।
  - **ईरान ने भारत को शाहिद बेहेश्टी बंदरगाह** विकसित करने की परियोजना को प्रस्तुत किया। **अतः कथन 3 सही है।**

161.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम,** 1992 भारत में **पंचायती राज संस्थाओं (PRI)** को संवैधानिक दर्जा देने वाला एक ऐतिहासिक कानून है। इसने संविधान में **भाग IX** जोड़ा और **अनुच्छेद 243 से 243-O** तक शामिल किया, साथ ही **11वीं अनुसूची** को जोड़ा जिसमें पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले **29 विषय** सूचीबद्ध हैं।
  - अधिनियम अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिये पंचायतों में सीटों के आरक्षण को अनिवार्य बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 243-I** के अनुसार, प्रत्येक पाँच वर्ष में एक राज्य वित्त आयोग का गठन करना अनिवार्य है, जो पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करे और राज्य व पंचायतों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण हेतु सिद्धांत सुझाएँ। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम ग्राम पंचायत (ग्राम स्तर), पंचायत समिति (**ब्लॉक/मध्यवर्ती स्तर**) और ज़िला परिषद (**ज़िला स्तर**) की तीन-स्तरीय संरचना का प्रावधान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - हालाँकि, **20 लाख से कम जनसंख्या वाले राज्यों** को दो-स्तरीय प्रणाली अपनाने की अनुमति है।

162.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रवर्तन निदेशालय (ED):**

- ED की शुरुआत वर्ष 1956 में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के अधीन एक प्रवर्तन इकाई के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य **विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (FERA), 1947** के उल्लंघनों से निपटना था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 1957 में इसका नाम बदलकर **प्रवर्तन निदेशालय** रखा गया।
- प्रवर्तन निदेशालय का प्राथमिक उद्देश्य भारत सरकार द्वारा लागू किये गए तीन प्रमुख कानूनों को लागू करना है: **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (FEMA), धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (PMLA) और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (FEOA)। अतः कथन 2 सही है।**
- ED वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है, न कि विदेश मंत्रालय के अंतर्गत। अतः कथन 3 सही नहीं है।

163.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**गोदावरी नदी:**

- **यह भारत की गंगा के बाद दूसरी सबसे लंबी नदी है** और क्षेत्रफल की दृष्टि से तीसरी सबसे बड़ी नदी प्रणाली है, जो देश

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

के लगभग 10% भूभाग का अपवाह जल एकत्र करती है। **अत: कथन 1 सही है।**

- इसे "**दक्षिण गंगा**" (Dakshina Ganga) भी कहा जाता है।

- गोदावरी नदी का उद्गम महाराष्ट्र के **नासिक ज़िले के त्र्यंबकेश्वर स्थित ब्रह्मगिरी पर्वत से होता है। अत: कथन 2 सही है।**
- इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं: प्रवरा, पूर्णा, मंजरा, पेनगंगा, वर्धा, वैनगंगा, प्रणहिता, इंद्रावती, मनेर और साबरी। अत: कथन 3 सही है।

164.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE):**

- **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** की स्थापना **1 मार्च, 2002** को **ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001** के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह **विद्युत मंत्रालय** के अंतर्गत कार्य करता है और इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देना है।
- **राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (SEEI)** को **ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)** और **ऊर्जा कुशल अर्थव्यवस्था के लिए गठबंधन (AEEE)** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित और प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह सूचकांक भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है।

165.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- होर्मुज़ जलडमरूमध्य ईरान और अरबी प्रायद्वीप के बीच स्थित एक संकीर्ण समुद्री मार्ग है (चौड़ाई 33 से 97 कि.मी. तक), जो फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। यह वैश्विक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) आपूर्ति के लिये एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पारगमन मार्ग है, जिससे विश्व की कुल तेल आपूर्ति का लगभग 30% परिवहन होता है। **अत: विकल्प B सही है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

166.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ओडिशा का मिशन शक्ति कार्यक्रम,** जो प्रारंभ में **स्वयं सहायता समूहों (SHG) के माध्यम से महिलाओं को सशक्त** बनाने पर केंद्रित था, अब डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से संबंधित कौशल विकास को भी शामिल करते हुए विस्तारित किया गया है। यह विस्तार विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को लक्षित करता है, ताकि वे उभरती हुई डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुकूल बन सकें। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को AI की मूल अवधारणाओं, डिजिटल साक्षरता और डेटा-आधारित उद्यम विकास से परिचित कराना है, जिससे पारंपरिक आजीविकाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह दृष्टिकोण महिलाओं को असंगठित आर्थिक गतिविधियों से तकनीक-सक्षम संरचित उद्यमों की ओर स्थानांतरित करने में सहायता करता है।

167.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लघु वित्त बैंक (SFB):**

- भारत में SFB एक ऐसी बैंकिंग श्रेणी हैं जिन्हें छोटे व्यापार मालिकों, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों, किसानों और असंगठित क्षेत्र सहित जनसंख्या के वंचित वर्गों को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ और ऋण सुविधाएँ प्रदान करने के लिये स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा विनियमित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- RBI के सभी सावधानीपूर्ण मानदंड और विनियम (जैसे CRR और SLR बनाए रखना), जो वाणिज्यिक बैंकों पर लागू होते हैं, वे SFB पर भी समान रूप से लागू होते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

168.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में परमाणु संयंत्रों और संबंधित घटनाओं के विषय में समाचार रिपोर्टों में जिन स्थानों का उल्लेख किया गया है, उनमें **फोर्डो, नतांज़ और इस्फाहान** (जिसे इस्फहान भी लिखा जाता है) शामिल हैं, जो सभी ईरान में स्थित हैं।
- **फोर्डो (Fordo):** यह ईरान के कोम प्रांत के कहक काउंटी के फोर्डो ग्रामीण ज़िले में स्थित एक गाँव है। इसी नाम से पास ही एक प्रमुख **यूरेनियम संवर्धन संयंत्र (Fordow Uranium Enrichment Plant)** भी है।
- **नतांज़ (Natanz):** ईरान के इस्फहान प्रांत के नतांज़ काउंटी के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट का एक शहर है। यह नतांज़ परमाणु सुविधा के लिये प्रसिद्ध है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम में एक प्रमुख स्थल है।
- **इस्फहान (Esfahan):** यह इस्फहान प्रांत की राजधानी और एक प्रमुख ऐतिहासिक शहर है। यद्यपि यह मुख्यत: अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिये जाना जाता है, लेकिन क्षेत्रीय सुरक्षा और परमाणु मुद्दों से जुड़े समाचारों में इसका उल्लेख कभी-कभी होता है। **अतः विकल्प B सही है।**

169.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इकॉनोमिक कैपिटल फ्रेमवर्क (ECF):**

- ECF एक **संरचित प्रक्रिया** है जिसे **RBI** ने अपनाया है ताकि वह यह निर्धारित कर सके कि **कितना जोखिम प्रावधान और कितना अधिशेष (लाभ)** सरकार को हस्तांतरित किया जा सकता है, जैसा कि **RBI अधिनियम, 1934 की धारा 47** में उल्लेखित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी सिफारिश **पूर्व RBI गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में गठित समिति (2018)** द्वारा की गई थी और इसे वर्ष **2019 में औपचारिक रूप से लागू** किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसका उद्देश्य मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के लिये पर्याप्त वित्तीय बफर बनाए रखने तथा विवेकपूर्ण अधिशेष वितरण सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बनाना है।
- यह RBI को मुद्रा अस्थिरता और आर्थिक संकट जैसे अप्रत्याशित आघातों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा के रूप में **आकस्मिक जोखिम बफर (CRB) बनाए रखने में सक्षम बनाता है। अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- CRB, **RBI की बैलेंस शीट का 5.5% से 6.5% का वित्तीय सुरक्षा जाल है,** जो संकट के समय अंतिम उपाय के रूप में ऋणदाता के रूप में कार्य करने की इसकी स्थिरता और क्षमता सुनिश्चित करता है।

170.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS):**

- यह पृथ्वी की कक्षा में स्थित एक विशाल बहुराष्ट्रीय अंतरिक्ष यान है, जहाँ **15 देश मिलकर वैज्ञानिक, शैक्षिक** और **तकनीकी प्रयोगों** में सहयोग करते हैं। ये प्रयोग ISS के राष्ट्रीय प्रयोगशाला खंड में पृथ्वी के लाभ और गहन अंतरिक्ष अन्वेषण को समर्थन देने के लिये किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लगभग 17,500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी की परिक्रमा करता है और हर 90 मिनट में एक पूर्ण चक्कर पूरा करता है, जिससे ISS पर मौजूद अंतरिक्ष यात्री प्रतिदिन **16 बार सूर्योदय** और **सूर्यास्त** देख सकते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अंतरिक्ष यात्री और कॉस्मोनॉट (cosmonauts) अंतरिक्ष स्टेशन से संबंधित कार्यों के लिये स्पेसवॉक करते हैं और माइक्रोग्रैविटी में मांसपेशियों तथा हड्डियों की क्षति को रोकने के लिये प्रतिदिन दो घंटे व्यायाम करते हैं।

171.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**Axiom-4 मिशन:**

- यह एक निजी अंतरिक्ष यान है, जिसे Axiom स्पेस द्वारा स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान का उपयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) तक संचालित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य अंतरिक्ष पर्यटन जैसी व्यावसायिक गतिविधियों को सक्षम बनाना और व्यवसाय एवं अनुसंधान के लिये लो अर्थ ऑर्बिट में अंतरिक्ष स्टेशनों की व्यवहार्यता को प्रदर्शित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस मिशन में भारत सहित विभिन्न देशों के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो अंतरिक्ष अन्वेषण में वैश्विक सहयोग को रेखांकित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों को सुदृढ़ करना और अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति में संयुक्त प्रयासों को बढ़ावा देना है।
- यह मिशन माइक्रोग्रैविटी में वैज्ञानिक प्रयोगों और तकनीकी नवाचारों का समर्थन करता है।
- अनुसंधान के क्षेत्र में सामग्री विज्ञान, जीवविज्ञान और पृथ्वी अवलोकन शामिल हैं, जो महत्त्वपूर्ण खोजों की संभावना प्रदान करते हैं।

172.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपातकाल:**

- जब भारत या उसके किसी भाग की सुरक्षा को युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से खतरा हो, तो राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 352 के तहत इसकी घोषणा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 44वें **संशोधन अधिनियम, 1978 के** अनुसार राष्ट्रीय आपातकाल को एक महीने के भीतर दोनों सदनों द्वारा विशेष बहुमत से अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यदि घोषणा के समय लोकसभा भंग हो जाती है, तो राज्यसभा का अनुमोदन वैध रहता है, लेकिन पुनर्गठित लोकसभा को अपनी पहली बैठक के 30 दिनों के भीतर इसे अनुमोदित करना होगा।
  - यह 6 महीने तक जारी रहता है, और हर 6 महीने (44वाँ संशोधन अधिनियम 1978) पर संसद की मंज़ूरी से इसे अनिश्चित काल तक बढ़ाया जा सकता है।
- इसे राष्ट्रपति द्वारा संसद की मंज़ूरी के बिना कभी भी रद्द किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

173.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन):**

- इसे 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसका उद्देश्य व्यापक विकास हस्तक्षेप प्रदान करके **विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTGs)** की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बढ़ाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनजातीय कार्य मंत्रालय 9-लाइन मंत्रालयों/विभागों और संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से योजना के कार्यान्वयन के लिये ज़िम्मेदार **नोडल मंत्रालय** है। **अत: कथन 3 सही है।**

174.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गुआम:**

- गुआम द्वीप मारियाना द्वीपसमूह का **सबसे बड़ा और सबसे दक्षिणी द्वीप** है, जो गुआम से उत्तर की ओर फैला हुआ है और उत्तरी मारियाना द्वीपों के कॉमनवेल्थ (Commonwealth of the Northern Mariana Islands) का हिस्सा बनाता है।
- **गुआम द्वीप के अधिकांश भाग के चारों ओर प्रवाल भित्ति (कोरल रीफ) पाई जाती हैं,** सिवाय उन क्षेत्रों के जहाँ खाड़ियाँ मौजूद हैं, जो छोटी नदियों और जलधाराओं तक पहुँच प्रदान करती हैं, जो पहाड़ियों से प्रशांत महासागर और फिलीपीन सागर में बहती हैं।
- गुआम मारियाना ट्रेंच, जो कि महासागर का सबसे गहरा स्थान है, **के सबसे निकट स्थित भूमि क्षेत्र है।**
- पश्चिमी उत्तर प्रशांत महासागर में अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण, अमेरिका ने यहाँ लंबे समय से सैन्य अड्डे बनाए हुए हैं। **अत: विकल्प A सही है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

175.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रस्तावना:**

- **प्रस्तावना की शुरुआत "हम, भारत के लोग..."** शब्दों से होती है , जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि संविधान भारत के नागरिकों से अपना अधिकार प्राप्त करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह लोकप्रिय संप्रभुता के सिद्धांत को प्रतिबिंबित करता है, जिसका अर्थ है कि जनता ही शक्ति का अंतिम स्रोत है।
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान की प्रस्तावना से प्रेरित थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **केशवानंद भारती मामले** ( 1973 ) में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि **प्रस्तावना संविधान का एक हिस्सा है।** हालाँकि यह **कानूनी रूप से लागू करने योग्य नहीं** है, जिसका अर्थ है कि प्रस्तावना में बताए गए आदर्शों को लागू करने के लिये कोई सीधे अदालत का दरवाजा नहीं खटखटा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यह संविधान और कानूनों की व्याख्या के लिये एक मार्गदर्शक दर्शन के रूप में कार्य करता है।

176.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि ( IWT ):**

- सिंधु जल संधि एक **स्थायी समझौता है** जिसमें **कोई निकास खंड नहीं है,** भारत और पाकिस्तान द्वारा किसी भी संशोधन या संशोधन के लिये **आपसी सहमति की आवश्यकता** नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सिंधु जल संधि के तहत, पाकिस्तान को **पश्चिमी नदियों - सिंधु, चिनाब और झेलम का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति दी गई थी, जबकि भारत को पूर्वी नदियों - रावी, ब्यास तथा सतलुज** का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

177.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रवींद्रनाथ ठाकुर:**

- वर्ष 1913 में, **रवींद्रनाथ ठाकुर** ने **साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले गैर-यूरोपीय** व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा। **अत: कथन 1 सही है।**
  - उन्हें **गीतांजलि** नामक **कविता संग्रह के लिये साहित्य** में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- वर्ष 1915 में, **ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम** द्वारा उन्हें नाइटहुड की उपाधि दी गई थी। वर्ष 1919 में **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** के बाद उन्होंने यह उपाधि त्याग दी। **अत: कथन 2 सही है।**

178.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग:**

- वित्त आयोग एक **अस्थायी संवैधानिक निकाय** है, जिसे प्रत्येक पाँच वर्ष में या इससे पहले राष्ट्रपति द्वारा संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण पर सुझाव देने हेतु गठित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वित्त आयोग की **सिफारिशें परामर्शात्मक होती हैं, न कि केंद्र सरकार पर बाध्यकारी। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - हालाँकि, इन सिफारिशों को सामान्यत: कुछ छोटे संशोधनों या विचलनों के साथ स्वीकार कर लिया जाता है।
- **संसद** ने **वित्त आयोग अधिनियम, 1951** पारित किया है, जो इसके सदस्यों की अर्हताओं को निर्धारित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

179.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दारा शिकोह ( 1615-1659 ):**

- दारा शिकोह ( 1615-1659 ) **मुगल सम्राट शाहजहाँ का सबसे बड़ा पुत्र और उत्तराधिकारी** था। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- वह अपने बौद्धिक योगदानों और हिंदू धर्म तथा इस्लाम के बीच सेतु स्थापित करने के प्रयासों के लिये प्रसिद्ध था।

- पच्चीस वर्ष की आयु में दारा शिकोह ने **'सफीनतुल औलिया'** नामक ग्रंथ की रचना की, जिसमें पैगंबर मुहम्मद, उनके परिवार, खलीफाओं तथा भारत में प्रचलित पाँच प्रमुख सूफी सिलसिलों के संतों के जीवन का विवरण है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कादिरी सूफी सिलसिले से दारा का गहरा जुड़ाव था, जिसमें मुल्ला शाह ने उसकी आध्यात्मिक यात्रा का मार्गदर्शन किया।
  - एक समर्पित शिष्य के रूप में उसने लाहौर में मुल्ला शाह और मियाँ मीर की आध्यात्मिक शिक्षाओं के सम्मान में उनकी दरगाहों का निर्माण कराया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

180.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**परमाणु अप्रसार संधि (NPT):**

- **NPT** एकमात्र बाध्यकारी बहुपक्षीय संधि है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्रों (NWS) द्वारा परमाणु निरस्त्रीकरण और शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका **लक्ष्य परमाणु हथियारों और हथियार प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकना**, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग को बढ़ावा देना तथा परमाणु निरस्त्रीकरण प्राप्त करना है।
- अंतर्राष्ट्रीय **परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)** परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के अनुपालन की निगरानी के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं**, क्योंकि उसका मानना है कि यह संधि पक्षपाती है—यह केवल पाँच देशों (अमेरिका, रूस, चीन, फ्राँस और ब्रिटेन) को परमाणु हथियार रखने की अनुमति देती है, जबकि अन्य को इससे वंचित करती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - भारत **वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण** के लिये एक **अधिक न्यायसंगत ढाँचे** का समर्थन करता है।

181.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शंघाई सहयोग संगठन (SCO):**

- **SCO वर्ष 2001 में कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, उज़्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान** द्वारा स्थापित एक अंतर-सरकारी राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा गठबंधन है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका पहला शिखर सम्मेलन शंघाई, चीन में आयोजित हुआ था।
- SCO चीन और रूस की भाषाओं को अपनी आधिकारिक एवं कार्य भाषाओं के रूप में मान्यता देता है। अतः कथन 2 सही है।
- **SCO** में शामिल होने वाला नवीनतम सदस्य **बेलारूस है, जो जुलाई 2024** में पूर्ण सदस्य बन गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

182.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क (SDSN):**

- यह एक वैश्विक नेटवर्क है जिसकी स्थापना **वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र (UN)** द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर **सतत् विकास लक्ष्यों (SDG)** को प्राप्त करने के लिये व्यावहारिक समाधान को बढ़ावा देना है।
- **UN-SDSN द्वारा जारी 10वीं सतत् विकास रिपोर्ट (SDR) 2025** के अनुसार, भारत को **SDG सूचकांक में 99वाँ स्थान** प्राप्त हुआ है, जो कि 167 देशों में से पहली बार शीर्ष 100 में शामिल होने का संकेत है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME